CMYK

सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-316 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, रविवार, 28 अप्रैल 2024
18 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### महाराष्ट्र के कोल्हापुर में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# सरकार बनाओ, नोट कमाओ: मोदी

**गठबंधन पर वार**

- लोकसभा चुनाव में एनडीए 2-0 से आगे
- कांग्रेस देशविरोधी और नफरत की राजनीति करती है
- पांच साल में पांच प्रधानमंत्री के फार्मूले पर विचार कर रहा



> पीएम मोदी ने कहा कि दो चरण के चुनाव संपन्न होने के साथ ही कांग्रेस और आइएनडीआइए गठबंधन दो सेल्फ गोल कर चुके हैं, और भाजपा एवं राजग दो गोल से आगे हो गए हैं। मोदी ने कहा कि कोल्हापुर महाराष्ट्र का फुटबाल हब भी है। यहां के युवाओं को फुटबाल प्रिय है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो दो चरण के चुनावों में कांग्रेस और आइएनडीआइए देशविरोधी एवं नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर चुके हैं। अब तीसरे चरण में गोल दागने की जिम्मेदारी कोल्हापुरवासियों की है। अब वह कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस लाने एवं सीएए खत्म करने की बात करने लगे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या किसी में हिम्मत है कि मोदी द्वारा लिए गए इन निर्णयों को पलट सके।

**कोल्हापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए सनातन का अपमान करने वालों को सम्मानित कर रहा है। उन्होंने कहा कि द्रमुक नेताओं ने सनातन को डेंगू और मलेरिया बताया था, लेकिन इंडी गठबंधन उन्हें महाराष्ट्र आमंत्रित करता है और सम्मानित करता है। बताते चलें, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र और राज्य के मंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए इसे खत्म करने की बात कही थी। स्टालिन की पार्टी द्रमुक विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है। पहले और दूसरे चरण में हुए एकतरफा मतदान से साफ है कि केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा-राजग की मजबूत सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री ने राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि अयोध्या का अंसारी परिवार राम जन्मभूमि के विरोध में लंबे समय तक मुकदमा लड़ता रहा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद वह अंसारी भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए, लेकिन कांग्रेस के लोग राम मंदिर के ट्रस्टियों द्वारा घर जाकर निमंत्रण देने के बावजूद प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए। सवाल किया कि जो इस प्रकार भगवान राम को ठुकराएगा, उसका आप क्या करेंगे? महाराष्ट्र में ओबीसी समाज लंबे समय से भाजपा का मतदाता रहा है।

# अग्निवीर को हम कभी स्वीकार नहीं करेंगे : अखिलेश यादव

**रोड शो**

- भाजपा पहले जुमले लेकर आई थी, अब 10 साल की बड़ी गारंटी का झांसा दे रही : अखिलेश यादव



**औरैया।** कन्नौज से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को याकूबपुर से लेकर बेला क्षेत्र में रोड शो निकाला। रथ पर चढ़कर वह याकूबपुर से लेकर बेला तक आठ प्वाइंटों पर जमा हुई भीड़ को संबोधित करने के लिए रुके। इस दौरान उन्होंने भीड़ को पहले मजाकिया अंदाज में ऊर्जावान किया। इसके बाद भाजपा पर निशाना साधते हुए नीतियों को लेकर कटाक्ष किए। याकूबपुर में रोड शो के दौरान रथ पर चढ़कर जैसे ही अखिलेश मौजूद भीड़ को संबोधित करते इससे पहले ही कार्यकर्ताओं ने फूलों की बारिश शुरू कर दी। स्वागत में कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाने शुरू कर दिए। इसी दौरान अखिलेश यादव ने हंसते हुए लोगों का अभिवादन किया। नगाड़े ढोल बजा रहे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एए... भाजपा की विदाई का ड्रम बाद में बजाना। इनाम देंगे चुनाव के बाद। ये नगाड़े भाजपा की विदाई में बजने हैं। अग्निवीर को हम कभी स्वीकार नहीं करेंगे। गांव का युवा नौकरी पाकर अपना जीवन स्तर सुधारता, इससे भाजपा को परहेज है। 14 में जो आए थे उन्हें 24 में जाना होगा। यह कहते हुए रथ में बैठकर वह आगे की ओर निकल गए। इस बीच काफी संख्या में लोग अखिलेश यादव को सुनने के लिए जमा रहे।

# सीडीएस परीक्षा में महिलाओं को शामिल करने पर आठ सप्ताह में निर्णय ले केंद्र

**फैसला**

- दिल्ली हाईकोर्ट की पीठ ने सुनाया आदेश




**नई दिल्ली।** संयुक्त रक्षा सेवाओं (सीडीएस) के माध्यम से भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और वायुसेना अकादमी (एएफए) में महिलाओं के प्रवेश की मांग पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को आठ सप्ताह में निर्णय लेने के लिए कहा है।

अदालत ने कुश कालरा की एक याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिन्होंने यूपीएससी द्वारा भर्ती आवेदन के लिए जारी दिसंबर 2023 की अधिसूचना को चुनौती दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएम अरोड़ा की बेंच ने संज्ञान लिया कि याचिका अब तक संबंधित अधिकारियों के पास पेंडिंग है। पीठ ने कहा कि हम केंद्र को आदेश दे रहे हैं कि वे आठ सप्ताह में कानून के तहत महिलाओं के शामिल होने पर कोई निर्णय लें और इसी आदेश के साथ हम याचिका का निपटारा करते हैं। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा कि अधिसूचना में उन्हें सिर्फ लिंग के आधार पर आईएमए, आईएनए और आईएफए के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा से बाहर रखा गया। महिलाओं को सिर्फ ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए अप्लाई करने की अनुमति दी गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि जब रक्षा मंत्रालय एनडीए में महिलाओं को शामिल कर रहा है। सेना में हर साल महिलाओं की गिनती बढ़ रही है तो महिलाओं को सीडीएस परीक्षा में शामिल न करने का कोई कारण नहीं बनता। उन्होंने कहा कि योग्य महिला उम्मीदवारों को प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर न देना समानता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

# सपा की सहानुभूति माफिया के साथ : योगी

### मुख्यमंत्री ने फिरोजाबाद में चुनावी जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस व सपा पर साधा जमकर निशाना

- काशी और अयोध्या के बाद अब हम मथुरा की ओर बढ़ चले हैं
- परिवारवाद के नाम पर जाति को बदनाम करती है सपा
- बेकार में चुनाव लड़ रही है सपा, युद्ध से पहले ही मान चुके हैं हार
- कांग्रेस राज में चट्टे-बट्टे डकार जाते थे गरीबों का राशन



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए कहा है कि राम और कृष्ण की धरती पर ये लोग गोकशी की छूट देना चाहते हैं।

फिरोजाबाद लोकसभा सीट के लिए बीजेपी प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने यहां जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब वे मथुरा की ओर बढ़ चले हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' वाले लोगों को लगता है कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है, वहीं कांग्रेस राज में उनके चट्टे-बट्टे गरीबों का राशन भी डकार जाते थे। हम काशी और अयोध्या के बाद मथुरा की ओर बढ़ चले हैं। उन्होंने सपा को टार्गेट करते हुए कहा कि क्या उन लोगों ने कभी ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए कभी कुछ किया है। उन्हें यादवों में भी केवल अपने परिवार के लोगों को लाभ पहुंचाया है। इन लोगों ने अपने परिवार के बाहर कुछ सोचा ही नहीं और परिवारवाद के नाम पर जाति को बदनाम करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि इनकी सहानुभूति गरीबों के साथ न होकर माफिया के साथ है। माफिया के लिए ये लोग फातिहा पढ़ते हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी और माफिया गठजोड़ पर सवाल उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा पोषित माफिया विधायक कृष्णानंद राय, कई पुलिसकर्मी, कई भाजपा नेता के साथ ही सपा के विधायक राजू पाल और अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या करते हैं, मगर समाजवादी पार्टी को कोई सहानुभूति नहीं, इनकी सहानुभूति केवल माफिया के साथ रहती है। जब माफिया अपनी मौत मर रहा है और अपने कृत्यों की सजा पा रहा है, तो ये लोग फातिहा पढ़ने उसके घर जा रहे हैं। जनता को इन्हें पांच साल और फातिहा पढ़ने के लिए छोड़ देना चाहिए। सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग बेकार में चुनाव लड़ रहे हैं। क्योंकि देश में सरकार बनाने के लिए 273 सीटें चाहिए और ये केवल 63 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। सपा और कांग्रेस अखाड़े में आने से पहले ही युद्ध हार चुके हैं। अब ये पलायन का रास्ता ढूंढ रहे हैं। पिछली सरकारों के दौरान प्रदेश में हुए आतंकी बम धमकों को याद करते हुए कहा कि जिन आतंकियों ने अयोध्या में राम मंदिर, वाराणसी में संकट मोचन मंदिर, विभिन्न न्यायालयों और रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था, सपा सरकार ने उन मुकदमों को वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था।

# भाजपा ने वकील उज्ज्वल निकम को मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से दिया टिकट



- आतंकी कसाब को फांसी दिलाने वाले वकील है उज्जवल निकम
- वर्षा गायकवाड़ से होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने अपनी एक और लिस्ट जारी कर दी है। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने महाराष्ट्र के उत्तर मध्य मुंबई सीट से उज्जवल देवराव निकम को अपना उम्मीदवार बनाया है। उज्जवल देवराव निकम 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मामले में विशेष लोक अभियोजक हैं। इस सीट से भाजपा की पूनम महाजन मौजूदा सांसद हैं। वह दो बार की सांसद हैं। पूनम महाजन भाजपा के दिग्गज नेता रहे दिवंगत प्रमोद महाजन की बेटी हैं। उज्जवल निकम 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोटों और 26/11 हमलों के बाद पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब के मुकदमे जैसे कई हाई प्रोफाइल मामलों में विशेष लोक अभियोजक रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस की मुंबई इकाई प्रमुख और धारावी से विधायक वर्षा गायकवाड़ से होगा। बीजेपी की ओर से जारी की गई लिस्ट की बात करें तो ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 8 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है।

# पीएम जनता को दुर्बल बनाना चाहते हैं: प्रियंका

**साधा निशाना**



- भाजपा नेता करते हैं संविधान बदलने की बात
- महंगाई, बेरोजगारी पर नहीं करते कोई बात

**वलसाड।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने गुजरात के वलसाड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा के कई मंत्री, उम्मीदवार और नेता कह रहे हैं कि वो संविधान बदलना चाहते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मंच पर आकर कहते हैं कि ऐसी कोई बात नहीं है। पीएम मोदी के 10 साल के शासन को देखिए, वो जो करने जा रहे हैं वो अपने एक दो नेताओं से ऐसा कुछ कहलाते हैं फिर खुद नकारते हैं और सत्ता आने के बाद वहीं करते हैं. संविधान बदलने का क्या मतलब है? ये लोकतंत्र को और भी दुर्बल बनाना चाहते हैं। देश की जनता को दुर्बल बनाना चाहते हैं। 10 साल में उन्होंने जनता के अधिकार को मजबूत करने के लिए कोई काम नहीं किया। सिर्फ कमजोर किया है 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है हमारे परिवार को गालियां दीं प्रियंका गांधी ने कहा, ये देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो मंच पर आकर जनता से झूठ बोलते हैं. जिनके दिल में इतनी भी भावना नहीं है कि जनता के सामने बोल रहा हूं. मेरी जुबान से सच निकले, उन्होंने हमारे परिवार को कितनी गालियां दीं. किसी को नहीं छोड़ा मां को नहीं छोड़ा, पिता को नहीं छोड़ा, दादा को नहीं छोड़ा, दादी को नहीं छोड़ा भाई को नहीं छोड़ा, पति को नहीं छोड़ा दरअसल, उत्तर प्रदेश के फैजाबाद से सांसद और बीजेपी उम्मीदवार लल्लू सिंह ने विवादित बयान दिया था।

### अमेठी का सस्पेंस : पार्टी ऑफिस पहुंची राहुल टीम की गाड़ियां

**अमेठी।** अमेठी का सियासी रण दिलचस्प होता जा रहा है। शनिवार को गौरीगंज स्थित कांग्रेस भवन में तीन वाहनों के पहुंचने से सियासत गर्मा गई है। दरअसल, इसमें से एक वाहन राहुल गांधी के पूर्व निजी सचिव व एक प्रियंका के करीबी का बताया जा रहा है। जबकि एक जीप अमेठी की थी। वर्ष 2019 में राहुल गांधी के चुनाव हारने के बाद यह वाहन वापस दिल्ली बुला लिए गए थे। शनिवार को एक बार फिर

**पदाधिकारियों में हलचल तेज, निगाहें दिल्ली पर**

इनकी आमद से राजनीतिक हल्कों में तरह-तरह की चर्चा है। हैरानी की बात तो यह है कि कांग्रेस को कोई भी पदाधिकारी यह बताने को तैयार नहीं है कि इन गाड़ियों से कौन आया है। आने वाले लोग कहां है। जबकि सियासी गलियारे में अलग-अलग चर्चा चल रही है। एक पदाधिकारी ने दबी जुबान से सिर्फ यह बताया कि वाहन आ गए हैं, टीम भी आ जाएगी। कांग्रेस भवन में देर शाम तक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र, मीडिया प्रभारी अनिल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता डटे रहे। हालांकि इन वाहनों से कौन आया है, इसको लेकर कोई नहीं बोल रहा है। बस सिर्फ इतना कह रहे हैं कि इंतजार करिए, सब बताएंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल कहते हैं कि हम भी इंतजार ही कर रहे हैं।

# 2019 की जीत का रिकॉर्ड तोड़ना है : अनुप्रिया पटेल

**अपील**

- कार्यकर्ताओं को दिया जीत को ऐतिहासिक बनाने का मंत्र



**वाराणसी।** वाराणसी जिले के मेंहदीगंज स्थित एक लॉन में शनिवार को अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कहा कि वाराणसी में नरेंद्र मोदी की जीत तय है। मगर हमें उस जीत को ऐतिहासिक बनाना है। इसलिए सभी कार्यकर्ता गठबंधन धर्म निभाएं और प्रधानमंत्री को एतिहासिक जीत दिलाने के लिए जुट जाएं। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि याद रखें प्रधानमंत्री की 2014, 2019 की जीत का रिकॉर्ड तोड़ना है। कहा कि अपना दल एनडीए का घटक दल है। मैं हमेशा ही समाज के निचले तबके तक के व्यक्ति की आवाज उठाती रही हूं। प्रधानमंत्री भी इनकी समस्याओं के निराकरण के लिए चिंतन कर निराकरण करते हैं। कहा कि मुझे पता है डॉ. सोनेलाल पटेल के सच्चे सिपाही गर्मी की परवाह नहीं करते हैं। घर-घर जाइए मतदाताओं वोट करने के लिए प्रेरित करिए। अनुप्रिया पटेल ने अपील की, कि मतदान के दिन कमल निशान के सामने वाला बटन दबाएं।

**प्रचार** — मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने किया रोड शो

# तानाशाही के खिलाफ वोट करें : सुनीता केजरीवाल

**उम्मीदवार**

- सड़कों पर लगे केजरीवाल के पोस्टर
- 25 मई को वोटिंग का दिन है
- भाजपा ने हार के डर के कारण कार्रवाई की




> आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद केंद्र सरकार ने ईडी की मदद से मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा ने चुनाव में हार के डर के कारण ये कार्रवाई की। भाजपा नहीं चाहती थी कि केजरीवाल चुनावी मैदान में उतरें, लेकिन मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद भाजपा को नुकसान हुआ है। दिल्ली-पंजाब के साथ दूसरे हिस्सों में जनता मुख्यमंत्री के समर्थन में आई है। रोड शो के दौरान सुनीता के साथ स्थानीय विधायक भी प्रचार करेंगे। रोड शो जिस विधानसभा क्षेत्र से निकलेगा, उसमें स्थानीय विधायक सहित अन्य नेता शामिल होंगे।

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनेता प्रचार के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। दिल्ली में भी प्रचार जोरों पर है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली में मेगा रोड शो निकाला। जिसके बाद उनकी राजनीति में एंट्री हो गई है। यह उनका पहला रोड शो है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली से आप के लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में कोंडली इलाके में रोड शो किया। मिली जानकारी के मुताबिक, कोंडली इलाके में रोड शो से पहले आई लव केजरीवाल और जेल का जवाब वोट से के पोस्टर लगाए गए हैं। सुनीता केजरीवाल ने रोड शो के दौरान कहा कि ये देश तानाशाही की ओर जा रहा है। इस देश को बचा लीजिए। 25 मई को वोटिंग का दिन है। आप लोग वोट देने जाएंगे। उस दिन तानाशाही के खिलाफ वोट दें। जय हिंद.. उन्होंने जेल का जवाब वोट से का नारा भी लगाया। मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि वे पहली बार आप के चुनावी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही हैं। अभी तक ऐसे कार्यक्रम के प्रमुख मुख्यमंत्री केजरीवाल हुआ करते थे। उनके जेल जाने के बाद इस कमी को दूर करने के लिए सुनीता चुनावी मैदान में हैं।

सुनीता केजरीवाल के रोड शो से पहले दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज से शुरुआत हो रही है। हम लोग रोड शो के जरिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मैसेज जनता तक पहुंचाएंगे। रविवार को पश्चिमी दिल्ली में जनता से केजरीवाल के लिए समर्थन मांगेगी। वे दिल्ली के अलावा पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी आप प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगी। मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली में भाजपा के लिए अलग माहौल बन गया है। लोग पूछ रहे हैं कि मुख्यमंत्री को क्यों गिरफ्तार किया गया। हर कोई इस गिरफ्तारी के खिलाफ है। दिल्ली-पंजाब की जनता केजरीवाल के साथ खड़ी है।

# बाहुबली धनंजय सिंह को हाईकोर्ट ने दी जमानत

**जुर्माना**

- बरकरार रहेगी सात साल की सजा
- नहीं लड़ सकेंगे चुनाव



**प्रयागराज।** पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है। हालांकि हाईकोर्ट ने सात साल की सजा को बरकरार रखा है। वो अभी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी। साथ ही सजा को रद्द करने की मांग कोर्ट ने खारिज कर दी है। ऐसे में वह अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दी है। आपको बता दें कि वादी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत दो के खिलाफ अपहरण और रंगदारी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इस मामले में वो तीन माह जिला कारागार में बंद रहे। इसके बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत हुई। मामले में पुलिस ने विवेचना करके तीन माह के अंदर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दो अप्रैल 2022 को धनंजय और सहयोगी पर आरोप तय किए थे। इसके बाद 130 तारीखों की सुनवाई के बाद पांच मार्च 2023 को धनंजय समेत दो को दोषी पाया गया। इसके बाद छह मार्च 2024 को सात साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। गौरतलब है कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ पिछले महीने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर जेल से रिहा किए जाने की मांग की थी।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, बहन की मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** नागल थाना क्षेत्रान्तर्गत सीडकी लाखनौर मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में कार सवार भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया चिकित्सकों ने बहन को मृत घोषित कर दिया।

उत्तराखंड के थाना झबरेड़ा के गांव झबरेडी निवासी अमन पुत्र ओमवीर अपनी बहन आरजू उम्र करीब 22 वर्ष के साथ अपनी कार से किसी काम के लिए सहारनपुर जा रहा था समय करीब दोपहर 1:30 बजे जब वह सीडकी लाखनौर मार्ग पर गांव सिद्पुरा के निकट पहुंचा तो उसकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में उसकी बहन की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि घटना में दोनों बहन भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे उपचार के दौरान बहन आरजू की मौत हो गई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।

## ट्रक ने रथ घोड़ा बग्गी को मारी टक्कर, घोड़े समेत तीन घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** अम्बाला रोड पर रथ घोड़ा बग्गी को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफकानूनी कार्रवाई कर पीड़ित ने मुआवजे की मांग करते हुए थाना कुतुबशेर पुलिस को एक शिकायती पत्र सौंपा।

पुल जोगियान बोमनजी रोड समादार निवासी परवेज पुत्र गफ्फार ने थाना कुतुबशेर पुलिस को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि 25 अप्रैल को रात्रि लगभग साढ़े बारह बजे एक शादी समारोह से वह वापस अपनी घोड़ा बग्गी के साथ लौट रहा था जिसमें इशांक पुत्र भूरा निवासी बेहट अड्डा, टिंकू पुत्र छत्रपाल निवासी संतागढ़ बैठे हुए थे और दूल्हे को बैठाने की प्रतीक्षा की जा रही थी तभी पीछे से आए एक अज्ञात ट्रक ने नशे की हालत में उनकी घोड़ा बग्गी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी घोड़ा बग्गी क्षतिग्रस्त हो गई तथा इशांक व टिंकू गम्भीर चोट आई और घोड़े की भी टांग टूट गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना उसका तीन लाख रूपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि मामले की जांच कराकर आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उसके हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जाए।



■ पीड़ित ने कार्रवाई की मांग को पुलिस को दिया ज्ञापन

## पोक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को दबोचा

**सहारनपुर।** थाना फ्तेहपुर पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। एसएसपी के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण एवं वांछित व वारन्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना पर थाना फ्तेहपुर पुलिस टीम द्वारा आज पोक्सो अधिनियम के वांछित अभियुक्त बादल पुत्र बिल्लू निवासी ग्राम बडगाँव थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर को छुटमलपुर कट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



# ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटवाने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत पानी की के निर्माण के लिए ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटवाना ग्राम प्रधान को महंगा पड़ गया। दबंग कब्जाधारियो ने ग्राम प्रधान पति व उनके परिवार पर हमला कर दिया। दोनो ओर से जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। विवाद में दोनो पक्षों के दर्जनभर लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। झगड़े का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले को लेकर कार्यवाही में जुट गई है।

कोतवाली बेहट इलाके के गांव नहर मलकपुर में दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ा कि दोनो पक्षों के लोग आमने सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। झगड़े में एक पक्ष के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आसिफ पुत्र शौकत, शाकिब पुत्र जहीर, एहतशाम पुत्र शौकत अली, अब्दुल्ला पुत्र जहीर, तालिब पुत्र इलियास, दानिश पुत्र तालिब तथा दूसरे पक्ष के आजम पुत्र मेहरबान, शादाब पुत्र जुल्फान सहित कई अन्य सहित दर्जन भर लोग घायल हो गए। विवाद की खबर लगते ही कोतवाली बेहट पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को तितर बितर करते हुए घायलों को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया। बताया जाता हैं कि कुछ लोगो ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा किया हुआ था। प्रशासनिक टीम ने उक्त जमीन से कब्जा हटवा दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आसिफ ने बताया कि उनके गांव में वाटर टैंक का निर्माण होना है जिसके लिए गांव में स्थित ग्राम समाज की जमीन को प्रशासन द्वारा कब्जामुक्त कराया गया था।

लेकिन जिन लोगो का कब्जा हटाया गया वे ग्राम प्रधान व उसके परिवार से रंजिश रखने लगे। और इसी बात को लेकर विवाद हुआ है। प्रधान पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। झगड़े का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच और कार्यवाही में जुट गई है।



■ दर्जन भर लोग घायल, वीडियो वायरल

# धूप की आंख मिचौली व काले बादलों से गर्मी हुयी कम



**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** धूप की आंख मिचौली व हल्की बूंदाबांदी ने आज मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल डाला। कभी गर्मी से घुटन तो कभी ठंडी हवाओं के साथ गर्मी में राहत का अहसास भी हुआ। कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई जिससे आम व गेहूं की फ्सल को नुकसान होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार विगत रात्रि से रूक-रूककर हो रही हल्कू बूंदाबांदी व धूप की आंखमिचौली से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली लेकिन हल्की बूंदाबांदी ने एक बार तो घुटन का एहसास भी करा दिया। कभी धूप कभी छांव के चलते मौसम में घुटन का माहौल भी बना रहा। हालांकि शाम होते ही फ्रि काले बादल छा गए थे और समय से पूर्व अंधेरा भी हो गया था। सुबह से मौसम की इस आंखमिचौली से लोगों ने गर्मी से राहत को अवश्य महसूस की लेकिन घुटना के कारण बेहाल भी नजर आए। हल्की बूंदाबांदी व छाए काले बादलों ने एक बार फ्रि मौसम में ठंडक ला दी। उधर विगत रात से कई स्थानों पर हुई बारिश व ओलावृष्टि के चलते आम की फ्सल के साथ गेहूं की फ्सल को भी नुकसान होने की संभावना है। इस कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीर देखी गई।

## धमाके के साथ आग का गोला बना ट्रांसफार्मर, बड़ा हादसा टला

**गोंडा।** गोंडा शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके महराजगंज तिराहे पर रखे सचल ट्रांसफार्मर में शनिवार की सुबह ओवरलोडिंग के चलने अचानक आग लग गई। आग स्पार्किंग होने से लगी। देखते ही देखते ट्रॉली-ट्रांसफार्मर कुछ ही पल में आग का गोला बन गया। आग की लपटें देखकर भीड़ लग गई।

आग की सूचना पर चौकी प्रभारी महराजगंज ने पहुंचकर सबसे पहले बिजली सप्लाई कटवाई और दलकलकर्मियों को सूचना दी। आग की सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। गोंडा शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके महराजगंज तिराहे पर रखे सचल ट्रांसफार्मर में शनिवार की सुबह ओवरलोडिंग के चलने अचानक आग लग गई। आग स्पार्किंग होने से लगी। देखते ही देखते ट्रॉली-ट्रांसफार्मर कुछ ही पल में आग का गोला बन गया। आग की लपटें देखकर भीड़ लग गई।

# अनियमितता के आरोप में ग्राम पंचायत फिराहेडी और देहरी के ग्राम प्रधानों को कारण बताओ नोटिस जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने ग्राम पंचायतों फ्रिाहेडी और देहरी के ग्राम प्रधानों को अनियमितता के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

अनियमितता के आरोप में फ्रिाहेडी के ग्राम प्रधान जीशान और देहरी की प्रधान श्रीमती रेणु को नोटिस जारी किया गया है। जारी कारण बताओ नोटिस में जांच समिति की जांच आख्या संलग्न करते हुए पंचायत राज एक्ट की धारा 95(1)(छः) के अन्तर्गत निर्देशित किया गया है कि उक्त के सम्बन्ध में 15 दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण (साक्ष्यों सहित) प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समयान्तर्गत सन्तोषजनक स्पष्टीकरण व उत्तर प्रस्तुत नही किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध पंचायत राज एक्ट की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए सम्बन्धित ग्राम प्रधान उत्तरदायी होगें।

■ 15 दिन में देना होगा स्पष्टीकरण, समयान्तर्गत जवाब न देने पर होगी नियमानुसार कार्रवाई

पूजा देवी पत्नी पुनीत कुमार निवासी फ्रिाहेडी विकास खण्ड बलियाखेडी द्वारा ग्राम प्रधान जीशान के खिलाफ शिकायती पत्र दिया गया था। जिसमें स्कूल बैंच क्रय एवं सीसी निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायता की गई थी। जिसकी जांच जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहारनपुर एवं अभियन्ता जिला पंचायत, सहारनपुर से संयुक्त रूप से करायी गयी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहारनपुर व जांच अधिकारी द्वारा अपने पत्र संख्या द्वारा संयुक्त जांच आख्या प्रस्तुत की गयी। जांच समिति की प्रारम्भिक जांच में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सिद्ध पाये गये है। अमित कुमार, विकास कुमार, रणवीर सिंह, कुलबीर सिंह एवं जसबीर आदि निवासी ग्राम देहरी परगना व तहसील रामपुर मनिहारान द्वारा ग्राम प्रधान देहरी श्रीमती रेणु के विरूद्ध शिकायत की गई थी। जिसमें सी.सी. निर्माण कार्य में अनियमित्ता की शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी द्वारा शिकायती पत्र की जांच 3 सदस्यीय अधिकारियों की जांच समिति (उपजिलाधिकारी रामपुर मनिहारान, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहारनपुर एवं सहायक अभियन्ता, आरईएस सहारनपुर) से संयुक्त रूप से करायी गयी।

उपजिलाधिकारी रामपुर मनिहारान द्वारा अपने पत्र द्वारा संयुक्त जांच आख्या संलग्न कर प्रस्तुत की गयी। जांच समिति की जांच आख्या में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सिद्ध होना पाया गया। जांच समिति की आख्या के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा इन दोनों ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को नोटिस जारी करते हुए 15 दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# एसएसपी ने बेहट कोतवाली के तैनात एसएसआई को किया निलंबित

**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** जनपद सहारनपुर के पुलिस कप्तान एक्शन मोड़ में है। पुलिस विभाग में लापरवाही बरतने वालो पर एसएसपी का हंटर चल रहा है। उन्होंने बेहट सर्किल में दूसरी बड़ी कार्यवाही की है। एक बार फ्रि एसएसपी ने लापरवाही बरतने वाले कोतवाली बेहट में तैनात एसएसआई को निलंबित कर दिया है।

दरअसल, जनपद सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विपिन ताडा ने कोतवाली बेहट में तैनात एसएसआई मेहर सिंह को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया है। बताया जाता है कि एसएसआई मेहर सिंह खनन से संबंधित किसी मुकदमे की तफ्तीश कर रहे है। इसी मुकदमे को लेकर पुलिस के आला अधिकारियों को बताए बिना एसएसआई ने दूसरे राज्य हरियाणा में जाकर दबिश दी। हालाकि इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। बताया जाता है कि जब इस दबिश के मामले में एसएसपी ने एसएसआई से जानकारी ली तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विपिन ताडा कोतवाली बेहट में तैनात एसएसआई मेहर सिंह को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया। इससे पहले भी बेहट सर्किल के थाना मिर्जापुर इंस्पेक्टर प्रवेश सिंह को एसएसपी ने गौकशी पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने पर कार्यवाही की थी। बेहट सर्किल में यह पुलिस विभाग की दुसरी बड़ी कार्यवाही है। एस एस पी के एक्शन मोड़ में होने से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।



# छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**अवधनामा संवाददाता**

**सताव (रायबरेली)।** सकल नारायन मेमोरियल पब्लिक स्कूल बथुआ खास के सैकड़ो छात्र -छात्राओं ने आज देश के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली । जिसका संचालन आर्ट एवं क्रिएटिव ग्रुप के अध्यक्ष प्रबोध कुमार बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर अनेक छात्र -छात्रा अपने -अपने हाथों मे मतदाता को जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखे हुए थे। जिनमे मतदाता को जागरूक करने अपने हाथ से कैंनवास पर सुन्दर ढंग से अनेक मनमोहक अंदाज मे स्लोगन लिखे थे पहले मतदान, फिर जलपान, मतदान महादान, ना धूप ना तूफ़ान, पहले करो मतदान,मतदान जरूर करें,आपका मतदान, लोकतंत्र की जान। आदि अनेक स्लोगन नारे लगाकर क्षेत्र के नागरिकों को जागरूक करते जा रहे थे जिससे जन जागरण भी जागरूक होकर प्रशंशा करने लगे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजय सिंह ने कहा लोकतांत्रिक देश भारत में मतदाता दिवस एक पर्व की तरह मनाना चाहिए इसमे सभी नागरिक को वोट डालना चाहिए। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू चौधरी ने सभी से कहा देश के सभी नागरिकों को सारे काम छोड़कर पहले मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर अनेक अध्यापक अध्यापिकाएं जिनमें मुख्य रूप से पी.के.बाजपेयी, रेनू चौधरी, वंदना वर्मा, दिनेश गुप्ता, प्रदीप चौहान, जीतेन्द्र, प्रिया तिवारी,रचना विश्वकर्मा, अंकिता वर्मा, जगराना आदि अनेक लोग उपस्थित थे।





## मारपीट भाजपाईयों की हार के डर के जीता जागता प्रमाण

**उन्नाव।** हार के डर से बौखलाए भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता अपने मूल स्वभाव हिंसा धमकी और मारपीट पर उतर आए हैं, बसपा प्रत्याशी को दी गई धमकी तथा दलित सपा कार्यकर्ता के साथ गत दिवस डिबेट के दौरान की गई मारपीट भाजपाईयों की हार के डर के जीता जागता प्रमाण है।

विकास खण्ड सफीपुर उनवा आदि आसपास के गांवों तथा टाउन एरिया सफीपुर में जनसंपर्क के दौरान आयोजित नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए सपा प्रत्याशी श्रीमती अन्नू टंडन ने उक्त बात कही। उन्होंने ने कहा कि सपा के दलित कार्यकर्ता को डिबेट के दौरान मात्र इसलिए पीटा गया क्योंकि उसने बाबा साहेब अमर रहें का नारा लगा दिया था, मस्जिद और मुसलमानो को टारगेट कर नफ़रत की फ़सल उगा रहे भाजपा नेताओं को अब शायद बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर और दलितों से भी नफ़रत हो गई है।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन मां शाकुंभरी विवि का निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्माणाधीन मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विश्वविद्यालय का अकैडमिक, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, वीसी आवास, ब्वॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल सहित प्रथम चरण में होने वाले सभी कार्य लगभग पूर्ण हो गए हैं। बचे हुए कार्यो को गुणवत्तापरक एवं शीघ्रता से करने के निर्देश दिए।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने निरीक्षण के दौरान देखा कि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार का कार्य प्रगति पर है। जिस पर जिलाधिकारी ने 15 दिन में गेट के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय परिसर में अधिक से अधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय के वातावरण को और सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लिए सौंदर्यीकरण करने के लिए कहा। डीएम ने बताया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र का संचालन निरंतर किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के उच्च निर्देशों के क्रम में विगत कुछ माह में विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यय प्रेक्षक शैलेन समद्दर नियुक्त



**रायबरेली (अवधनामा संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक शैलेन समद्दर को नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नम्बर/वाट्सएप नम्बर 8887018871 है। किसी भी राजनैतिक दल अथवा किसी भी मतदाता द्वारा चुनाव व्यय से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या शंका समाधान के लिए उनसे संपर्क किया जा सकता है। व्यय प्रेक्षक से मिलने का समय सायं 05:00 बजे से 06:30 बजे तक गेस्ट हाउस, एनटीपीसी ऊँचाहार रायबरेली में (पूर्व में समय प्राप्त करने के उपरान्त ही) मिल सकते हैं एवं दूरभाष के माध्यम से भी सूचित कर सकते हैं।

### आयुर्वेदिक औषधियों की भ्रामक लेबलिग पर आयुष मंत्रालय द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

**रायबरेली (अवधनामा संवाददाता)।** आयुष मंत्रालय की सक्रियता से कई नामी कम्पनियों की नकली, मिलावटी, घातक रसायन से बनी आयुर्वेदिक औषधियों के जाँच मे पकड़े जाने पर आयुष मंत्रालय ने औषधि निर्माता कम्पनियो पर कार्यवाही करना शुरू कर दिया है। बहुत सी कम्पनियां अपनी औषधियों को बेचने के लिए कोई साइड इफेक्ट नहीं गारण्टी के साथ इलाज जैसे शब्द प्रचारित करती है। जो कि जांच में सही नही पायी जाती। ऐसी कम्पनियों पर कार्यवाही करने की तैयारी होगी। इस आशय का एक पत्र क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी रायबरेली डा0 रवि प्रकाश सोनकर ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के क्रम में कहा है कि आयुर्वेदिक औषधि निर्माताओं को ड्रग एण्ड कास्मेटिक रेमडीज एक्ट 1954 उपभोक्ता संरक्षण एक्ट 2019, दॉ केबल टेलीविजन नेटवर्क एक्ट 1995, दॉ सिम्बल एण्ड नेम एक्ट 1950 के तहत निर्देश दिया जाता है कि औषधियों पर लेबलिग व औषधियों का प्रचार प्रसार उक्त अधिनियम के तहत ही करें। अगर किसी ने भ्रामक प्रचार-प्रसार व लेबलिग (जैसे लेवल पर आयुष मंत्रालय द्वारा अनुमोदित/प्रमाणित का उल्लेख, हरा मार्क प्रदर्शित करना, 100 प्रतिशत शाकाहारी का उल्लेख, कोई साइड-इफेक्ट नहीं का उल्लेख किसी भी आयुर्वेदिक औषधियों पर न्यूट्रीशियन वैल्यू का उल्लेख) करता है तो उस पर विधिक कार्यवाही होगी।

### गर्मी के चलते बदला न्यायालय का समय

**रायबरेली (अवधनामा संवाददाता)।** मा0 न्यायालय के अनुसार, प्रत्येक वर्ष मई और जून के महीने के दौरान न्यायालय सुबह 07:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित किया जायेगा। जिला न्यायाधीश तरूण सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया है कि 01 मई से 30 जून तक अधिकारी एवं कर्मचारी सुबह 06:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक न्यायालय/कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया है कि न्यायालय का समय सुबह 07:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक होगा एवं 10:30 बजे से 11:00 बजे तक लंच ब्रेक रहेगा।

### निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने संबंधी बैठक संपन्न

**रायबरेली (अवधनामा संवाददाता)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सम्पन्न कराये जाने हेतु राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार-प्रसार में प्रयोग की जा रही प्रचार सामग्री जैसे जर्मन हैंगर, फायर सेफ्टी मैट्रेस एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा सम्बंधित बैठक बचत भवन मे हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफ्फुल त्रिपाठी ने कहा कि इनके प्रयोग से पहले अनुमति अवश्य ली जाए। वरिष्ठ कोषाधिकारी भावना श्रीवास्तव ने कहा इनका प्रयोग करते समय इसके व्यय का विवरण अवश्य प्रस्तुत करें। इसे संबंधित प्रत्याशी या राजनीतिक दल के व्यय में जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि दल द्वारा स्टार प्रचारक नियुक्त करते समय उसके खर्चों का भी विवरण जिला कोषाधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत किया जाए। बैठक में अपर जिला अधिकारी (वि0/रा0),नगर मजिस्ट्रेट, सहायक नोडल अधिकारी एमसीएमसी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# श्रीराम चौक पर सड़क खुदने से आमजन की बढ़ी मुसीबतें



**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी के तहत नगर के मुख्य बाजार भगत सिंह मार्ग पर हो रहे निर्माण कार्यों के चलते सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चला है और लोगों को हर समय जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

नगर निगम की स्मार्ट सिटी योजना के तहत भगतसिंह मार्ग से श्रीराम चौक तक निर्माण कार्य किए जा रहे हैं जिसके तहत सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं। यह मार्ग महानगर का मुख्य मार्ग है जो नए व पुराने शहर को जोड़ने का काम करता है। उक्त मार्ग पर ही नगर के मुख्य बाजारों में प्रवेश किया जाता है लेकिन सुचारू मार्ग न होने के कारण आम जन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। घंटों जाम रहने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। वहीं दुकानदारों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है क्योंकि भीड़ के चलते ग्राहक दुकानों पर नहीं पहुंच रहे हैं। साथ ही धूल-मिट्टी उड़ने की वजह से भारी परेशानी हो रही है।

# रेलवे सेवानिवृत्त वरिष्ठ अनुभव के भंडार : हरीश

**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** उत्तर रेलवे के मंडल सहायक कार्मिक अधिकारी हरीश गांधी ने कहा कि रेलवे सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक ज्ञान एवं अनुभव के भंडार हैं, वे अपने ज्ञान एवं अनुभव से रेलवे कार्यरत का मार्गदर्शन कराते रहे। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर रेलवे पेंशनर्स की समस्याएं वरीयता के आधार पर निस्तारित की जाती हैं।

हरीश गांधी आज यहां दिल्ली रोड स्थित एक होटल में रेलवे पेंशनर्स के 11वें वार्षिक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी पेंशनर की किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो वह स्वयं व्यक्तिगत रूप से सीधे संपर्क करके अथवा संस्था के माध्यम से अपनी समस्याएं प्रस्तुत कर सकते हैं, वरीयता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाएगा। इससे पूर्व सम्मेलन का शुभारंभ मां भारती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन, पुष्पार्पण एवं वंदे मातरम गायन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता भारत पेंशनर्स समाज नई दिल्ली के सचिव (जनसंपर्क) सुभाष चंद शर्मा ने सर्वप्रथम भारत पेंशनर्स समाज के महामंत्री एससी माहेश्वरी का संदेश पढ़कर सुनाया। मेयर डा. अजय कुमार सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी बौद्धिक सम्पदा है, हमको इनका समुचित उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वें रेलवे परिवार से है इसलिए आज रेलवे वरिष्ठ नागरिकों के मध्य अपने को भाग्यशाली समझ रहे है तथा उनके कार्यो को करके अपने को सौभाग्यशाली समझेगे। विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि रेलवे वरिष्ठ नागरिक अपने आर्थिक एवं पारिवारिक उत्तरदायित्वों से मुक्त है, इसलिए उनको सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो मे व्यस्त रहकर मस्त एवं स्वस्थ रहना चाहिए। उन्होंने उनके कार्यो में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी ने कहा कि रेलवे वरिष्ठ नागरिक हमारी विरासत है, हमको इनका ध्यान एवं सम्मान रखते हुए इनसे मार्ग दर्शन लेना चाहिए। सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी मंडल अध्यक्ष आरके जैन ने आह्वान किया कि रेलवे पेंशनर्स अधिक से अधिक संख्या में रेलवे पेंशनर्स समाज एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य बनकर अपने को सशक्त बनायें।

संस्थापक आरसी शर्मा ने संस्था के गठन 2013 से अब तक 11 वर्ष की गतिविधिओ एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष आरके धींगड़ा ने अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। महामंत्री एनएस चौहान ने वर्ष 2023-2024 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष जेपी शर्मा ने वित्त वर्ष 2023- 2024 का वित्त विवरण प्रस्तुत किया।

सम्मेलन में संस्था की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया तथा 80 वर्ष से अधिक उम्र के प्लैटिनम एज सीनियर सिटीजंस तथा संस्था के विशिष्ट कार्यकर्ताओं एवं धनसहयोग कर्ताओं का सम्मान किया गया। चुनाव अधिकारी ने संस्था की वर्ष 2024-2025 के लिए निर्वाचित प्रबंध कारिणी समिति पदाधिकारियों की घोषणा की, जिसमें संस्थापक रमेश चंद शर्मा, अध्यक्ष अरविंद शर्मा, महामंत्री नरेंद्र चौहान, कोषाध्यक्ष अजय शर्मा, उपाध्यक्ष जगदीश प्रकाश शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, स्वतंत्र कुमार भारद्वाज, मूलचंद रॉगड़ा, श्रीमती अनुपम गाबा, सहायक मंत्री देवेंद्र कुमार, अजीत सिंह राणा, जय नारायन शर्मा, अमरनाथ त्यागी, मीना कटारिया, सह कोषाध्यक्ष विजय तलवार, ऑडिटर इक़बाल अज़ीम को घोषित किया गया।



# अवैध तरीके से मेडिकल रिपोर्ट जारी करने वाले डायग्नोस्टिक सेंटरों पर कब होगी कार्रवाई










अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विदेश भेजने वाले कबूतरबाजों से मिलकर नियम विरुद्ध व अवैध तरीके से मेडिकल रिपोर्ट जारी करने वाले डायग्नोस्टिक सेन्टर पर अब तक स्वास्थ्य महकमा द्वारा कोई कार्रवाई नही गई। वजह चाहे जो भी हो लेकिन इन डायग्नोस्टिक सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई न होने के पीछे विभाग के जिम्मेदार व डायग्नोस्टिक सेन्टर संचालकों के बीच मोटी डिलिंग की बात चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसे कहना मुनासिब होगा कि मुख्यमंत्री जी ! कब होगी अवैध तरीके से मेडिकल रिपोर्ट जारी करने वाले डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्रवाई?

- विदेश जाने वालों का मेडिकल करने के लिए जिले में नहीं है कोई वैध डायग्नोस्टिक सेन्टर

बीते दिनो पुलिस ने पडरौना नगर के रामकोला रोड पर भारत टेक्निकल इंस्टीट्यूट के नाम से कार्यालय खोलकर बेरोजगार युवकों को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी का धंधा करने वाले इस गिरोह का पर्दाफाश करते हुए इस ठगी गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया था। यह ठगी गिरोह कुशीनगर जनपद के अलावा देवरिया, गोरखपुर और महराजगंज के साथ ही बिहार और पश्चिम बंगाल के सौ से अधिक बेरोजगारों से साठ लाख रुपए से अधिक की रकम हड़प ली थी। बेरोजगारों के यह गिरोह नामी कंपनियों का फर्जी वीजा, हवाई जहाज का टिकट, मेडिकल सर्टिफिकेट देकर रफूचक्कर हो गए थे। युवकों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने 12 जनवरी को भारत टेक्निकल इंस्टीट्यूट, अविनाश राव, जयप्रकाश सिंह और अरविंद पांडेय पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। उसके बाद पुलिस इस गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से 11 लाख रुपए नकद, एक लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन, 16 पासपोर्ट, 29 सिमकार्ड, 19 आधार कार्ड, तीन एटीएम, कंप्यूटर, प्रिंटर, 54 फर्जी सरकारी और प्राइवेट मुहर, 48 देशों के कूटरचित सर्विस ऑफर लेटर, 12 मेडिकल फिटनेस फर्जी प्रमाण पत्र, रजिस्टर और एक चार पहिया वाहन बरामद किया था।

### डायग्नोस्टिक सेंटरों ने जारी किया था मेडिकल रिपोर्ट

पडरौना नगर के सुभाष चौक स्थित कुमकुम डायग्नोस्टिक सेन्टर व साहु सिनेमा परिसर मे संचालित सेवा डायग्नोस्टिक सेन्टर सहित रामकोला रोड स्थित एक डायग्नोस्टिक सेन्टर द्वारा कबूतरबाजों के साथ मिलकर विदेश जाने वाले बेरोजगारों का अवैध तरीके से मेडिकल रिपोर्ट जारी किया गया था जिसका खुलासा ठगी गिरोह का पर्दाफाश के दौरान बीते दिनों पुलिस कप्तान ने किया था। यहां बताना जरूरी है कि जनपद मे कोई भी डायग्नोस्टिक सेन्टर विदेश जाने वालो का मेडिकल करने के लिए अधिकृत नही है ऐसा स्वास्थ्य महकमा का दावा है। इसके बावजूद कुमकुम और सेवा डायग्नोस्टिक सेन्टर नियम विरुद्ध व फर्जी तरीके से विदेश जाने वाले युवाओं का मेडिकल रिपोर्ट जारी किया गया। बावजूद इसके इन डायग्नोस्टिक सेंटरों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नही की गई। स्वास्थ्य विभाग व पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक कार्रवाई नही किए जाने के पीछे इन डायग्नोस्टिक सेंटरों के संचालकों का रसूख बताया जा रहा है। सूत्र बताते है कि कुमकुम डायग्नोस्टिक सेन्टर के संचालक डॉ. नंदलाल कुशवाहा का रसूख का आलम है कि तीन माह पूर्व खुलासा के बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक न तो जांच-पड़ताल किया गया और न ही कोई नोटिस भेजा गया।

### बोर्ड पर लिखा है विदेश जाने वालो का होता है मेडिकल

पडरौना नगर के सुभाष चौक स्थित कुमकुम डायग्नोस्टिक व साहु सिनेमा हाल परिसर स्थित सेवा डायग्नोस्टिक सेंटरों के बोर्ड पर तमाम बीमारियों के जांच के साथ साथ स्पष्ट शब्दों में लिखा है विदेश जाने वालो की मेडिकल जांच की सुविधा। अब सवाल यह उठता है कि जब जिले मे विदेश जाने वालो का मेडिकल जांच करने के लिए कोई डायग्नोस्टिक सेन्टर अधिकृत नही है, जैसा स्वास्थ्य विभाग का दावा है तो फिर यह सेंटर खुलेआम नियम विरुद्ध व अवैध तरीके से विदेश जाने वाले लोगो का मेडिकल कैसे कर रहे है? सेवा डायग्नोस्टिक के संचालक का कहना है कि मेडिकल करने में क्या है जांच हम करते है तो रिपोर्ट क्यो नही जारी कर सकते है। जब संचालक एएच खान से उनके डिग्री का हवाला देते हुए पूछा गया कि क्या वह मेडिकल करने को योग्य है तो उन्होने कहा कि मै कुछ नही कह सकता मेरे यहां जो डाक्टर मेहताब बैठते है वही मेडिकल करते है वही जवाब देंगे। डाक्टर साहब इस समय है नही। यहां बता दे कि सेवा डायग्नोस्टिक से विदेश जाने वाले युवक का मेडिकल रिपोर्ट 22 दिसम्बर 2023 को जारी किया गया है। रिपोर्ट पर सबसे ऊपर फिट और नीचे सेवा डायग्नोस्टिक सेन्टर के मोहर के साथ सबसे नीचे डॉ. एमडी महताब का हस्ताक्षर और मोहर लगा है। इसी तरह अलग-अलग युवाओं के नाम कई रिपोर्ट जारी किया गया। जबकि कुमकुम डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा जारी मेडिकल रिपोर्ट के बीच मे फिट और नीचे कुमकुम डायग्नोस्टिक सेन्टर के मोहर के साथ सबसे नीचे मेडिकल बनवाने वाले युवक का फोटो चस्पा है, फोटो पर ही रिपोर्ट जारी करने वाले का हस्ताक्षर और मोहर लगा है। सूत्र बताते है यह हस्ताक्षर जिला अस्पताल के एमबीबीएस, डीसीएच चिकित्सक कृष्ण मोहन प्रसाद का है जिन्होंने बातचीत मे बताया था कि वह एक साल पहले कुमकुम डायग्नोस्टिक सेन्टर से अपना सर्टिफिकेट वापस ले लिए है अब उनके नाम से यह डायग्नोस्टिक सेन्टर रजिस्टर्ड नही है। इस बात में कितनी सच्चाई है और मेडिकल रिपोर्ट पर किसका हस्ताक्षर है यह जांच का विषय है।

### एक साल पहले वापस ले लिए है सर्टिफिकेट

बताया जाता है कि कुमकुम डायग्नोस्टिक सेन्टर का रजिस्ट्रेशन पहले जिला अस्पताल के एमबीबीएस, डीसीएच चिकित्सक कृष्ण मोहन प्रसाद के नाम से था। डॉ. कृष्ण मोहन का कहना है कि विगत एक वर्ष पूर्व कुमकुम डायग्नोस्टिक सेन्टर से अपना सर्टिफिकेट वापस ले लिए है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बुद्धा हॉस्पिटल व गोपी चाइल्ड केयर हॉस्पिटल उनके नाम से रजिस्टर्ड है जहां उनका सर्टिफिकेट लगा है। जानकारों का कहना है कि जब कृष्ण मोहन प्रसाद के नाम से कुमकुम डायग्नोस्टिक सेन्टर रजिस्टर्ड था वह भी नियम विरुद्ध है क्योंकि सरकारी चिकित्सक के नाम से कोई भी हॉस्पिटल व डायग्नोस्टिक सेन्टर का रजिस्ट्रेशन नही हो सकता है। ऐसी चर्चा है कि कुमकुम डायग्नोस्टिक सेन्टर के संचालक डॉ नंदलाल कुशवाहा है जो न सिर्फ रसूखदार है बल्कि खुद को सीएमओ का मित्र बताकर भौकाल टाइट करते है और यह भी दम भरते है कि कोई उनका बाल बाका नही कर सकता है। डॉ नंदलाल कुशवाहा कुमकुम डायग्नोस्टिक सेन्टर के अलावा पडरौना नगर के छावनी में (पडरौना-कसया मार्ग पर) बुद्धा हॉस्पिटल संचालित करते है। इसके अलावा डॉ. नंदलाल कुशवाहा का जनपद के तमकुहीराज व खड्डा मे भी हॉस्पिटल संचालित होता है। ऐसा सूत्रों का दावा है।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लटका ताला

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** सरकार द्वारा स्वास्थ्य के लिए लगातार कठोर कदम उठाए जा रहे हैं इसके बावजूद भी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खुलने का नाम नहीं ले रहे हैं। वही विकास खंड राजेपुर क्षेत्र के अंतर्गत गांव खंडौली में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ग्रामीणों को उपचार देने के लिए सरकार ने खुल बाया है।लेकिन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में ताला लटक रहा हैं। टीका लगवाने आई। खंडौली मडहा निवासी महिला लक्ष्मी पत्नी रंजीत ने बताया कि जब मैं बुधवार दोपहर समय 12 बजकर 30 मिनट पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टीका लगवाने आई तो सेंटर पर ताला लट रहा था। और कहां कि जब मैं सेंटर पर दवा लेने आई तब हम को सेंटर बंद मिला। इस भीषण गर्मी और धूप में हम कितनी बार दौड़ कर आए।सुधा देवी में बताया कि मैं बुखार वह हरारत की दवा लेने आई थी। लेकिन सेंटर बंद था। जब इस संबंध में राजेपुर सीएससी केंद्र प्रभारी डॉक्टर आरिफ सिद्दीकी से बात की तो बताया कि कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर छुट्टी पर चल रहे हैं और एएनएम राई गांव में टीकाकरण कैंप लगाए हुए है।

# रोडवेज बस अड्डे से अतिक्रमण हटाए

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न
- ब्लॉक तथा न्याय पंचायत स्तर तक फैलाएं सड़क सुरक्षा जागरूकता

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉक्टर वी के सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने समिति को बताया कि वर्ष 2024 में मार्च तक 93 सड़क दुर्घटनाऐं हुई है जो गत वर्ष की 106 सड़क दुर्घटनाओं की तुलना में 12 प्रतिशत कम है इस अवधि में वर्ष 2024 में 62 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है जो गत वर्ष के 57 व्यक्तियों की मृत्यु की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है तथा वर्ष 2024 में माह मार्च तक 74 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं जो गत वर्ष के 62 घायलों की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। जनपद में यह जनहानि की अपूरणीय क्षति है।

जिलाधिकारी ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए जनपद के सभी 16 ब्लैक स्पॉट पर निरीक्षण कर आख्या देने के लिए क्षेत्राधिकारी यातायात, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग,राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क सुरक्षा इंजीनियर तथा एआरटीओ को सम्मिलित रूप से ब्लैक स्पॉट की डिजाइन, जंक्शन इंप्रूवमेंट के संबंध में सड़क सुरक्षा समिति के सचिव के माध्यम से आख्या उपलब्ध 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जागरूकता कार्यक्रमों को न्याय पंचायत तथा विकासखंड स्तर तक आयोजित करने के निर्देश दिए तथा प्रत्येक कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड , एवं एआरटीओ की उपस्थिति अनिवार्य रूप से होनी चाहिए राष्ट्रीय राजमार्ग 730 सी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की राष्ट्रीय राजमार्ग दो लेन का तथा 10 मीटर चौड़ा होगा तथा इसमें दो-दो मीटर के शोल्डर होंगे । फर्रुखाबाद नगर में 10 किलोमीटर लंबा डिवाइडर बनाया जाएगा ।इस पर जिलाधिकारी द्वारा पूरे राजमार्ग को भारतीय रोड कांग्रेस के मापदंडों के अनुसार स्वीकृत डिजाइन से बनाने तथा सड़क सुरक्षा मानको को त्रुटि रहित पूरा करने के निर्देश दिए तथा जहां पर राजमार्ग निर्माण हो चुका है वहां पर कैट आई आदि लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अरविंद मिश्रा द्वारा यातायात के दृष्टिगत रोडवेज बस स्टैंड के सामने ठेला आदि लगाए जाने की समस्या को रखा गया। इस पर जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्राधिकारी यातायात एवं थानाध्यक्ष कादरी गेट को रोडवेज बस अड्डा से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्राधिकारी यातायात को नगर में यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एआरटीओ प्रशासन वी एन चौधरी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड नफीस अहमद, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड मुरलीधर, क्षेत्राधिकारी यातायात जयसिंह परिहार, यातायात प्रभारी रजनेश कुमार, जिला रोल आउट मैनेजर एन आई सी दीपक कुमार तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# देश व देवरिया की जनता को भाजपा के झूठे वादे पर अब नहीं है रहा विश्वास: सिंह

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का संयुक्त सम्मेलन नगर के कसया रोड स्थित कृष्णा मैरेज हाल में सम्पन्न हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज देवरिया व देश की जनता को भाजपा के वादों पर विश्वास नहीं रहा। भाजपा के यहां के जो भी प्रतिनिधि आज तक चुने गए यहां के लोगों से केवल खोखले वादे किए। घोषणा के बाद भी इस क्षेत्र की चीनी मिल नही चल सकी।

रिंग रोड के उद्घाटन के बाद भी यह योजना केवल कागजों में रह गई।कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में समाज के नौजवानों, किसानों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, छात्रों को न्याय दिलाने की व्यवस्था की है।नौजवानों को प्रति वर्ष 30 लाख नौकरी कांग्रेस देंगी।किसानों का ऋण माफ होगा,अग्निवीर योजना बंद की जाएगी।भाजपा ने अपने शासन में सबको दगा दिया है। जनता अब देश व देवरिया में परिवर्तन करने का मन बना लिया। आप अगर मौका देते हैं तो देवरिया में विकास का कृतिमान स्थापित करूंगा।कार्यकर्ता गांव गांव जाकर लोगों से सम्पर्क कर दल के सिद्धांतों को बतावें।

अगर हम सत्ता में आए तो लोगों को सहारा का पैसा वापस दिलवाने का काम करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि दल का एक एक कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन को जिताने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता के बल पर यह चुनाव इंडिया गठबंधन जीतेगा। अखिलेश प्रताप सिंह वास्तव में विकास पुरुष हैं।


सम्मेलन को पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, पूर्व विधान परिषद सदस्य जेपी जायसवाल, आप के जिलाध्यक्ष हरिनारायण चौहान, सुयश मणि त्रिपाठी, विस्मिल्लाह लारी, राघवेंद्र सिंह राकेश, पुरुषोत्तम नारायण सिंह,आनंद श्रीवास्तव सोनू, रामप्रवेश यादव ,बब्लू, डॉ धर्मेन्द्र पाण्डेय, मुकुन्द भाष्कर मणि त्रिपाठी, अशोक सिंह कुशवाहा, रामाश्रय गौंड, वंशवहादुर गौंड, मोहन प्रसाद, आदि ने सम्बोधित किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दर्जी युवक का चीनी मिल के पीछे मिला शव

**फर्रुखाबाद।** संदिग्ध परिस्थितियों में दर्जी का चीनी मिल के पीछे शव पडा मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के चीनी मिल के पीछे युवक का सब मिलने पर सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने किसी से भी रंजिश होने से साफ इंकार कर दिया है। लापता युवक का शव मिलने पर आसपास सनसनी फैल गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई। मृतक शिवम दिल्ली में प्राइवेट कम्पनी में सिलाई करता था। 23 अप्रैल को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अपने गांव शिवरई बरियार आया था। शुक्रवार की सुबह 9 बजे शिवम घर से निकल आया था और देर रात तक घर न पहुचने पर परिजनों की खोजबीन की, लेकिन उसका कही भी पता नहीं चला। शनिवार की सुबह शिवम का लहूलुहान अवस्था में शव चीनी मिल के पीछे पड़ा देख ग्रामीणों ने उसके परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है

# विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क परामर्श शिविर सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के आयुष विभाग द्वारा एक ही छत के नीचे विभिन्न चिकित्सा पद्घतियों ( आयुर्वेद पंचकर्म, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, यूनानी, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, रेकी, प्राणिक हीलिंग ) का एक दिवसीय निःशुल्क परामर्श एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लगातार चल रहे सातवें आयुष शिविर में रोगियां का निःशुल्क पंजीकरण व परामर्श एवं यथासंभव निःशुल्क दवायें दी गयी। जिसमें जोड़, गठिया, रीढ़ के रोग, त्वचा रोग ( सफेद दाग ), सोरायसिस, बालों की समस्या, मुहाँसे एवं सौन्दर्य समस्या, गुप्तरोग, मोटापा, डायबिटिज, हृदय रोग, श्वास रोग, पाचन एवं लिवर संबंधित रोगियों ने आयुष विभाग के (आयुर्वेद पंचकर्म, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, यूनानी, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, रेकी, प्राणिक हीलिंग ) का लाभ प्राप्त किया। स्वामी मुक्तिनाथानन्द सचिव, विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ ने यह जानकारी दी आयुष विभाग द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में भी समान रूप से आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली को व्यापक रूप से फैलाने के लिए दवाये एवं अन्य सुविधाओं को प्रदान की जा रही है। दूसरी चिकित्सा विधियो की बढ़ती हुई कीमतों के समान्तर हमारे संस्थान में विविध शिविरों के माध्यम से आयुष विभाग में सस्ता, सरल एवं सुलभ उपचार गरीब रोगियों को प्रदान किया जाता हैं। इस शिविर में आयुर्वेद में 18, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में 22, होम्योपैथी में 51 एवं एक्यूपंचन में 05 कुल 96 मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श का लाभ लिया।

## देश की जनता जुमले बाज की सचाई जान चुकी हैं : नरेंद्र

**महमूदाबाद।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री नरेंद सिंह वर्मा ने आज अपने आवास पर कार्य कर्ता मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता जुमले बाज की सचाई जान चुकी हैं। सरकारी उपकर्मो को बेच कर कुछ अपने खास दोस्तो को फ़ायदा पहुँचाने का भाजपा सरकार काम कर रही हैं इंडिया गठ बंधन की ओर से सीतापुर से कोंग्रेस प्रत्याशी राकेश राठौर के समर्थन मे नरेंद् सिंह वर्मा ने अपने कार्यकर्ताओं से एक जुट होकर राकेश वर्मा को जिताने के लिए मेहनत करने को कहा नरेंद सिंह ने कहा की पहले चरण की वोटिंग के बाद मोदी जी की नीद उड़ गई है और अब मोदी जी की जन सभाओ मे मोदी मोदी के नारे लगाने वाले लोग गायब हो गए हैं भाजपा की नियत समझ गए है इस मीटिंग मे मो कादिर ओम कार प्रेम मौर्या ज़ीशन अहमद अनुपम राठौर नदीम अहमद गणेश वर्मा अय्यूब अहमद दम्पी बब्लू वर्मा सहित बड़ी संख्या मे इंडिया गठबंधन पार्टी के कार्य कर्ता शामिल हुए।

# ग्लोबल हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर जालौन में ग्लोबल हॉस्पिटल का शुभारंभ चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश राजपूत ने किया। इस मौके पर नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। नगर में औरैया रोड पर चुंगी नंबर चार के पास ग्लोबल हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ। हॉस्पिटल का शुभारंभ झांसी में चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश राजपूत ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर में एक हॉस्पिटल की आवश्यकता थी। जिसे ग्लोबल हॉस्पिटल पूरा करेगा। उन्होंने हॉस्पिटल के संचालकों से अपील की क्षेत्र की जनता कृषि आधारित है। ऐसे में मरीजों को उचित दर पर इलाज मुहैया कराएं। संचालन कर रहे डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने बताया कि हॉस्पिटल में यदि मरीज और तीमारदारों को सुविधाएं मिलती हैं तो निश्चत ही मरीज किसी अन्य जगह नहीं जाएगा। लोग अपने नजदीक स्थानर पर ही इलाज कराना उचित समझते हैं। बस उन्हें ऐसा न लगे कि उन्हें बेवजह तंग किया जा रहा है। हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अमित ने कहा कि उनकी मंशा है कि आगे चलकर हॉस्टिल को ट्रामा सेंटर के रूप में विकसित किया जाए। हास्पिटल में मरीजों को 24 घंटे इमर्जेंसी सुविधा उचित दर पर मिलेगी। बताया कि मरीजों को प्रथम परामर्श निशुल्क दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसएन वर्मा, डॉ. आरके राजपूत, डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. मोहसिन, डॉ. अंसारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्ष कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मनू आदि मौजूद रहे।

## पानी के दानी बनिए



**लखनऊ।** श्रीमती रवि चावला सेवा केंद्र द्वारा प्रचंड गर्मी से राहत देने हेतु पानी के दानी बने कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इसके अंतर्गत अस्पतालों में मरीज, गरीबों, बेसहारा लोगों, रिक्शावाला व ऐसे सभी लोग जो इस तपती धूप में भी दिनभर काम करते हैं ऐसे लोगों की प्यास बुझाने हेतु निशुल्क ठंडी पानी की बोतलों का वितरण किया जाएगा। संस्था के संयोजक अमित कुमार ने बताया कि प्रचंड गर्मी व धूप में लोगों का गला सूखने लगता है। लोगों के पास जो अपना पानी उपलब्ध होता है वह भी धूप की गर्मी से तपने लगता है ऐसे में प्यास लगने पर ठंडा पानी तलाशना पड़ता है. इसे ही ध्यान में रखते हुए श्रीमती रवि चावला सेवा केंद्र रोज जरूरतमंदों तक निशुल्क ठंडी पानी की बोतल पहुंचाएगा। इसके लिए जागरूक लोगों से पानी के दानी ब्बनने की अपील की जा रही है कोई भी स्वेच्छा से संस्था को पानी की बोतले दान में दे सकता है। जिसका वितरण जरूरतमंदों में किया जाएगा अधिक जानकारी के लिए 7393897 633 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखायी



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** तहसील जालौन के विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत कुठौंद ब्लॉक संसाधन केंद्र मदारीपुर पर मतदाता जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें उप जिला अधिकारी अतुल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार उत्तम द्वारा मतदाता शपथ, स्वीप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत कर मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किया गया। मतदाता जागरूकता रथ द्वारा गांव-गांव में लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जाएगा और उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हम अपने मतानुसार सरकार का चुनाव करते हैं।यह चुनावी पर्व महापर्व के रूप में माना जाता है। जैसे की संगम पर पड़ने वाला महाकुंभ हो इसीलिए 5 वर्ष में आने वाले चुनाव भी कोई महाकुंभ से काम नहीं माने जाते हैं ।

## शिया हज यात्रियों के लिये ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** तन्जीमें हैदरी की एक सभा हाजी शेख सईद हुसैन की अध्यक्षता में तन्जीम के कार्यालय नावान महल रोड, लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 2024 के हज यात्रियों के लिये हज ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन चौक स्थित सुल्तानुल मदारिस, लखनऊ में दिनांक 29-04-2024 को प्रातः 10 बजे किया गया है। जिसमें उत्तर प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों को शिया धर्मगुरू हज के सही अरकान हेतु ट्रेनिंग देंगे।

इस मौके पर शिया धर्मगुरूओं समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं मातमी अंजुमनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। सभा में ताज हुसैन, शबाब हुसैन, शेख वेकार हुसैन, शेख एहतेशाम हुसैन, नाज़ हुसैन, कमर अब्बास, आगा अली हसनैन, आदि ने अपने विचार प्रकट किये। सभा का संचालन मिर्ज़ा जावेद हुसैन ने किया। यह सूचना प्रिस इकबाल मिर्जा ने दी है।

## 35 वर्षीय अज्ञात युवक का नहर मे उतराता मिला शव

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** 35 वर्षीय अज्ञात युवक का नहर में उतराता हुआ शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल कर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। शनिवार सुबह कटका थाना क्षेत्र के महुलिया गांव के निकट नहर में एक लगभग 35 वर्षी युवक का शव तैरता हुआ ग्रामीणों को दिखाई पड़ा।

गांव के बृजमोहन सिंह द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। दलबल के साथ पहुंची कटका पुलिस ने युवक का शव नदी से बाहर निकाला और पहचान का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक पैंट और शर्ट पहना हुआ है उसके जेब में कोई कागजात नहीं मिला। शव को देखने से पता चलता है कि दो तीन दिन पहले इसकी मौत हो चुकी है।सूचना पर क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया बताया कि शव का पहचान नहीं हो पाई जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मदारीपुर बीआरसी प्रांगण में जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** विकास खण्ड कुठौंद के मदारीपुर बी आर सी प्रांगण में निपुण उत्सव, मतदाता जागरूकता अभियान और राष्ट्रीय आय एवम छात्रवृत्ति परीक्षा और अविष्कार अभियान में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बी आर सी मदारीपुर में उप जिलाधिकारी जालौन अतुल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक /स्वीप प्रभारी राजकुमार पंडित, ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश, ज़िला समन्वयक विश्वनाथ प्रताप दुबे की उपस्थिति में विकास खंड के चयनित 29 निपुण विद्यालय को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय आय एवम छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित छात्र छात्राओं को मंच से सम्मानित किया गया।

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड की टीम 20 का गठन करके उनको टी शर्ट स्वीप प्रभारी /बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रदान की। विगत निर्वाचनों में सर्वाधिक मतदान के लिये ग्राम सभा दौनापुर के प्र अ शैलेंद्र कुमार के प्रयासों को सराहते हुए मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक राम सनेही भाष्कर ने की।

उपजिलाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि मतदाता जागरूकता अभियानों से निश्चित ही मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इसी प्रकार विकास खण्ड के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को निपुण होना है, और जो विद्यालय निपुण हो गए हैं उन्हें भी अपने प्रयास अनवरत जारी रखने है। ज़िला विद्यालय निरीक्षक /स्वीप प्रभारी ने अपने सम्बोधन में हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कुठोंद जैसे सुदूरवर्ती ब्लॉक में इस तरह के कार्यक्रम वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने एक एक वोट का महत्व बताया और कहा कि सभी शिक्षक एक कार्ययोजना बनाकर मतदाता जागरूकता अभियान के कार्यक्रम में तेजी लाएं।

शिक्षक पुष्कर बाबू ने स्वरचित मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। ज़िला विद्यालय निरीक्षक /स्वीप प्रभारी ने सभी को मतदाता की शपथ दिलाई। अंत मे सभी अधिकारियों ने विकास खण्ड के मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अंत मे खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार उत्तम ने आये सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अजय पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम में संजय निरंजन, प्रवीण पाठक, दीपक वर्मा, अजय निरंजन, तेज बहादुर, अश्विनी यादव, राघवेंद्र यादव, रविकांत, अनुज, हिमांशु,अजय राजावत, अक्षय कुमार, प्रभाष, रवि राठौर, वेद प्रकाश, राजेन्द्र सिंह, प्रिंशु सिंह, संगीता वर्मा, संध्या वर्मा,रेखा वर्मा, रीता यादव आदि सभी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## कायाकल्प टीम ने अस्पताल में परखी व्यवस्थाएं



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प टीम द्वारा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा गया, जिसमें साफ सफाई अस्पताल के दस्तावेजों के रखरखाव के अलावा अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं को देखा गया। जिसमें सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिली। कायाकल्प पीयर असेसमेंट के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प टीम द्वारा शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। कायाकल्प के 3 सदस्यीय टीम के डॉक्टर रंजन कुमार कानपुर, डॉक्टर अमित कुमार चित्रकूट, डां फिरोज फर्रुखाबाद ने अस्पताल जाकर कायाकल्प के अंतर्गत व्यवस्थाओं को देखा उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था को परखा जिसमें साफ सफाई व्यवस्था दुरस्त मिली। अस्पताल के अंदर दीवारों पर कुछ बिजली की वायरिंग लटकी मिली जिस पर उन्होंने इसे सही कराए जाने को कहा। अस्पताल के बाहर गंदगी की भी साफ सफाई कराए जाने के अलावा बाहनों को पार्किंग में ही खड़ा कराए जाने को कहा। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कपिल गुप्ता ,चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सहन बिहारी, डॉक्टर योगेश आर्य, अवधेश सिंह राजपूत, पी एन शर्मा, नरेंद्र सिंह आदि पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

अवधनामा



# बूथ को मजबूत कर रामनगरी में फिर कमल खिलेगा

- मिल्कीपुर और बीकापुर में बूथ स्तर के सम्मेलन का हुआ आयोजन
- योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह हुए शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भाजपा द्वारा आयोजित बीकापुर विधान सभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में योगी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह पटेल ने कहा कि हम सभी ने सपा शासन को देखा है। 2017 से पहले टीका लगाकर कोई ऑफिस जाता था तो उसका काम नहीं हो सकता था। पांच बजे के बाद में लड़कियां निकल नहीं सकती थी। दलितों शोषितों का अपमान होता था। बाबा साहब की जयंती नहीं मना सकते थे। राम बारात नहीं निकाल सकते थे। कांवड़ यात्रा नहीं निकाल सकते थे। लेकिन नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के आने के बाद अंबेडकर जी के पांच स्थलों को पंच तीर्थ में विकसित किया गया। कांवड़ यात्रा पर सरकारी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाती है। रात में कोई भी दलित बालिका पूरे गहने पहन कर अयोध्या से हरिद्वार जा सकती है। किसी की हिम्मत नहीं है कि उसे रोक सके। उन्होंने कहा कि विश्वास कीजिए मोदी और योगी जैसे नेता कभी-कभी आते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले भारत में कई स्थान थे जहां भारत माता की जय, वंदे मातरम नहीं बोल पाते थे। पार्टी कार्यकताओं के संघर्ष के बदौलत सरकार बनी है। तो कश्मीर के लाल चौक पर भारत माता की जय का नारा तथा तिरंगा लहरा रहा है। अब अयोध्या से पर्यटक श्रीनगर तथा श्रीनगर से अयोध्या पर्यटक घूमने आता है। जहां शांति है वहीं समृद्धि है। आज लोग दिल्ली से चलते हैं अयोध्या तक फोर लेन की सड़कें मिलती है। इन्हीं परिवर्तन के लिए भाजपा का कार्यकर्ता संघर्ष करता है। हम आने वाली पीढ़ियों के भविष्य लिए काम कर रहे हैं। अयोध्या देश विदेश से लोग आ रहे हैं इसलिए यह चुनाव आपकी हमारी प्रतिष्ठा का सवाल है। कार्यकर्ता गांव, मोहल्ले में जाकर बुर्जुगों का पैर कमल के फूल के लिए छुएं। राजनीति भाजपा के लिए




गरीबों की सेवा है।

उन्होंने कहा कि आज भी गुण्डे, शूटर मरे नहीं हैं। घर में छुपे बैठे हैं। आतंकवादी समाप्त नही हुए हैं। केवल मोदी जी के जाने का इंतजार कर रहे हैं। लाल चौक से तिरंगा उतर जाएगा। भारत माता की जय बोलना बंद हो जाएगा। दिल्ली की कुर्सी पर एक ईमानदार राष्ट्रभक्त बैठा है इसलिए आतंकवाद छिपा बैठा है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से पूछा कि कितने लोगों ने कमल के फूल के लिए सभी के दरवाजा की कुण्डी खटखटाते है। पं दीनदयाल उपाध्याय ने हजारों कुण्डी खटखटाई होगी। पहले जब कोई सेठ महाजन इन्हें बैठा लेता था, भोजन करवा देते थे तो कांग्रेसी उनकी बिजली कटवा देते थे। कोल्ड स्टोर में उनके आलू सड़ जाते थे। फिर भी वह सेठ झुकता नही था। कितनी कठिन परिस्थितियों में यहां तक पार्टी पहुंची। 2 सीटें से आज की स्थिति देखें। आज पं दीन दयाल उपाध्याय व अटल बिहारी बाजपेई का सपना साकार हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने कहा कि यह चुनाव कोई आम चुनाव नही है। यह चुनाव देश के निर्माण का चुनाव है। देश का स्थान दुनिया में स्थापित हो रहा है, इसका चुनाव है। मोदी सरकार बनने के बाद पूरा देश जो चाहता था वह कार्य किए गए। धारा 370 हटाई गई। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसलिए यह चुनाव अयोध्या के लिए महत्वपूर्ण है। यहां लगभग 50 हजार करोड़ से विकास हो रहा है। यह केवल 10 प्रतिशत है। मोदी तथा योगी सरकार का स्वप्न अयोध्या को विश्व की सबसे सुंदर नगरी बनाने का है। हम सभी कार्यकताओं को इसमें सहयोग करना है। चुनाव में सवाल हार-जीत का नहीं है। सवाल भारत को विश्व गुरू बनाने का है देश को पुनः सोने की चिड़िया बनाने का है। मोदी तथा योगी की इस मुहिम में हमें अपना योगदान देना है। देश में सर्वाधिक वोटों से लोक सभा फैजाबाद में जीत हो यह संकल्प हमको आपको लेना है।

इस दौरान लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रभारी श्री कृष्ण शास्त्री, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष तथा बीएलए उपस्थित रहे।

# दलितों के सांचे मे फिट नहीं बैठ रहा ब्राह्मण उम्मीदवार

- उम्मीदवार को स्वीकार नहीं कर पा रहे बसपा वोटर

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** बसपा ने फैजावाद संसदीस क्षेत्र से ब्राह्मण कार्ड खेलकर भाजपा को घेरने की जो रणनीति तैयार की है। वह फैजावाद के बसपा मतदाताओं के सांचे मे फिट नहीं बैठ रही है। बसपा उम्मीदवार का ब्राह्मण जाति से होना,भाजपा से टिकट लेने की लालच मे बसपा मे शामिल होकर दावेदारी कर टिकट प्राप्त कर लेना व मण्डल के बाहर के जनपद का निवासी होने के कारण जनपद के बसपा वोटर उम्मीदवार को मन से स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। बसपा के मतदाताओं को अभी भी बहन जी पर भरोसा है कि हो सकता है बहन जी उनकी भावनाओं को समझ कर प्रत्याशी का चयन दोबारा कर लें।

बसपा के कोर वोटरों की सदा से पहली पसंद सजातीय उम्मीदवार रही है।इस बार के चुनाव मे बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलकर भाजपा के गढ़ में सेंध मारने का प्रयास किया है। जो सफल होता नहीं दिखाई दे रहा है। बसपा के दलित वोटों का धुर्वीकरण होता दिखाई दे रहा है। बसपा के कोर वोटर राम मंदिर के नाम पर या तो भाजपा के साथ हैं। या फिर जातीय मुद्दे को देखते हुए सपा को भी वोट कर सकते हैं। फिलहाल तो अभी बसपा का कोर खामोश होकर यह आकलन कर रहा है कि किसका पलड़ा भारी है। फिर भी बसपा को वोट कर दलित मतदाता अब अपने वोट का मूल्य गंवाना नही चाह रहा। चुनावी आंकड़ों को देखा जाय तो यहां 1957 से 2019 तक के लोकसभा चुनाव मे मात्र एक बार सन् 2004 मे सफलता प्राप्त की थी।उस समय मित्रसेन यादव ने चुनाव लड़ा था। मित्रसेन यादव को दलित व यादव वोटों का समर्थन था। जिसके बल बूते पर उन्होंने परचम लहराया था। इसके आलावा फैजावाद संसदीय क्षेत्र मे कोई ऐसा प्रत्याशी मैदान मे नहीं आया जो कोई करिश्मा कर बसपा को विजय दिला सके। जहां तक दलित वोटों की बात है तो भले ही दलित मतदाताओं के वोट का प्रतिशत जिले मे सबसे अधिक होने के बावजूद संगठित नहीं है।दलित वोटर भाजपा व सपा मे बंटे हैं। ऐसे मे बचे कुचे वोटों के बल पर रामनगरी मे लोक सभा जीतना आसान नहीं हैं। फिर भी बसपा प्रत्याशी को अपनी जीत पर पूरा भरोसा है। उनका कहना है कि ब्राह्मण वोट भी उनके साथ है।

# 30 अप्रैल को होगी अवध विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शनिवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फर्रूख जमाल व कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने केन्द्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में प्रो0 जमाल ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में 30 अप्रैल को पॉच केन्द्रों पर कुल 28 विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी जिनमें 1498 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की शुचिता एवं पवित्रता के लिए 8 पर्यवेक्षक तैनात किए गए है। बैठक में प्रो0 फर्रूख ने बताया कि परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को केन्द्र पर 9 बजे तक पहुॅचना अनिवार्य होगा। केन्द्र पर मोबाइल व इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स पूर्णत प्रतिबंधित रहेंगे। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को पीएचडी प्रवेश-पत्र के साथ एक आईडी प्रूफ व पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। इसके बिना केन्द्र पर प्रवेश नही दिया जायेगा। विवि के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। परिसर के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग, भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, गणित एवं सांख्यिकी विभाग, प्रचेता भवन व दीक्षा भवन के केन्द्र पर केन्द्राध्यक्षों के साथ पर्यवेक्षक तैनात कर दिए गए है। पारदर्शीपूर्ण परीक्षा के लिए अधिकारियों व अन्य सदस्यों द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने सभी केन्द्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों से कहा कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा के दिशा-निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन करना होगा। बैठक में प्रो0 गंगाराम मिश्र, प्रो0 अनूप कुमार, डॉ0 पी0के0 द्विवेदी, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 अवध नरायण, डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 दिनेश सिंह, डॉ0 मनीष सिंह, इंजीनियर शोभित श्रीवास्तव, इंजीनियर नवीन पटेल, डॉ0 मोहन चन्द्र त्रिपाठी, रवि मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

## बसपा कितनी सफल होगी यह तो ईवीएम से निकले आंकड़े ही बता पाएंगे

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के बीटेक व एमसीए के छात्रों के लिए फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट व एडवांस 3-डी मॉडलिंग पर विषय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को लखनऊ की कंपनी कैड डेस्क के मुख्य विशेषज्ञ अमित श्रीवास्तव ने पायथन फुल स्टैक व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तकनीकी पक्षों से परिचित कराया। उन्होंने छात्रों को वेबसाइट डेवलपमेंट की भी उपयोगी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अन्य विशेषज्ञ एसपी प्रसाद ने 3-डी मॉडलिंग सॉफ्टवेयर पर चर्चा करते हुए एनीमेशन व डिजाइनिंग के विभिन्न टूल्स के बारे बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव गौड़ व विशेषज्ञों ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस कार्यक्रम में डॉ0 बृजेश भारद्वाज, डॉ0 लोकेन्द्र सिंह, डॉ0 आशुतोष सिंह, डॉ0 विनीत सिंह, डॉ0 अंकित श्रीवास्तव, डॉ0 दिनेश राव, इं. हर्षित सिंह, इं. शोभित श्रीवास्तव, इं. संजय चैहान सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

# राजन द्वारा अग्निपीड़ितों की मदद का सिलसिला जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर बीकापुर और रुदौली विधानसभा के अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम सभा में लगी आग से 28 परिवारों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। जिसकी सूचना मिलते ही जनपद के चर्चित समाजसेवी राजन पांडेय ने अपने सुपुत्र जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडे को मौके पर भेज कर सभी परिवारों को दरी चद्दर कंबल औरतों को वस्त्र तथा 500-1000 की त्वरित आर्थिक मदद भेजवा कर उनके दुखों को कम करने का प्रयास किया गया है।

समाजसेवी राजन ने दूरभाष पर मीडिया को बताया कि जीवन का सबसे बुरा दिन यही होता है अग्निकांड में तन पर स्थित कपड़े के सिवाय कुछ नहीं बचता है। उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य लोगों से



अपील की है कि आप लोग यथासंभव हर परिवार की मदद कीजिए ताकि उसको मुख्यधारा में लाए जा सके।

उन्होंने लोकसभा चुनाव रहे विभिन्न प्रत्यासियों पर रोष जाहिर करते हुए कहा की जब चुनाव में प्रत्याशी गरीबों के दुख में नहीं शामिल हो रहे है तो आम दिनों में कैसे शामिल होंगे।राजन ने अपने विरोधियों को ललकारते हुए कहा कि जो लोग मेरे उपर टिप्पणी करते है कि उनके द्वारा दिए 1000 रुपए में क्या होता है वो लोग जाकर अग्निपीड़ीत परिवार से पूछे क्योंकि परिवार को उस पैसे की वजह से 5 दिन खाने की चिंता नहीं करनी होती है।अंकित के साथ अनिल पाठक एडवोकेट किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नकुल पांडेय राजेश उपाध्याय पत्रकार पलिया प्रधान विजय सिंह नंद कुमार तिवारी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 108 एंबुलेंस के ईएमटी पायलट के सही इलाज की वजह से बची मरीज की जान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 108एंबुलेंस सेवा प्रतिदिन मरीज के लिए जीवन दायनी साबित हो रही हैं। समय से बीमार को अस्पताल पहुंचा कर जीवन बचाने से मरीज व उनके परिवार को चिंता मुक्त करते हुए ईश्वर की अनुकम्पा का हकदार भी एंबुलेंस कर्मी बन रहें हैं। इसी कड़ी में जिले के खानपुर (मिल्की पुर) के निवासी निर्भय सिंह पुत्र शेष नाथ सिंह ने ज़हर खाया हुआ था। जिसको परिजनों ने जिला अस्पताल आनन फानन एंबुलेंस 108 बुलाकर पहुचाया। जिला अस्पताल में तुरंत इलाज शुरू हुआ पर हालत में सुधार नहीं हो रहा था, तो उपस्थित डॉक्टर ने हायर सेन्टर दर्शननगर के लिए रेफर कर दिया परिजनों ने तुरंत 108 पर कॉल किया, मौके पर पहुंची एंबुलेंस संख्या यूपी 32 ईजी 4209 के ईएमटी सर्वेश मिश्रा व पायलट बबलू तिवारी के द्धारा मरीज को तत्काल लेकर रवाना हुए, रास्ते में मरीज की हालत खराब देख ईएमटी ने तुरंत ईआरसीएपी डाक्टर सुरेंद्र को कॉल किया और उचित उपचार की सलाह लेकर गाड़ी में ही प्राथमिक इलाज कर उसकी जान बचाते हुए तत्काल हायर सेंटर तक पहुंचाया।

# 10 अभियुक्तों को तामील कराई जिला बदर की नोटिस

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस ने 10 अभियुक्तों को जिला बदर का नोटिस तामील कर मुनादी कराई। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में गुण्डा व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है एवं गुण्डा एवं अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट, बाराबंकी द्वारा पारित जिला बदर आदेश के क्रम में कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना जैदपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण अशोक पुत्र कामता प्रसाद दशरथ पुत्र स्व0 छोटेलाल पुरुषोत्तम पुत्र शिवराज लवलेश पुत्र भारतलाल कुशमेश पुत्र भारतलाल धर्मेश उर्फ प्रधान पुत्र भारतलाल भुल्लू उर्फ कन्हैया पुत्र भारतलाल सरवन कुमार उर्फ पुतरी पुत्र रामनरेश रामकुमार पुत्र रामनरेश निवासीगण टेरा थाना जैदपुर को थाना जैदपुर पर पंजीकृत गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, राकेश वर्मा पुत्र कामता प्रसाद निवासी टेरा थाना जैदपुर को थाना जैदपुर पर पंजीकृत गुण्डा नियंत्रण अधिनियम) में जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी द्वारा जनपद से 06 माह के लिए जिलाबदर का आदेश पारित किया गया था। आज थाना जैदपुर पुलिस द्वारा जिला बदर का नोटिस तामील कर मुनादी कराई गई।

## 29 को हज यात्रियों का होगा टीकाकरण

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** हज की यात्रा पर बाराबंकी से जाने वाले हज यात्रियों का प्रशिक्षण व टीकाकरण कैम्प 29 अप्रैल को नगर पालिका परिषद सभागार में सुबह नौ बजे से होगा। जिसमें हज ट्रेनर्स द्वारा हज यात्रियों को हज यात्रा से सम्बन्धित ट्रेनिंग दी जाएगी। कैम्प में सीएमओ द्वारा गठित डाक्टरों की टीम द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले समस्त हज यात्रियों को क्वाड्रीवेलेन्ट, मेनिंगोकॉकल, मैनिजाईटिस व सीजनल इन्फ्लूएन्जा मैक्सिन का टीकाकरण किया जाएगा और ओरल पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा। यह जानकारी ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने दी है।

## पर्ची में दिखेगा प्रत्याशी का नाम, चुनाव चिह्न

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी के कक्षा 12 की छात्रा ममता कनौजिया के द्वारा बनाए गए कार्टून के माध्यम से बताया गया है कि यदि कोई मतदाता जानना चाहता है कि वह जिस प्रत्याशी के पक्ष में वोट देता है तो वह वोट उसी प्रत्याशी के पक्ष में गया है इसकी पुष्टि कैसे करेंगे, तो इसका जवाब देते हुए बताया गया कि मतदाता द्वारा वोट के लिए बटन दबाने के बाद वीवीपैट में 7 सेकेंड तक एक पर्ची दिखाई देती है, जिसमें प्रत्याशी का नाम व चुनाव चिह्न दिखता है।

## 2024 के चुनाव में किसान नौजवान बेबसी का बदला भाजपा सरकार से लेगा : विधायक

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मोदी सरकार ने किसानों के अरमानों पर बिजली गिरायी है। इनकी सरकार में देश का अन्नदाता खून के आँसू बहा रहा है। सरकार की जिद के चलते 800 किसानों को अपनी जिंदगी गवानी पड़ी लेकिन ना तो उनकी आय दुगनी हुयी और न ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारण्टी मिली 2024 के लोकसभा के चुनाव जो इस देश के अन्नदाता, नौजवान के मान सम्मान का चुनाव है जिसमें किसान और नौजवान अपनी बेवसी का बदला वोट की ताकत से लेगा। उक्त उद्गार सदर विधायक धर्मराज उर्फ सुरेश यादव ने आज विकास खण्ड बंकी के ग्राम टेटेपुर लखैचा में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में प्रदीप कुमार यादव प्रबन्धक सन्त सीताराम पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित जनसभा में व्यक्त किये। जिसकी अध्यक्षता अयोध्या दास (महन्त) तथा संचालन मोहम्मद ईसा ने किया।

पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने इण्डिया गठबन्धन के पक्ष मे मतदान करने की अपील करते हुये कहा कि देश के प्रधानमंत्री आवाम से झूठ बोलने का काम कर रहे हैं कांग्रेस पार्टी किसी का हक छीनने मे नही हक दिलाने मे विश्वास करती है देश की जनता को उसका हक मिले उसके साथ न्याय हो इसलिये पार्टी में पाँच न्याय व 25 गारण्टी के साथ जनता के बीच इस चुनाव मे आयी है। पूर्व विधायक राम मगन रावत व पूर्व ब्लाक प्रमुख हरख सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। जनसम्पर्क अभियान के इसी क्रम में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने विकास खण्ड देवां के कांग्रेस अध्यक्ष फरीद अहमद के साथ रसूलपुर किदवई, अजगना, गोदहा, बेरहरा, बिकौलिया, करखा, दुपहटा, रमना, गौरिया, अलीपुर, टिकरापट्टी, रामपुर, साहपुर, करौंदा, मैनाहार, तिंदोला, मुरादाबाद, नरगिसमऊ का भ्रमण किया।

# भाजपा की सदस्यता ग्रहण पर हुआ जनपद में जोरदार स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर काग्रेस के पूर्व सांसद संतोष सिंह जिन्होने हाल ही में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है का भाजपा जिला कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह के साथ सैकड़ो की संख्या में समर्थक और काग्रेस के पूर्व पदाधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वालो में पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस हवलदार सिंह, मालती मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा, जय नारायण चौहान, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, नेसार अहमद, हरिकेश मिश्रा, राजगुरू मिश्रा, ओम प्रकाश सिंह, तहसीलदार सिंह, सेराज अहमद, संजय राय, विरेन्द्र सिंह, संजय सिंह कमलेश तिवारी समेत सैकड़ों लोग सामिल रहे।

इस अवसर पर पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मैने कांग्रेस में अपना जीवन दिया। मुझे लगता था



की कांग्रेस ही वह पार्टी है जो देश को सुरक्षित रख सकती राष्ट्रीय एकता बनाए रख सकतीहै। लेकिन विगत कुछ वर्षो से कांग्रेस जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद नक्सलवाद और पीएफ आइ के साथ खड़ी हो गई है। कांग्रेस का अस्तित्व खत्म हो रहा है उत्तर प्रदेश में वह सपा की कहार बन कर रह गई है। काग्रेस सनातन का विरोध कर रही है।सेना के सौर्य पर प्रश्न उठा रही है। मोदीजी के नेतृव में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र के साथ देश की एकता अखंडता और विकास के लिए जो कार्य हो रहा है। राष्ट्रियता की भावना भाजपा के विचारो मे है। मोदीजी और योगी जी के कार्यो से प्रभावित होकर हम सभी ने भाजपा की सदस्यता ली है। और भाजपा के साथ राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देंगें। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश राय, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ब्रजेश यादव, विनोद उपाध्याय, अरविंद जायसवाल, अवनीश मिश्रा, अजय सिंह, मनीष मिश्रा, आजाद अनिमर्दन, हरिवंश मिश्रा, सुनील राय, पवन देव त्रिपाठी, विवेक निषाद, अभिनव श्रीवास्तव, मौजूद रहे।

# अमरपाली दुबे ने मुबारकपुर की सड़को पर उतर मांगा निरहुआ के लिए वोट

*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** भोजपुरी स्टार अमरपाली दुबे भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ के चुनाव प्रचार के लिए मुबारकपुर पहुंची जहां उन्होंने जनसंपर्क किया उन्होंने उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है कि वो वोट मांग सके। भाजपा सरकार ने विकास के बल पर पुनः सत्ता में आएगी पिछली बार से ज्यादा इस बार जनता दिनेश लाल निरहुआ को वोट देकर दोबारा संसद में भेजने का काम करेगी।

दिनेश लाल निरहुआ के आग्रह पर भाजपा सरकार आजमगढ़ में यूनिवर्सिटी एयरपोर्ट और सड़कें जैसे बड़े काम कर विकास की मिसाल कायम की है। विकास ही हमारा मुद्दा है काम ही हमारा वोट है काम किए हैं और काम करेंगे। यह हमारा वादा



है अंत में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे आजमगढ़ और आजमगढ़ के लोगों से काफी लगाव है इसलिए मैं आप लोगों से अपील करती हूं कि स्थिर और मजबूत केंद्र की सरकार के साथ आजमगढ़ के लोग भी जुड़े। लोगों के आग्रह पर भोजपुरी अंदाज में गीत गाया ए राजा हमें आजमगढ़ दिखाई दा मुबारकपुर की साड़िया दियाई दा। उनकी गीत सुनकर लोग झूम उठे। इस अवसर पर लोक सभा संयोजक विनोद राय,लालगंज विधान सभा विधान सभा संयोजक प्रमोद राय, दीदारगंज विधान सभा प्रभारी संचिता चौहान संयोजक भानु गुप्ता, निवर्तमान जिला अध्यक्ष ऋषिकांत राय,मंडल अध्यक्ष बरदह बृजेश राय, अग्निवेश राय, कुंदन राय, विनीत सिंह, विनीत राय,अभिषेक सिंह, रूपचंद्र सरोज, अंबरीश पटेल, अभिमन्यु राय आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश में हो रहा लगातार व्यापारियों का शोषण : प्रदीप जायसवाल

*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल जी आजमगढ़ पार्टी कार्यालय पर चुनाव संबंधित समीक्षा की इसमें जिला के व्यापारी समेत पार्टी के पदाधिकारी ने चुनाव पर चर्चा की और व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने को कहा और नारा दिया व्यापारी जोड़ो भाजपा का पोल खोलो और उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में लगातार व्यापारियों का शोषण हो रहा है। वर्तमान सरकार में व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए व्यापारी साथी तैयार है। समाजवादी सरकार में व्यापारी के बीमा योजना थी। अडानी अंबानी का कर्ज माफ और गरीब गरीब किसान और व्यापारियों से कर्ज वसूली के लिए उत्पीड़न यहां तक कि नीलामी भी करवा भी कर रही है भाजपा सरकार इंडिया गठबंधन जो है। समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए सोच है।

# प्रयास ने पीड़ितो कि सहायता

*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** जनपद में प्रयास सामाजिक संगठन के साथी इसी दर्द और पीड़ा को समझते हुए निरंतर समाज के शोषित पीड़ित असहाय वर्ग के दुखती रगों पर मरहम लगाने का कार्य कर रहें हैं। उसी क्रम में आज पल्हनी ब्लॉक के नीबी ग्राम स्थित एक बहुत ही असहाय बेबस विधवा महिला को इस भीषण गर्मी में घर में पानी का कोई बिकल्प न देख हैंड पाइप सेट का सहयोग किया गया। हैंड पाइप का सहयोग एक फर्म ने अपना नाम नहीं बताने के नाम पर किया फर्म के मालिक ने कहा प्रयास संस्था के साथियों का कार्य सराहनीय है इनके द्वारा चुना गया पात्र जरूरतमंद होगा इसमें कोई शक नहीं, इस आधार पर हमने मदद किया और आगे भी, जहां हमारे लायक सेवा होगी हम जरूर करेंगे।-हैंड पाइप का सहयोग पाकर सुमित्रा देवी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि समाज में अभी भी गरीबों की सुनने वाले लोग हैं उन्होंने बताया कि हमको आशा नहीं थी कि कोई हमको




दसों हजार की मशीन दान कर देगा। -भावुक मन से उन्होंने प्रयास संस्था के साथियों को तथा फर्म के मालिक के प्रति आभार जताया।

## टूट कर गिरा बिजली का तार फसल जल कर राख

**आजमगढ,संवाददाता।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के बड़ागांव में शनिवार को टूट कर गिरे बिजली के तारों में हुई। स्कार्पिंग से निकली चिंगारी से किसानों की सब्जी की फसल जल कर राख हो गई। शनिवार की सुबह निजामाबाद तहसील के बड़ागांव में बिजली का तार टूट कर एक झाड़ी पर गिर गया। तारों के बीच हुई स्पार्किंग से निकली चिंगारी से झाड़ी में आग लग गई और आग ने आसपास मौजूद दो किसानों के सब्जी की फसल को पूरी तरह से जला कर राख कर दिया। गांव निवासी सुरेंद्र चौहान व बेलासा चौहान की पूरी फसल ही जल कर बर्बाद हो गई। आग लगते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, लेकिन बिजली का तार टूट कर गिरा होने के चलते कोई बुझाने का प्रयास नहीं सका। सब स्टेशन पर फोन कर लाइट कटवाने के बाद लोगों में काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को भी सूचना दिया लेकिन आग बूझ जाने के बाद वह मौके पर नहीं पहुंचे।

## जिला कारागार का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण



**आजमगढ़,संवाददाता।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा संयुक्त रूप से आज जिला कारागार आजमगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरक एवं जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग कर कैदियों से वार्ता की गयी एवं उनकी समस्याओं सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। इसी के साथ ही जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एवं जिला कारागार के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेधावी बच्चों का डीएम, सीडीओ से संवाद, सफलता के दिए टिप्स

अवधनामा संवाददाता



**सम्मान समारोह एवं आईएएस से मिलिए कार्यक्रम में प्रदेश के टॉपरों ने साझा किए सफलता के अहम बिंदु**

**सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2024 में जनपद से प्रदेश एवं जिले में टॉपर समेत मेधावी 105 छात्रों को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह एवं आईएएस से मिलिए कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ मेधावी छात्रों ने संवाद किया।

डीएम, सीडीओ से उनकी सफलता के बारे में जानकारी चाही। नीट, जेई एडवांस के साथ सिविल सर्विस की तैयारी की जा सकती है या नहीं, सिविल सर्विस की तैयारी के लिए विज्ञान वर्ग या साहित्य वर्ग किसको चुना जाए, आईएएस बनने के लिए विषय का चुनाव, तनाव दूर करने के उपाय, हाईस्कूल के साथ ही सिविल सर्विस की तैयारी की जाये या नहीं आदि प्रश्न किया गया। छात्राओं द्वारा बताया गया कि 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर अभिभावकों का शादी करने का दबाव बढ़ जाता है जिसके निराकरण के बारे में पूछा। डीआईओएस सोमारू प्रधान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेधावी बच्चों को भविष्य में प्रोत्साहित करने के लिए हर किसी को बेहतर प्रयास करने चाहिए। संचालन जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई के प्रवक्ता सच्चिदानंद शुक्ला ने किया। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार राय, राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, पचमोहनी के करूणाकांत, इनरीग्रांट के विश्व प्रकाश सिंह, परसाजमाल के अभिषेक कुमार समेत माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राम विलास यादव, जिला मंत्री हृदय नारायन मिश्र, प्रधानाचार्य विनय अनमोल, तनवीर अहमद खान, वीके चौधरी, विक्रम यादव, राम केवल विश्वकर्मा, डीआईओएस दफ्तर के उमाशंकर, मंसब आदि उपस्थित थे।

**सम्मानित होने वालों में प्रदेश और जिले के मेधावी:** हाईस्कूल के मेधावी उजाला, खुशी पांडेय, मो. खालिक, शांभवी द्विवेदी, हिमा यादव, मांसवी मिश्रा, अर्चिता, आलोक कुमार, देवेश त्रिपाठी, अंशिका नियार, सत्यम यादव, आशीष गुप्ता, अनमोल प्रताप सिंह, फराहत जैबी, सुमित कुमार द्विवेदी, दिव्या भारती, शिवम गुप्ता, शिव कुमार, श्रेया श्रीवास्तव, उत्कर्ष त्रिपाठी, मंतसा फातिका, साक्षी श्रीवास्तव, ममता मौर्या, इंटरमीडिएट में चार्ली गुप्ता, पलक सिंह, निधि, अंशिका चौधरी, अपराजिता, अर्पिता द्विवेदी, अफजुलरहमान, श्रेयाजल, रतन श्रीवास्तव, भव्या सिंह, महिमा चौधरी, शाक्य पटेल, विकास यादव, स्तुति त्रिपाठी, पलक श्रीवास्तव, प्रभुनाथ यादव, अन्नया, इंदु, गौरव, सलमान खान, अनम प्रवीन शामिल थे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु डीएम ने पिंक (स्कूटी) रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु लोहिया कला भवन से महिलाओं द्वारा पिंक(स्कूटी) रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मतदाता जागरूकता रैली का समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ग्राउण्ड पर हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं का लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2019 में मतदान प्रतिशत पुरूषों की अपेक्षा अधिक था। अधिकांश महिलायें हर क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। आप सभी अपने स्कूल एवं अपने क्षेत्र के आस-पास के लोगों 25 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। पहले मतदान फिर जलपान करने का आह्वाहन करें। सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी है इस रैली के माध्यम से गांव गांव व जन-जन तक मतदान करने का संदेश पहुंचे। हमें पूर्ण विश्वास है कि जनपद के सभी महिला/पुरूष एवं युवा मतदाता शत प्रतिशत मतदान करके इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी देकर जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ायेंगें। मतदाता जागरूकता रैली में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, पुलिस विभाग की महिला कान्सटेबल/ आरक्षी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं स्कूल की शिक्षिकायें शामिल थी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डी0सी0 एनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## बसपा ही रोक सकती है देश में हो रहे गरीबो पर अत्याचार : शमीम



अवधनामा संवाददाता

**बाँसी।** देश प्रदेश मे हो रहा गरीबों मजलूमो दलितों पर अत्याचार केवल बसपा की सरकार मे बहन मायावती रोक सकती है भाजपा सरकार में है अपराधियों का बोल बाला है महगाई चरम पर है जनता आशा भारी निगाहु से बसपा की तरफ देख रहीं है। उक्त बातें बसपा जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने बाँसी विधानसभा जनसम्पर्क के दौरान कहा की बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव मे 2004 का इतहास दुहराए गी 2024 लोक सभा चुनाव में बसपा कार्यकर्ता पूरे पूरी ताकत से अपने-अपने बूथों पर तन मन धन से लगे हुए है। भाजपा सरकार मे अल्पसंख्यक दलितों पिछड़ों सर्व समाज के गरीबों पर दबंगों द्वारा अत्याचार किया जा रहा सरकार बेबस हो कर देख रही है महगाई चरम पर है गरीब गरीब हो रहा है अडानी अम्बानी के हाथों देश को बेचा जा रहा है सर्व धर्म व जाति के गरीबो की सुरक्षा केवल बसपा की सरकार मे है आने वाले दिन 2024 बसपा का है बसपा को मजबूत करने के लिए बूथों पर काम करे कार्यकर्ता जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से चन्द्र बहाल गॉवतम मोहम्मद कैफ रामनरेश गौतम रघुनाथ प्रसाद सतीश चंद्र रामनयन आनन्द रामकिसून सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई डीएचएस एवं विशेष संचारी रोग, क्षय रोग की समीक्षा बैठक

## डीएम ने डीसीपीएम को लगाई फटकार

अवधनामा संवाददाता



**लोटन एमओआईसी का वेतन रोकने का दिया निर्देश**

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं विशेष संचारी रोग, क्षय रोग की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी सी.एच.सी./पी.एच.सी. पर सभी प्रकार की निःशुल्क जांचो का वाल पेन्टिंग कराने एवं टीकाकरण का शेड्यूल एवं दवाओ की उपलब्धता के बारे में सूची चस्पा कराने का निर्देश दिया। अनटाइड फन्ड से आवश्यक सामग्री क्रय करने का निर्देश दिया। वीएचएनडी सत्र पर पोषाहार/दवा के बारे में स्टैण्डी लगाकर लोगो को जानकारी देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा ई-कवच पोर्टल पर आशा, बीपीएम, बीसीपीएम द्वारा डाटा फीडिंग की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने समस्त डाटा समय से व सही डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी उपकेन्द्रो पर गर्भवती महिलाओ की डिलेवरी कराने तथा सही ढंग से काम न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन कराने, उनका समय-समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने के साथ पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया। डीसीपीएम द्वारा उपकेन्द्रों का डाटा फीडिंग सही न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया गया। लोटन एमओआईसी को मीटिंग में उपस्थित न होने पर वेतन रोकने का निर्देश दिया। अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने का निर्देश दिया। ई-संजीवनी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मरीजों को टेली मेडिसिन सुविधा उपलब्ध करानें हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सी.एच.सी./पी.एच.सी. पर पीने के पानी की व्यवस्था एवं साफ-सफाई व्यवस्था होना चाहिए, शौचालय क्रियाशील हो जिससे आने वाले मरीजो को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी द्वारा परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पीसीपीएनडीटी, रोगी कल्याण समिति, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा डीके चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ प्राचार्य मेडिकल कालेज डा एकेझा, डीपीएम, डीसीपीएम मानबहादुर, समीर सिंह, डा सौरभ चतुर्वेदी, डा0 लक्ष्मी, समस्त सीएचसी/ पीएचसी के एमओआईसी, बीपीएम, बीसीपीएम आदि उपस्थित रहे।

## गुमशुदा बालक को बारात मालिक को किया सुपुर्द



**शोहरतगढ़ अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर प्राची सिंह के आदेश के क्रम मे पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ दरवेश कुमार के पर्यवेक्षण में शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खुनुवां जगतनरायन यादव मय हमराह द्वारा अथक प्रयास व काफी खोजबीन करने के पश्चात शुक्रवार को दुर्गेश केवट पुत्र चंद्रिका केवट निवासी मिश्रौलिया थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर (नेपाल) बारात आया था रास्ते में ग्राम पंचायत बगहवा पुलिस चौकी क्षेत्र खुनुवा में गाड़ी से उतर गया था। शनिवार को चौकी प्रभारी खुनुवां जगतनरायन यादव मय टीम के द्वारा अथक प्रयास व काफी खोजबीन करने के पश्चात बारात मालिक राजेंद्र प्रसाद पुत्र नन्हू निवासी उपरोक्त गांव के बृजेश कुमार बिंदु लाल को बालक/गुमशुदा उपरोक्त को सुपुर्द किया गया । पुलिस के इस कार्य की क्षेत्र की जनता के द्वारा भूरि -भूरि प्रशंसा की जा रही है। इस दौरान चौकी प्रभारी खुनुवा जगतनरायन यादव, हे0का0 खुर्शीद अहमद,का0 भुवाल प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कुमारी विंध्यवासिनी कक्षा 10 ने प्रथम स्थान तथा ममता राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, निबंध लेखन में ममता राजपूत ने प्रथम श्यामिनी ने द्वितीय स्थान, भाषण प्रतियोगिता में कु.श्यामिनी ने प्रथम, ममता राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी ने प्रतियोगिता में स्थान हासिल किए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार द्विवेदी, अरुण लाल श्रीवास्तव, श्याम सुंदर, सोनाली देवी, अंगद प्रसाद तथा सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### बाढ़ से निपटने के लिये डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

## गांवों के लोगों की डायरेक्टरी बनायी जाये

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ से निपटने हेतु गठित स्टेयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कटान स्थलों का निरीक्षण कराए जा रहे कार्यों का ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया। सभी बन्धों का 10 मई से पूर्व निरीक्षण कर लें तथा इसमें रेनकट व रैटहोल वाले स्थानों को चिन्हित कर मरम्मत कार्य करायें। बाढ़ बचाव हेतु बोल्डर्स, बालू भरी बोरियां, जी0ओ0 बैग्स, अन्य सामग्री व स्टाफ / मजदूरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। अति संवेदनशील तटबन्धों पर किए गए कार्यों का सत्यापन तथा निरीक्षण कार्य किया जाए। वर्षा अवधि में बाढ़ क्षेत्रों में सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।तटबन्धों/बंधों के कटान एवं दरार आदि को रोकने के समुचित उपाय किए जाएं तथा जो निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं अथवा कराये जाने हैं उनमे गति लाते हुए बाढ़ से पूर्व पूर्ण करा लिया जाये। तहसील टाण्डा के ग्राम केवटला, मझाकला नदी में बाढ आने पर कटान होती है। स्थल निरीक्षण कराकर अग्रिम रोक धाम के प्रबन्ध किये जाए। तहसीलदार / एसडीएम कंट्रोल रूम की स्थापना करके उसमें शिफ्टवार ड्यूटी की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों की डायरेक्टरी बनायी जाय। जिसमें उनके मोबाइल नम्बर आदि का ब्योरा एकत्रित किया जाए। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने से पूर्व बाढ़ से सम्बंधित कार्य में लगे जनपद स्तर के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों, नाविकों के मोबाइल नम्बर तथा पते की डायरेक्टरी तैयार करे।स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नावों का विवरण एकत्र करते हुए नाविकों व गोताखोरों को चिन्हित कर उनका ब्योरा जुटा लें। उनके मोबाइल नम्बर आदि की डायरेक्टरी तैयार कर लें।

तहसीलदार/ उपजिलाधिकारी बाढ़ग्रस्त होने वाले ग्रामों के प्रभावित परिवारों की सूची बना लें। बीमार व अशक्त लोगों और 5 साल तक की आयु के बच्चों की सूची अलग से बनाए। शासन से प्राप्त निर्देशों के उपरान्त खाद्यान्न (बाढ़ राहत सामग्री), डिगनिटी किट और पका भोजन आदि की तैयारी ई-टेण्डर के माध्यम से किया जाएगा। बाढ़ से उत्पन्न होने वाले विभिन्न बीमारियों से निपटने हेतु दवा की व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। बाढ़ के दौरान स्टाफ की ड्यूटी लगाने हेतु सूची तैयार कर उपलब्ध कराएं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त वांछित दवाईयों का चिन्हांकन कर समुचित स्टॉक की व्यवस्था सुनिश्चित करें।बाढ़ के दौरान सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने के कारण वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## भक्त प्रह्लाद प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज क्षेत्र के महुआरा गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार की रात कथावाचक स्वामी आलोकानंद शास्त्री ने भक्त प्रह्लाद प्रसंग का वर्णन किया। जिसे सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। कथा व्यास ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। उन्होंने बताया कि कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य



भोगने का वरदान प्राप्त हुआ। इस दौरान आचार्य राधेश्याम पांडेय, हरिश्चंद गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, आकाश, राहुल यादव, अनिरुद्ध आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लटकती मिली युवक का शव



**शोहरतगढ़ अवधनामा संवाददाता।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुनी में दीपू उर्फ दीपक पुत्र स्वर्गीय रमेश उम्र 22 वर्ष जो शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोगीबारी का रहने वाला था।वह बचपन से अपने ननिहाल जमुनी में रहता था और शुक्रवार रात में दस बजे वह घर से निकला। रात में घर नहीं लौटा और शनिवार सुबह के समय जब गांव के लोग जमुनी गांव के पश्चिम बगीचे में देखे तो दीपक की लाश पेड़ से लटकती हुई पाई गई। और गांव वालो की पहचान करने पर दीपक के रुप में हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर चिल्हिया थानाध्यक्ष अमित कुमार मय टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर पेड़ से लटकता हुआ शव मिला। शव को नीचे उतरवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जाम नाली गंदगी का अम्बार



**पौली अवधनामा संवाददाता।** ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए सरकार जहाँ साफ-सफाई पर विशेष जोर दे रही है। वही पंचायतों मे तैनात सफाईकर्मियों व विभागीय जिम्मेदार अधिकारियो के लापर्वाही के चलते पंचायतों की गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसका नमुना विकास खन्ड पौली के ग्राम पंचायत धौरहरा में जाम पड़ी नाली, पंचायत भवन पर गंदगी का अंबार है शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीणो मे आक्रोश व्याप्त है। गांव वाले शादी विवाह के समय मजदूर लगा कर पंचायत भवन को कराते हैं साफ जिससे ग्रामीण जितेंद्र गुप्ता महेश चौरसिया इंदल गुप्ता, बजरंगी गुप्ता अमन ,चंद्रभान यादव ज्ञान जी, विजय कुमार अभिषेक विश्वकर्मा, उदय राज अग्रहरी ने बताया कि गाँव मे तैनात सफाई कर्मी न जाने कब आते हैं लेकिन हम लोग के घरों के सामने की नाली और पंचायत भवन की कभी नहीं होता साफ और गाँव की सडको व गलियो मे गन्दगी जमा हो गई है। सार्वजनिक व अन्य जगहो पर जमा हुई गन्दगी से उठ रही दुर्गन्ध लोगो का बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। हम सभी को अब संक्रामक बिमारी फैलने की आश्ंका सताने लगी है। ग्राम प्रधान उदय राज अग्रहरी ने बताया कि धौरहरा गांव का एक पूरवा पूरेसुखलालपुर है जहां सफाई कर्मी तैनात ही नहीं है उस पुरवे पर हमेशा गंदगी का अंबार लगा रहता है। इस सम्बन्ध मे एडीओ पंचायत दल सिगार यादव ने बताया कि यदि इस तरह समस्या है तो उस ग्राम पंचायत के सफाई कर्मी को भेज कर सफाई कराई जाएगी और न कार्य करने पर उक्त के उपर कार्य वाई किया जाएगा।

## राहुल गांधी के आने की सुगबुगाहट से अमेठी में चढ़ा सियासी पारा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** संसदीय क्षेत्र अमेठी का चुनावी पारा गर्मी के मौसम के अनुरूप दिनों दिन चढ़ता जा रहा है। कारण की राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। माना यह जा रहा है कि शनिवार की शाम कांग्रेस चुनाव समिति की होने वाली बैठक में संसदीय क्षेत्र अमेठी से राहुल गांधी और संसदीय क्षेत्र रायबरेली से प्रियंका गांधी के नाम की घोषणा हो सकती है। इस खबर से जहां कांग्रेसी कार्यकर्ता पूरे जोश में दिखाई दे रहे हैं वहीं अमेठी के आम जनमानस में भी राहुल गांधी के चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट से काफी दिलचस्पी देखी जा रही है।यहां का चुनावी माहौल पिछले कई दिनों से ठंडा नजर आ रहा था। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी लगातार नुक्कड़ सभाएं और जनसंपर्क करती रही। उधर कांग्रेस कार्यकर्ता गांव में कांग्रेस का घोषणा पत्र लेकर भ्रमणशील अवश्य रहे लेकिन हर तरफ एक ही सवाल दिखाई दे रहा था क्या राहुल गांधी कांग्रेस से प्रत्याशी होंगे। यह सवाल आम जनता जहां एक दूसरे से पूछ रही थी वहीं कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के सामने जनता के इस प्रश्न का सीधा कोई जवाब नहीं था।शनिवार को एक टीवी चैनल ने अमेठी में कार्यक्रम रखा था जिसके दरमियां भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के समर्थकों के अलावा आम जनमानस भी मौजूद था। डिबेट के दौरान यह दिखाई दे रहा था की कोई किसी से कम नहीं।दिखा की कांग्रेसियों को यह भरोसा भी है कि राहुल गांधी ही अमेठी से कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे। हालांकि इसके संकेत मिल रहे हैं औपचारिक घोषणा शेष है।उल्लेखनीय है कि गांधी नेहरू परिवार का गढ़ कहा जाने वाला अमेठी की सियासत में सिर्फ तीन बार ऐसे मौके आए जब लोक सभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को शिकस्त खानी पड़ी। शेष यहां कांग्रेस का ही प्रतिनिधित्व रहा। तत्कालीन कांग्रेस सांसद विद्याधर वाजपेई ने 1977 में यह सीट संजय गांधी के लिए छोड़ी थी। तब से लेकर गांधी नेहरू परिवार अमेठी की सियासत में डटा रहा।

### सूचना

जमील अहमद पुत्र श्री अ. मजीद नि. ग्राम जमालपुर थाना जनक पुरी ज़िला सहारनपुर अपने होश और हवास मैं श्रीमति रूबी पत्नी श्री अहमद पुत्री श्री जमील अहमद और अहमद पुत्र श्री मोश्र यामीन मूल नि. मो. महल अकबर डंपी वाली गली, थाना रामपुर मनिहारन ज़िला सहारनपुर हाल नि. सी 65 टोंस कॉलोनी, डाक पत्थर, देहरादून मेरी संपत्ति हड़प करने की साज़िश रच रहे हैं तथा मुझे खतरनाक धमकियां दे रहे हैं। अतः मैं उक्त दोनों को अपनी कुल अचल संपत्ति से बे दखल कर उनसे सभी तरह से संबन्ध खत्म कर रहा हूं आज के बाद अपने किसी भी कार्य और लेन देन हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होंगे।

### सूचना

मैं इदरीस पुत्र श्री जाननी निश्र गांव हडोड़ा थाना गागल हेड़ी, ज़िला सहारनपुर सूचित करता हूं कि मैनें अपने पुत्र शहजाद को उसके गलत आचरण और संगत के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उससे सभी संबन्ध खत्म कर लिए हैं अपने किसी भी कार्य और लेन देन हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा।

### सूचना

मैं संदीप अग्रवाल पुत्र श्री राम अग्रवाल नि. 131,आवास विकास, हरि मंदिर रोड, थाना सदर बाजार, सहारनपुर सूचित करता हूं कि रोज़ रोज़ की कलह , बुरी संगत और गलत आचरण के कारण आज मैने अपने पुत्र राघव सिंघल और पुत्र वधु मानसी कंसल निश्र हरि मंदिर, थाना सदर बाजार, सहारनपुर से अपने सभी पारिवारिक संबंध खत्म कर उनको अपनी कुल चल अचल संपत्ति से भी बे दखल कर दिया है अपने किसी भी कार्य और लेन देन हेतु भविष्य में वोह दोनों खुद ही ज़िम्मेदार होंगें।

## व्यक्तिगत आक्षेप की खबरें प्रकाशित करने से बचें



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता, विज्ञापन, पेड न्यूज़ के संबंध में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें इस संबंध में आयोग के निर्देशों से प्रेस प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए उनसे सहयोग की अपील की गयी। इस अवसर पर एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने कहा कि जाति, धर्म या भाषा के मतभेदों को बढाने वाले समाचार प्रकाशित ना किये जाये। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि व्यक्तिगत आक्षेप की खबरें प्रकाशित करने से बचें। उन्होने कहा कि जाति या सम्प्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील प्रकाशित नही की जाये। निर्वाचन के दौरान पूजा के स्थलों को प्रचार हेतु प्रयोग नही किया जायेंगा।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के बसखारी थाना इलाके के परडिया फौलाद पुर गांव में देर रात किराने की दूकान में शार्ट सर्किट से आग लगने से दुकान में रखा लाखों का समान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।सूचना के अनुसार बसखारी थाना इलाके के परडिया फौलादपुर निवासी मंशाराम यादव पुत्र शीतला प्रसाद गांव में अपने मकान में किराना एवं जनरल स्टोर की दुकान रखे थे। उन्होंने रोजाना की तरह शाम को दुकान बंद कर दिया। बताया जाता है कि देर रात बिजली के शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गयी। आग लगने की सूचना पर आस पास के ग्रामीण इक्कठा हो गए और आग को बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों द्वारा घंटों की कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू गया, लेकिन तब तक आग से दुकान में रखा टीबी, फ्रिज कूलर तथा जनरल स्टोर और किराना का करीब 4 लाख का समान जलकर राख हो गया। प्रभारी निरीक्षक बसखारी संत कुमार सिंह ने बताया कि किराना एवं जनरल स्टोर की दुकान में आग लगी थी।

## विरासत कर पर बवंडर

कांग्रेस में छोटे-छोटे टाइम बम होते हैं। वे जब भी फटते हैं, तो कांग्रेस का बड़ा नुकसान होता है। अमरीका में बसे सत्य नारायण गंगा राम पित्रोदा (सैम पित्रोदा) ऐसे ही बम हैं। वह कई संवेदनशील और राष्ट्रीय घटनाओं पर अनाप-शनाप बोलते रहे हैं। वह 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष हैं। जब भी केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार बनी है, उसमें उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मनमोहन सरकार में भी वह 'राष्ट्रीय ज्ञान आयोग' के अध्यक्ष थे। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सलाहकार थे और भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार में उनका योगदान अहम रहा है। वह पार्टी का चुनाव घोषणा-पत्र लिखने वालों में एक रहे हैं। आजकल सैम पित्रोदा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सलाहकार और रणनीतिकार हैं। यदि ऐसा शख्स, भारत के संदर्भ में, कोई बयान या परामर्श देता है, तो वह उसका 'निजी' कैसे हो सकता है? कांग्रेस अपना पल्ला कैसे झाड़ सकती है? सैम ने अमरीका के 6 राज्यों में लागू 'इंहेरिटेंस टैक्स' (विरासत कर) का उल्लेख किया है कि किसी अमरीकी व्यक्ति की मौत के बाद उसकी संपत्ति का 45 फीसदी हिस्सा बच्चों, परिजनों को मिलता है। शेष 55 फीसदी सरकार ले लेती है। यह कानून एक निश्चित आय के वर्ग पर ही लागू होता है। अमरीका के अलावा जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, जापान और दक्षिण कोरिया आदि देशों में भी विरासत-कर की व्यवस्था है। वे देश जनता और समाज के प्रति व्यक्ति का दायित्व मानते हैं, लिहाजा उसकी संपत्ति में सामाजिक-सार्वजनिक हिस्सेदारी भी मानी जाती है।

भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है, लिहाजा सैम पित्रोदा का सुझाव था कि भारत में भी इस विषय पर बहस और चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा-एनडीए ने तुरंत इस मुद्दे को भी लपक लिया। प्रधानमंत्री ने यहां तक टिप्पणी की कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। निजी संपत्तियों को छीन कर उन्हें एक समुदाय विशेष में बांटने का मुद्दा बेहद उग्र हो रहा था, 'विरासत-कर' पर भी बवंडर छिड़ गया है। अब चुनाव की दिशा और लहर ही बदल गई है। भारत में 1953 से 1985 तक एक कानून लागू था-'एस्टेट ड्यूटी एक्ट।' उसके तहत 20 लाख रुपए या अधिक की संपत्ति पर 85 फीसदी तक टैक्स देना पड़ता था। वह विरासत-कर का ही एक रूप था। 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस कर को निरस्त किया, लेकिन कांग्रेस और भाजपा के वित्त मंत्री इस कर की पैरवी करते रहे। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेतली ने 2018 में कहा था कि विरासत-कर से विदेशों में अस्पतालों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों को वित्तीय अनुदान मिलते रहे हैं, लिहाजा इस कर पर विमर्श किया जाना चाहिए। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट के दौरान 'इंहेरिटेंस टैक्स' का उल्लेख किया था। फिलहाल भारत में इस कर-व्यवस्था के प्रावधान नहीं हैं। किसी पार्टी के चुनाव घोषणा-पत्र में भी यह एजेंडा घोषित नहीं किया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के मंसूबों पर सवाल करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार आई, तो 'विरासत-कर' लगाएगी। आपके मकान-दुकान, खेत, जमीन और धन, सब कुछ छीन लिया जाएगा। आपके बच्चों और परिजनों का 'पैतृक संपत्ति' में हिस्सा आंशिक रह जाएगा। क्या आप ऐसा होने देंगे? हालांकि लोगों की संपत्ति के सर्वे वाले बयान पर राहुल गांधी ने अब यह कहा है कि वह जानना चाहते हैं कि देश में कितना अन्याय है। उन्होंने सफाई दी है कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा कि वह 'वेल्थ सर्वे' कराएंगे। कानूनन यह संभव नहीं है। उद्योगपतियों पर 'वेल्थ टैक्स' 2015 के बजट में ही हटा लिया गया था। उसके स्थान पर 'सुपर रिच' नामक अधिभार उन लोगों पर लगाया गया, जिनकी सालाना आमदनी एक करोड़ रुपए से ज्यादा है। दरअसल भारत अमरीका नहीं हो सकता। यदि एक नागरिक जीवन-भर करों का भुगतान करता है और फिर जीवन के अंत तक कुछ अर्जित कर पाता है, तो वह उसके अपने परिवार के लिए होना चाहिए। समाज और देश को तो उसने जीवन-भर दिया ही है।

## नशे और पैसे से प्रभावित होते चुनावी नतीजे

**संजीव ठाकुर**

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही हैद्य वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा, विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्टीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।

देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती हैद्य वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेज़र, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। फिर भी 56.91 फीसदी मतदान हुआ। बेशक 2019 की तुलना में वह 26 फीसदी कम रहा। मणिपुर में भी 10.52 फीसदी मतदान कम हुआ। समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था।

# कम मतदान के सभी पहलुओं पर विचार की जरूरत

बीती 19 अप्रैल को देश की 102 लोकसभा सीटों के लिए प्रथम चरण का मतदान हुआ। 21 राज्यों में औसत 62 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मताधिकार का उपयोग किया। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। मतदान कम हुआ इसने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। बूथ मैनेजमेंट का कौशल जिन राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के पास है उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाना था, जो जहां से जीते हैं उन्हें वहां से अपनी जीत के आंकड़े को बढ़ाना है, ये लक्ष्य भी दिया गया था, फिर क्या हुआ?



डॉ. आशीष वशिष्ठ

सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं।

पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। फिर भी 56.91 फीसदी मतदान हुआ। बेशक 2019 की तुलना में वह 26 फीसदी कम रहा। मणिपुर में भी 10.52 फीसदी मतदान कम हुआ। समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था, लेकिन 6.12 करोड़ भारतीयों ने वोट ही नहीं डाले। 2019 के लोकसभा चुनाव की



तुलना में मतदान के घटने से राजनीतिक विश्लेषक हैरान हैं। बीते काफी लंबे समय से सत्ता और विपक्ष में बैठे नेता जनता के बीच जाकर अपना पक्ष रख रहे थे। समाचार माध्यमों में भी चुनावी चर्चा को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाने लगा है। टीवी और यूट्यूब चैनल पर तो राजनीतिक बहस के सिवाय और कुछ होता ही नहीं। इसके बाद भी यदि मतदान औसतन 75 फीसदी भी न पहुंचे तो इसका सीधा अर्थ यही निकलेगा कि मतदाता राजनीति के अतिरेक से ऊबने लगा है। यद्यपि असम, त्रिपुरा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 70 फीसदी से अधिक मतदान ये साबित करने के लिए पर्याप्त है कि इन राज्यों में राजनीतिक जागरूकता बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में कहीं ज्यादा है। वहीं इसका दूसरा पहलू ये भी है जहां कम या ज्यादा मतदान हुआ वहां का सामाजिक ढांचा किस प्रकार का है ? उदाहरण के लिए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अधिक मतदान ऐलनिया भाजपा के विरुद्ध जाता है। लेकिन हिन्दू बहुल क्षेत्रों के मतदाता पूरी तरह भाजपा को मत देंगे ये कह पाना कठिन है। बावजूद इसके कि भाजपा हिन्दू समुदाय का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में करने में काफी हद तक सफल रही है। इसी तरह जातीय समीकरण बिठाने में भी उसने काफी महारत हासिल की है। भाजपा के साथ मध्यम वर्ग परम्परागत जुड़ा रहा है जो पूरी तरह खुश नहीं होने के बाद भी उसकी राष्ट्रवादी नीतियों से प्रभावित होकर उसके पक्ष में खड़ा रहता है। असल में पहले चरण के मतदान में कोई 'लहर' महसूस नहीं हुई। ऐसा लगता है मानो औसत मतदाता ने यह धारणा बना ली है कि मोदी को ही आना है ! यह सोच कर ही मतदाता पोलिंग स्टेशन से तटस्थ रहा है। कुछ मुस्लिम बहुल इलाकों की खबरें सामने आई हैं कि उन्होंने भी मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री मान लिया है, लिहाजा कोई भी ध्रुवीकरण दिखाई नहीं दिया।

बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद राष्ट्रीय राजनीति में इतना बड़ा हो चुका है कि कोई अन्य नेता उनके आस-पास भी नजर नहीं आता। इस वजह से भाजपा को लगभग 5 प्रतिशत मत उस तबके के मिलने लगे हैं जो नीतियों के बजाय करिश्माई नेतृत्व से ज्यादा प्रभावित होता है। बुद्धिजीवी, विशेष रूप से पेशेवर वर्ग में पीएम मोदी की छवि बड़े निर्णय लेने वाले राजनेता की बन जाने से वह उनका प्रशंसक बन बैठा है। इन सबसे अलग गरीब जनता के मन में उनकी मुफ्त अनाज और मकान योजना का गहरा असर है। हालांकि पष्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेष, दिल्ली, पंजाब और कर्नाटक की गैर भाजपाई राज्य सरकारें भी ऐसे ही तमाम जन कल्याणकारी कार्यक्रम चला रही हैं किंतु देश के बड़े भूभाग पर भाजपा का राज होने से मोदी की गारंटी का असर अपेक्षाकृत ज्यादा नजर आता है। पिछले साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस के वादों की बजाय मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया था।

वैसे तो सभी पार्टियां कम मतदान को अपने पक्ष में बताने का प्रयास कर रही हैं किंतु सभी के लिए विचारणीय प्रश्न ये है कि शिक्षा और सूचना तंत्र का इतना प्रसार होने के बावजूद मतदान कम क्यों होता है ? चुनाव आयोग प्रतिशत बढ़ाने के लिए खूब प्रयास करता है। वोटर स्लिप भी घर-घर पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। लेकिन गत दिवस कुछ राज्यों को छोड़ बाकी में 2019 के लोकसभा और 2023 के विधानसभा चुनाव से कम मतदान होना राजनीतिक पार्टियों के लिए चिंता और चिंतन का कारण होना चाहिए। हालांकि परिणाम के बाद ही ये स्पष्ट हो सकेगा कि कम मतदान से किसे फायदा या नुकसान हुआ किंतु लोकतंत्र के लिए जिस तरह से मजबूत विपक्ष आवश्यक है उसी तरह मतदाताओं की जागरूकता भी। मतदाताओं को भी अपने एक वोट की शक्ति को समझना चाहिए। लोकतंत्र के पर्व चुनाव के प्रति उदासीनता का सीधा असर देश के विकास और जनकल्याण पर पड़ता है। उस दृष्टि से पहले चरण में जहां-जहां मतदान 70 प्रतिषत से कम हुआ वहां मतदाताओं का मतदान से दूरी बनाये रखना अध्ययन का विषय है। इसका कारण पिछले वादे पूरे न होना भी हो सकता है। समाज में एक वर्ग उन लोगों का भी है जो ये मान बैठे हैं कि सत्ता बदलने पर भी व्यवस्था में सुधार नहीं होता।

# देशभर में स्कूली बच्चों की सेफ्टी का सवाल, जिम्मेदारी किसकी?

11 अप्रैल 2024 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूली बस गुरुवार की सुबह स्कूल की बस पलट गई। इस हादसे में 6 छात्रों की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा घायल बताये जा रहे हैं। सबसे ज्यादा दहलाने वाली बात ये है कि स्कूल की प्रिंसिपल को इसका पता था कि ड्राइवर ने शराब पी है। मीडिया में बताया जा रहा है कि हादसे से करीब 30 मिनट पहले ग्रामीणों ने रास्ते में बस को रोका था। उन्हें पता चला कि ड्राइवर शराब के नशे में है।

वैश्विक स्तरपर जिस तेजी के साथ भारत चहुंमुखी विकास के एक पहिए शिक्षा क्षेत्र को विकसित व आधुनिक बनाने के लिए संकल्प के साथ नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तेजी से शिक्षा क्षेत्र का कायाकल्प कर रहा है जो काबिल ए तारीफ है। परंतु नीति निर्धारकों को शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के साथ गलत होना,दुर्घटना होना या अन्य किसी घटनाचूंकि स्कूल प्रबंधन और प्रशासन की लापरवाही के चलते हो रही है, इसकी जवाबदेही स्कूल प्रबंधन प्रशासन पर तय कर उन्हें कठोर सख्त सजा का प्रावधान नियम अधिनियम बनाने की जरूरत अब आन पड़ीहै,जिसके लिए संबंधित कानून में संशोधन करनेकी घड़ी भी अब आन पड़ी है, क्योंकि जिस तरह दिनांक 11 अप्रैल 2024 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में एक स्कूल बस पलट गई जिसमें 6 मासूम बच्चों का जीवन चला गया,जो अत्यंत खेद जनक है जिसपर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने भी हादसे पर अपने संवेदनाएं जताकर दुख प्रकट किया है। हालांकि इसके पूर्व भी अनेक बार इस तरह की घटनाएं दुर्घटनाएं स्कूल अधिकार क्षेत्र में बच्चों की हत्या सहित अनेक आपराधिक कृत्य हो चुके हैं, यहां तक कि राजधानी दिल्ली में 1997 में यमुना में बस गिरी थी जिसमें 28 बच्चों की मौत हुई थी तो इसी वर्ष माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल बसों के लिए गाइडलाइंस जारी की थी,जिसका पालन अनेक स्कूलों द्वारा अभी भी नहीं किया जा रहाहै,परिणाम पर 11 अप्रैल 2024 को फिर एक बार हादसा हुआ परंतु अब शिक्षा विभाग को अति सख्त होना होगा, इस तरह के हादसों के लिए अब स्कूल मैनेजमेंट व प्रशासन पर बहुत गहरी सख्त जवाबदारी जिम्मेदारी का नियम विनियम बनाना होगा, ताकि इस तरह के हादसों के लिए आईपीसी की धारा 34 के तहत सह अपराधी बनाया जाए और सख्त सजा का प्रावधान किया जाए। चूंकि देशभर में स्कूली बच्चों की सेफ्टी का सवाल उठा है और जिम्मेदारी किसकी? इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, स्कूलों में घटित अपराधिक घटना दुर्घटना लापरवाही से बच्चों को क्षति की जवाबदेही स्कूल प्रबंधन व प्रशासन पर तय करना समय की मांग है।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम दिनांक 11 अप्रैल 2024 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूली बस हादसे की करें तो, गुरुवार की सुबह स्कूल की बस पलट गई। इस हादसे में 6 छात्रों की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा घायल बताये जा रहे हैं।सबसे ज्यादा दहलाने वाली बात ये है कि स्कूल की प्रिंसिपल को इसका पता था कि ड्राइवर ने शराब पी है। मीडिया में बताया जा रहा है कि हादसे से करीब 30 मिनट पहले ग्रामीणों ने रास्ते में बस को रोका था। उन्हें पता चला कि ड्राइवर शराब के नशे में है। लोगों ने इसकी जानकारी प्रिंसिपल को दी लेकिन प्रिंसिपल ने बात को हवा में उड़ा दिया और उसी ड्राइवर को बस चलाने की अनुमति दे दी, ग्रामीणों ने जब प्रिंसिपल को





फोन करके बताया कि बस का ड्राइवर शराब के नशे में है, तो उसके करीब 30 मिनट बाद ही आग जाकर बस पलट गई, जिसमें 6 बच्चों की जान चली गई। हादसे के बाद घायल बच्चों ने भी अस्पताल में ये बात बताई कि बस का ड्राइवर शराब के नशे में था। बच्चे ने ये भी कहा कि वो बस को करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चला रहा था। अचानक मोड़ आया तो वो बस को कंट्रोल नहीं कर पाया और बस पलट गई।प्रिंसिपल को फोन करने वाले लड़के का बयान लिया गया।इस बात की पुष्टि डीएसपी ने भी किया है, कहा कि उन्हें पता चला है कि रास्ते में कुछ ग्रामीणों ने बस को रोककर स्कूल के प्रिंसिपल को फोन पर बताया था कि ड्राइवर ने शराब पी रखी है। डीएसपी के मुताबिक जिस लड़के ने प्रिंसिपल को फोन किया था, उसका भी बयान दर्ज किया गया है, आगे की जांच की जा रही है। स्कूल के सभी संचालकों की जानकारी ली जा रही है, डीएसपी पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया है, बताया कि शिक्षा विभाग से इसकी जानकारी ली जा रही है कि स्कूल के संचालन में कौन-कौन लोग प्रमुख रूप से शामिल हैं,उनकी क्या भूमिका थी। सभी जानकारी मिलने के बात उनके नाम भी एफआईआर में शामिल किया जायेगा। पुलिस के मुताबिक गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं था। उसको लेकर भी मोटर व्हीकल एक्ट की धारा लगाई गई है। जानकारी ली जा रही है कि स्कूल के संचालन में कौन-कौन लोग प्रमुख रूप से शामिल हैं, उनकी क्या भूमिका थी, सभी जानकारी मिलने के बात उनके नाम भी एफआईआर में शामिल किया जायेगा।ड्राइवर के मेडिकल में शराब की पुष्टिडीएसपी ने ये बात स्वीकार की है कि पुलिस की जांच में ये बात सच पाई गई है कि ड्राइवर ने शराब पी थी। ड्राइवर के मेडिकल टेस्ट में शराब पीने की पुष्टि हुई है महेंद्रगढ़ स्कूल बस हादसे में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें स्कूल की प्रिंसिपल,सचिव और ड्राइवर शामिल है।

साथियों बात अगर हम 1997 में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूली बसों के लिए जारी गाइडलाइंस की करें तो, राजधानी दिल्ली में 1997 में यमुना में स्कूली बस गिरी थी, जिसमें 28 स्कूली बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उसी साल स्कूली बसों के लिए गाइडलाइंस जारी की थीं। इन गाइडलाइंस में सेफ्टी के तमाम इंतजाम किए गए थे।(1)स्कूली बस ड्राइवर का अनुभव 5 साल से ज्यादा का होना चाहिए।(2)गाड़ी की स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।(3)हर गाड़ी में प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बॉक्स होने चाहिए।(4)आग बुझाने के उपकरणों का इंतजाम होना चाहिए।(5)स्कूली बच्चों को ले जाने वाले गाड़ियों की खिड़कियों पर ग्रिल होनी चाहिए।(6)गाड़ी में पीने के पानी की व्यवस्था होनी चाहिए।(7)बस पीले रंग की होनी चाहिए और उस पर स्कूल का नाम और फोन नंबर होना चाहिए।(8)अगर बस को हायर किया गया हो, तो उसके आगे ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा होना चाहिए।(9)बस में बच्चों के साथ कोई टीचर या अभिभावक होना चाहिए।(10)गाड़ी में सीटों की क्षमता जितनी होगी, उससे 20 फीसदी ज्यादा बच्चे ले जाए जा सकते हैं, ज्यादा नहीं (11) गेट ऐसे होने चाहिए, जो बंद हो सकें यानी प्रवेश द्वार ओपन न हो।दिल्ली पुलिस ने भी स्कूली बच्चों, पैरेंट्स व टीचर्स के लिए गाइडलाइंस जारी की हैं। बच्चों को यह कहा गया है कि वह समय पर घर से निकलें, ताकि बस पकड़ने के दौरान कोई जल्दबाजी न हो। जब भी बस में चढ़ें, तो वह लाइन में रहें। बस में किसी भी तरह से शोर न मचाएं, क्योंकि इससे बस ड्राइवर का ध्यान भटकता है। बस में गेट पर न खड़े हों। खिड़की से अपने शरीर का कोई हिस्सा बाहर न निकालें। पैरेंट्स और टीचर्स के लिए भी कई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत पैरेंट्स यह सुनिश्चित करेंगे कि बच्चे सेफ हैं। वह सेफ्टी पॉइंट को देखेंगे और अगर कोई नियम का उल्लंघन हो रहा हो तो वह स्कूल अथॉरिटी को इसके लिए सूचित करेंगे, साथ ही पीटीए की मीटिंग में भी इसका जिक्र करेंगे। टीचर्स के लिए भी बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर निर्देश दिए गए हैं।

# नारा चार सौ पार का,सामना बहिष्कार का?

मेरठ से लेकर सहारनपुर तक राजपूत समाज बड़ी बड़ी पंचायतें कर भाजपा को वोट न देने और भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने का आह्वान कर रहा है। पश्चिम यूपी में ठाकुर चौबीसी जो पूर्व में भाजपा का साथ देती रही है उसी ठाकुर चौबीसी ने इसबार भाजपा के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। हालांकि राजपूत समाज की नाराज़गी का कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में टिकट वितरण में राजपूत समाज की अनदेखी बताया जा रहा है। राजपूत समाज गाज़ियाबाद से सांसद वी. के. सिंह का लोकसभा टिकट काटने के भी ख़िलाफ़ है।

देश में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। सत्ताधारी भाजपा जहाँ अब की बार चार सौ पार के नारे के साथ विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने की कोशिश कर रही है वहीं संयुक्त विपक्ष इण्डिया गठबंधन भाजपा की सत्ता में वापसी रोकने के लिये एड़ी छोटी का ज़ोर लगाये हुये है। सत्ता व विपक्ष के बीच हो रहे इस चुनावी दंगल से इतर विभिन्न राज्यों से यह ख़बरें भी आ रही हैं कि आम नागरिकों द्वारा इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का न केवल बहिष्कार किया जा रहा है बल्कि कई जगह तो हिंसक विरोध से लेकर भाजपा प्रत्याशियों के विरुद्ध प्रदर्शन तक किये जा रहे हैं। कई जगह तो ग्राम वासियों ने बाक़ायदा बहिष्कार व चेतावनी सम्बन्धी साइन बोर्ड भी लगा दिये हैं। तो क्या हरियाणा,पंजाब,उत्तर प्रदेश व उत्तरांचल सहित कई अन्य राज्यों में हो रहे इस तरह के बहिष्कार यह साबित नहीं करते कि भाजपा का चार सौ पार का नारा महज़ एक चुनावी शगूफ़ा है?



निर्मल रानी

अभी गत 30 मार्च को ही मुज़फ़्फ़र नगर में रात करीब साढ़े आठ बजे खतौली क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव में चुनावी सभा के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के क़ाफ़िले की गाड़ियों पर जमकर पथराव किया गया। ख़बरों के अनुसार इस पथराव में 10 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गये। सभास्थल के समीप की छतों से पथराव शुरू होते ही सभा में भगदड़ मच गई। समाचारों के अनुसार पथराव के साथ ही हमलावरों ने भाजपा व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. बालियान के विरुद्ध नारे बाज़ी भी की। इस पथराव में हमलावरों द्वारा खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की गाड़ी को क्षति ग्रस्त कर दिया गया। भाजपा ने इस घटना को विपक्ष की साज़िश क़रार दिया है। इसी तरह गत 6 अप्रैल को जिस समय रामायण सीरियल के राम अरुण गोविल जिन्हें भाजपा ने मेरठ से पार्टी उम्मीदवार बनाया है वे स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ प्रचार रथ पर सवार होकर रोड शो निकाल रहे उस समय जनता ने उनका जमकर विरोध किया व मुर्दाबाद के नारे लगाये। अरुण गोविल वापस जाओ-वापस जाओ के नारे भी देर तक लगाये गये। उनके रथ को स्थानीय लोगों ने जबरन रोक भी लिया। प्रदर्शनकारी भाजपा व अरुण गोविल के विरुद्ध नारेबाज़ी करते समय अपने हाथों में चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर रथ के आगे खड़े हो गये। और कई जगह चुनाव बहिष्कार के पोस्टर चिपका दिये गये। प्रदर्शनकारी महिलाएं चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर प्रचार रथ के आगे आईं और गुस्साये लोगों ने प्रचार रथ पर चढ़ने का भी प्रयास किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ही भाजपा के और भी कई उम्मीदवारों के विरोध व उनके बहिष्कार की ख़बरें प्राप्त हुई हैं।

इसी तरह मेरठ से लेकर सहारनपुर तक राजपूत समाज बड़ी बड़ी पंचायतें कर भाजपा को वोट न





देने और भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने का आह्वान कर रहा है। पश्चिम यूपी में ठाकुर चौबीसी जो पूर्व में भाजपा का साथ देती रही है उसी ठाकुर चौबीसी ने इसबार भाजपा के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। हालांकि राजपूत समाज की नाराज़गी का कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में टिकट वितरण में राजपूत समाज की अनदेखी बताया जा रहा है। राजपूत समाज गाज़ियाबाद से सांसद वी. के. सिंह का लोकसभा टिकट काटने के भी ख़िलाफ़ है। राजपूत उत्थान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोम तो साफ़ तौर पर घोषणा कर चुके हैं कि हम भाजपा और मुज़फ़्फ़र नगर लोकसभा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान का खुलकर विरोध करेंगे। उनके अनुसार जब ठाकुरों को प्रतिनिधित्व ही नहीं दिया जा रहा तो राजपूत भाजपा को वोट क्यों दें? केवल राजपूत ही नहीं बल्कि त्यागी और सैनी जैसा इस क्षेत्र का प्रमुख समाज भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने कम प्रतिनिधित्व से असंतुष्ट होने की बात कर रहा है। गांव गांव इस आशय के पोस्टर लगे हैं कि पूरे पश्चिमी यूपी में इस बार ठाकुर भाजपा से आर पार करेंगे। इसी तरह सहारनपुर- दिल्ली हाईवे पर स्थित ननौता गांव में गत 7 अप्रैल को हज़ारों की संख्या में राजपूत बिरादरी के लोग इकठ्ठा हुये। इस से भाजपा के भीतर खलबली मच गई। क्षत्रिय समाज की संघर्ष समिति की ओर से नानौता में आयोजित इस सम्मेलन को क्षत्रिय स्वाभिमान महाकुंभ का नाम दिया गया जिसमें पश्चिमी यूपी के कई जिलों सहित राजस्थान और हरियाणा से भी ठाकुर समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। यहाँ तक कि भीड़ ने हाइवे को भी पूरी तरह से जाम कर दिया। इस सभा में वक्ताओं का कहना था कि उनके इतिहास के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। राजनीतिक द्वेष की भावना से राजपूत समाज को कमज़ोर किया जा रहा है। इस महाकुंभ में सम्राट मिहिर भोज और लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे का मुद्दा ज़ोर शोर से उठाया गया। ग़ौर तलब है कि गुर्जर और ठाकुर समाज के लोग सम्राट मिहिर भोज पर अपनी-अपनी जाति का होने का दावा करते आ रहे हैं। जिसे लेकर दोनों ही समाज में एक दूसरे के प्रति असंतोष है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और भी कई जगह इस तरह की महापंचायत करने का निर्णय लिया गया है। उत्तरांचल में अनेक लोगों ने गंगा किनारे खड़े होकर भाजपा को हारने का संकल्प लिया। उनका असंतोष अंकिता भंडारी को न्याय न मिलने और अग्निवीर योजना लागु करने को लेकर था।

हरियाणा के भी कई क्षेत्रों में न केवल भाजपा का विरोध हो रहा है बल्कि सत्ता में भाजपा की मनोहर लाल खट्टर सरकार की लगभग चार वर्षों तक सहयोगी रही जननायक जनता पार्टी (जजपा) का भी जमकर विरोध किया जा रहा है। ग्रामीण इन्हें किसान विरोधी पार्टी के रूप में देख रहे हैं। हरियाणा के जींद ज़िले के दुराना गांव के ग्रामीणों ने गांव के बाहरी इलाक़े में एक साइन बोर्ड लगाया हुआ है जिस पर स्पष्ट शब्दों में लिखा गया है कि बीजेपी-जेजेपी नेताओं को इस गांव में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करते हैं। उन्हें भी 2020-21 में हुये किसान आंदोलन के दौरान उनके अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति किसानों ने नहीं दी थी। संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ़ से तो भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों का विरोध करने का निर्णय लिया जा चुका है। ख़बरों के अनुसार इसतरह के व्यापक विरोध को देखते हुए पार्टी नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों के दौर भी बंद कर दिए हैं। हरियाणा के ही ग्राम पंचायत खिड़वाली में गांव के प्रवेश द्वारा पर लगे एक बोर्ड पर ग्रामवासियों ने लिखा है कि ग्राम पंचायत खिड़वाली बी जे पी व जे जे पी के नेताओं का बहिष्कार करती है। गांव में घुसने पर जान माल के खुद ज़िम्मेदार होंगे। पंजाब,हरियाणा सहित और भी कई राज्यों में भाजपा के इसी तरह के खुले विरोध की ख़बरों के बीच यह ख़बर भी आ रही है कि जहाँ विरोध नहीं भी हो रहा वहां भाजपा नेताओं को सुनने के लिये भीड़ भी नहीं इकट्ठी हो रही।

# प्रदेश की सभी सीटों पर जनता भाजपा को जिता रही : भूपेंद्र सिंह चौधरी

अवधनामा संवाददाता



■ कहा, एक बार मोदी सरकार और वो भी 400 पार आना तय

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को फिर अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन्हें प्रदेश के 80 प्रतिशत बूथों पर बस्ता लगाने के लिए लोग तक नहीं मिल रहे, वो सरकार बनाने का दावा करते फिर रहे हैं। सपा प्रमुख और उनके समर्थक सिर्फ सोशल मीडिया पर ही हवा बना रहे हैं, जमीन पर उनके समर्थक नदारद हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, 2014 के बाद हर बार भाजपा ने सपा का सफाया किया है और इस बार भी समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ होना तय है और फिर एक बार मोदी सरकार और वो भी 400 पार आना तय है। प्रदेश की सभी सीटों पर जनता भाजपा को जिता रही है। मोदी जी के गरीब कल्याण, युवा कल्याण, किसान कल्याण और महिला कल्याण के लिए किए गये कार्यों से भाजपा ने जो जनविश्वास अर्जित किया है, उसी के फलस्वरूप ईवीएम कमलमय होने जा रही है। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि बिना आंकड़े और सबूत के हवा बड़ी बनाई जा रही है, लेकिन विपक्ष को हाथ कुछ नहीं आने वाला, क्योंकि पब्लिक उन्हें 'जीरो' यानी शून्य सीटें ही दे रही है। वो जो कुछ भी अपनी रैलियों में बोल रहे हैं, वो अपने मन को बहलाने के लिए अपनी मानसिक संतुष्टि के लिए बोल रहे हैं। बाकी हकीकत जनता जानती है, क्योंकि आएंगे तो मोदी ही।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अभी से हार की तैयारी कर ली है और हार के बाद ईवीएम को दोषी ठहराए जाने की पूरी स्क्रिप्ट बन चुकी है। मेरठ में इनके लोगों ने ईवीएम खराब का रोना शुरू कर दिया है और 4 जून को इनके द्वारा 400 सीटों की ईवीएम खराब घोषित कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी का नाम ही सपा, वो हर दफा सफा होगी, इसकी गारंटी है। उन्होंने जनता को सावधान करते हुए कहा कि ये सनातन का अपमान करने वाले लोग हैं, जो किसी भी सूरत में सत्ता सुख वापस पाना चाहते हैं। ये फिर देश और यूपी को पुराने दौर में ले जाना चाहते हैं, लेकिन जनता ऐसे परिवारवादी लोगों को सबक सिखाने को तैयार है। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अखिलेश के बयानों पर हमला बोलते हुए कहा कि जो नकल माफिया को पालते हैं, सेंटर बुक करके नकल कराते हैं, आज उन्हें पेपर लीक की चिंता हो रही है। कहा कि, दंगे, सांप्रदायिक हिंसा और खराब लॉ एंड ऑर्डर जिनकी पहचान थी, आज वो पुलिस की सक्रियता देखकर भौचक हो गए हैं। वो पश्चिम की लहर की बात कर रहे हैं, उन्हें पता नहीं कि पश्चिम से लेकर पूरब तक एक ही हवा है और वो मोदी की हवा है। वो तो कन्नौज और मैनपुरी की सीट भी हार रहे हैं। उन्होंने कहा कि, उनके लिए विकास का मतलब सिर्फ उनका घर का विकास होता है, लेकिन हमारे लिए विकास का मतलब पूरा देश और पूरा प्रदेश, इसीलिए आज उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा एयरपोर्ट वाला राज्य बन सका है।

## 90.05 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 26 अप्रैल तक कुल 32570 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3193.03 लाख नकद धनराशि, 4481.92 लाख की शराब, 21577.08 लाख की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# सेन्ट जेवियर्स हाई स्कूल में आयोजित हुआ मेधावियों का सम्मान समारोह



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सेक्टर-14 इन्दिानगर लखनऊ में स्थित सेन्ट जेवियर्स हाई स्कूल का परिणाम पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

विद्यालय की टापर रही जानवी जयसवाल तथा दीपांशी ने अपनी इस सफलता हेतु किये गये प्रयासों से अवगत कराते हुए सदैव सकारात्मक रहने की सीख भी दी। सभी विद्यार्थियों को मेधावी छात्रों से अत्यधिक अभिप्रेरणा मिली। सभी मेधावियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों तथा अभिभावकों को दिया।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उत्तराखंड में बिजली दरों में सात प्रतिशत की हुई वृद्धि

■ इस बढोतरी को टाला जा सकता था टाइमिंग गलत : उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण उत्तराखंड में खत्म होने के 7 दिन बाद कल विद्युत नियामक आयोग द्वारा उत्तराखंड राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में औसत 6.92 लगभग 7 प्रतिसत वृद्धि अलग-अलग श्रेणी वार जारी की गई निश्चित ही यह उपभोक्ता विरोधी कार्यवाही को दर्शाता है बिजली दरों में बढोतरी की टाइमिंग बिल्कुल गलत है इससे पता चलता है कि उत्तराखंड सरकार वहां के विद्युत उपभोक्ताओं के प्रति ज्यादा से ज्यादा सचेत नहीं है जिसका उपभोक्ता परिषद हर स्तर पर विरोध करता है।उपभोक्ता परिषद ने जब उत्तराखंड के आंकडे देखा और अध्ययन किया तो उससे यह साफ निकलकर सामने आया कि उत्तराखंड में बिजली दरों में बढोतरी टाली जा सकती थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया वही सबसे बडा चौंकाने वाला मामला यह है कि आज उत्तराखंड के कुछ समाचार पत्रों में यह खबरें प्रकाशित की गई है कि देश के अनेकों राज्यों में उत्तराखंड से ज्यादा बिजली दर बढोतरी प्रस्तावित है जिसमें उत्तर प्रदेश का नाम लेकर यह खबरें प्रकाशित की गई है की उत्तर प्रदेश में 20 प्रतिसत बिजली दरों में बढोतरी प्रस्तावित है हिमाचल में 50प्रतिसत झारखंड में 44प्रतिसत असम में 34प्रतिसत दिल्ली में 30प्रतिसत जबकि सभी को पता है कि उत्तर प्रदेश में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33122 करोड सरप्लस निकल रहा है ऐसे में उत्तर प्रदेश में बढोतरी प्रस्तावित होने का सवाल ही नहीं और दूसरा अभी तक उत्तर प्रदेश में बिजली दर का कोई प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग में दाखिल नहीं किया गया है केवल वार्षिक राज्य आवश्यकता दाखिल है जो अभी स्वीकार भी नहीं की गई है स्वीकार किए जाने के बाद बिजली दरे तय करने की कार्रवाई शुरू होगी।

# अपना चुनाव मानकर जुटे कार्यकर्ता : बृजेश

## उपमुख्यमंत्री, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का नामांकन बने देश में मिसाल

अवधनामा संवाददाता



■ 100 से अधिक स्थानों पर नामांकन जुलूस का होगा भव्य स्वागत

**लखनऊ।** 29 अप्रैल को राजनाथ सिंह के नामांकन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित बैठक में विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक संगठनों के उपस्थित पदाधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों को प्रोत्साहित किया।महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश महामंत्री एवम अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय, लखनऊ भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा ने नामांकन को यादगार बनाने के लिए कार्ययोजना साझा की।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि यहां बैठे जितने भी लोग हैं सभी भविष्य में विधायक, एमएलसी और मंत्री बन सकते हैं, सभी की क्षमता इतनी है कि यदि वह स्वयं चुनाव लड़ेंगे तो 5 से 10,000 आदमी की संख्या इकट्ठा करने में सक्षम है इसलिए सभी को अपनी पूरी ताकत लगाकर 29 तारीख को राजनाथ सिंह के नामांकन को यादगार बनाना है। भाजपा आप सभी की पार्टी है कोई भी व्यक्ति बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। चुनाव में विपक्ष से कहीं भी टक्कर नहीं है लेकिन लखनऊ लोकसभा को देश की सबसे बड़ी जीत में लाना है इस लक्ष्य के साथ नामांकन को भी भव्य और यादगार बनाना है। बृजेश पाठक ने सभी समाज के प्रतिनिधियों, विधानसभाओं के संयोजकों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चो के अध्यक्षों और प्रकोष्ठ विभाग के संयोजकों से व्यक्तिगत रूप से वार्ता की और नामांकन के दिन बड़ी संख्या लेकर आने के लिए कार्य योजना सुनिश्चित की।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि नामांकन के दिन मंडल स्तर से लेकर शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष एवम समिति पदाधिकारियों को बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। अपने मंडल से जुलूस निकालकर प्रदेश कार्यालय पहुंचे पूरे लखनऊ महानगर में राजनाथ सिंह के नामांकन संदेश जाए। बड़ी संख्या में नुक्कड़ सभाओ का आयोजन लखनऊ महानगर में चल रहा है जिसका संदेश कार्य धरातल तक पहुंच रहा है। परिवार पर्ची वितरण का काम बड़ी जोरो से किया जा रहा है कार्यकर्ता परिवार मुख्या को पर्ची देकर सांसद राजनाथ सिंह के विकास कार्यो का पत्रक वितरित कर रहे हैं। उन्हीं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी मतदान पर्ची में लगाई गई है। मतदान वाले दिन मतदान स्थान पर हर एक बूथ पर दो व्यक्ति लगाकर जिम्मेदारी तय की जाएगी।मतदान स्थल पर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी हर एक कार्यकर्ता की है। प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ही है जो पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है पूरा विपक्ष भाजपा की कार्यशैली से पस्त है।

# 4683 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये

अवधनामा संवाददाता

■ अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 26 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4683 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,77,725 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 21,49,679 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7897 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8039 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 426 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3342 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 149 केन्द्रों को सीज किया गया। 26 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 6 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया।

# रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में छात्रों की अभूतपूर्व प्रतिभा देखने को मिली

अवधनामा संवाददाता



■ दो-दिवसीय इण्टर-स्कूल रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप सीएमएस में सम्पन्न

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस के तत्वावधान में सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के परिसर में आयोजित दो-दिवसीय इण्टर-स्कूल रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप आज सम्पन्न हो गई। इस चैम्पियनशिप में लखनऊ के 69 स्कूलों के 800 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया एवं रोलर स्केटिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा, तकनीकी कौशल, चुस्ती-फुर्ती व दमखम का जोरदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। यह चैम्पियनशिप डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की गई।

रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप के दूसरे दिन आज बालक व बालिका दोनों वर्गों में कक्षा-5 से 8 के छात्रों ने रोलर स्केटिंग की विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का अभूतपूर्व परचम लहराया। रोलर पर छात्रों का नियंत्रण, गति पर नियन्त्रण व मानसिक संतुलन देखते ही बनता था और दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर बाल खिलाड़ियों का खूब उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत आज रिंक-2 की प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई, जिनमें बाल खिलाड़ियों ने रोलर पर 500 मीटर से लेकर 2000 मीटर की रेस की। एजडस्टेबल रेस, क्वार्डस रेस एवं इनलाइन रेस में छात्रों की प्रतिभा देखने लायक थी। खेल स्पर्धाओं के उपरान्त विजयी बाल खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चैम्पियनशिप के समापन अवसर पर छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए सी.एम.एस. राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपमा चेकर ने कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिए संकल्पित है और यह चैम्पियनशिप इन्हीं प्रयासों की एक कड़ी है।

# लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में हुई कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

■ अब तक कुल 1,23,79,564 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,23,79,564 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 75,58,114 तथा निजी स्थानों से 48,21,450 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,29,489, पोस्टर के 34,93,158, बैनर के 21,27,833 एवं अन्य 11,07,634 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,55,217, पोस्टर के 22,19,045 बैनर के 11,93,115 एवं अन्य 7,54,073 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 100 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 106 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# टीएमयू नर्सिंग एल्युमिनाई ने साझा किए अनुभव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली में नर्सिंग सर्विसेज के टीम लीडर श्री मानस जैन ने टीएमयू का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करते हुए नर्सिंग क्षेत्र में नौकरी और कैरियर के अवसर भी साझा किए। उन्होंने नर्सिंग स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में विभिन्न अवसरों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। नर्सिंग विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए श्री जैन ने अपने व्याख्यान में नर्सिंग क्षेत्र में बेसिक लाइफ सपोर्ट और इसके दायरे, महत्व और दायरे के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने टीएमयू के नर्सिंग कॉलेज में सिमुलेशन लैब में छात्रों को बुनियादी जीवन समर्थन तकनीकों का भी प्रदर्शन किया। श्री मानस जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एलयुमिनाई रिलेशन सेल-एआरसी के तहत कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित एल्युमिनाई टाक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। अंत में श्री मानस जैन ने कुलाधिपति श्री सुरेश जैन से शिष्टाचार भेट की और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इससे पहले श्री मानस जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, वाइस प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम., एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके एल्युमिनाई टाक का शुभारम्भ किया। श्री मानस ने छात्रों को अध्ययन के लिए प्रेरित किया और उन्हें सरकारी नौकरी के लिए विभिन्न प्रतियोगी पुस्तकों का संदर्भ लेने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को विदेशों में नर्सिंग की नौकरी पाने के लिए आईएलईटीएस, ओईटी आदि परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि यदि वे अच्छी पढ़ाई करेंगे तो निश्चित रूप से उन्हें सरकारी नौकरियों के संग-संग विभिन्न देशों में जाने का मौका मिलेगा। एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी ने मोटिवेशन स्पीच से छात्रों को प्रोत्साहित किया।

## जैन समाज ने मनाई स्व. निर्मल सेठी की पुण्य तिथि

**लखनऊ।** स्व. निर्मल सेठी की पुण्य तिथि शनिवार को जैन समाज के लोगों ने आशियाना जैन मन्दिर समेत अन्य मन्दिरों मे विश्व धरोहर के रूप में मनायी गई। आशियाना जैन मन्दिर मे आयोजित विनयांजलि सभा मे अपने विचार व्यक्त करते हुए उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि स्व निर्मल कुमार सेठी ने अपनी 27 अप्रेल 2021 अन्तिम सांस तक भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के अध्यक्ष पद को 40 वर्ष तक निस्वार्थ सेवा की। इस दौरान 750 जैन मन्दिरों का संरक्षण किया। उन्होंने कहा कि भूमि के उत्खनन में प्राप्त जैन मूर्तियों एवं कला के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जैन कला और संस्कृति के संरक्षण के लिये राजकीय संग्रहालय लखनऊ, मथुरा , झाँसी, गोरखपुर में जैन बीथिका की स्थापना में सहयोग प्रदान किया। विश्व के 20 से अधिक देशों में जैन कला एवं संस्कृति का प्रचार प्रसार किया तथा कार्यशाला चलाकर विश्व को अहिंसामयी जैन धर्म -संस्कृति से परिचय कराया।

# आसाराम के आश्रम में सत्संग के दौरान तोड़फोड़



■ श्रद्धालुओं को पीटा; दर्ज हुई एफआईआर

**एटा।** एटा के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में स्थित आसाराम आश्रम में कुछ लोगों ने तोड़फोड़ कर डाली। चल रहे सत्संग में बाधा डाली गई। पुलिस के आने पर सभी भाग गए। सहायक प्रबंधक ने आठ नामजद और 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। इसमें मथुरा के स्वामी अमृतानंद सहित दिल्ली, महाराष्ट्र के लोगों को षड्यंत्रकारी बताया गया है।

लखनऊ के आसाराम के आश्रम में रहने वाले नारायण पांडेय ने बताया कि वह आश्रम के लखनऊ मुख्यालय के सहायक प्रबंधक हैं। उनको लखनऊ के अलावा आगरा और आसपास के जिलों में स्थित आश्रमों की देखरेख की जिम्मेदारी मिली है। 24 अप्रैल को दोपहर के समय एटा में एफसीआई गोदाम के पास नगला कंचन में आश्रम में आसाराम के शिष्य वासुदेवानंद का सत्संग व भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान 10-15 लोग पहुंचे। आसाराम को लेकर सवाल-जवाब करते हुए सत्संग कार्यक्रम में बाधा डाल दी। श्रद्धालुओं ने विरोध किया तो अभद्रता कर मारपीट करने लगे। माइक आदि सामान तोड़ दिया और कुछ सामान चोरी भी कर लिया।

बताया गया है कि हंगामा होते देख पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचते ही यह सभी लोग भाग गए। नारायण पांडेय ने बताया कि यह पूरा षड्यंत्र स्वामी अमृतानंद उर्फ बाबा आनंद गोपाल उर्फ आनंद दास निवासी रमण रेती आश्रम, गोवर्धन मथुरा, राहुल जोशी निवासी शांतिनगर जिला नागपुर महाराष्ट्र और मधुकर प्रभाकर निवासी साउथ दिल्ली का है। जो आसाराम से हमदर्दी जताकर उनके आश्रमों पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से सोशल मीडिया पर इन लोगों ने अभियान छेड़ रखा है। इन पर कई जिलों में एफआई दर्ज कराई जा चुकी हैं। एक दिन पहले आगरा में भी सत्संग कार्यक्रम के दौरान इसी तरह की हरकत कराई गई थी। सीओ सिटी विक्रांत द्विवेदी ने बताया कि आश्रम पर कुछ हंगामा होने की सूचना दी गई थी। जो तहरीर मिली, उसके अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की गहराई से जांच शुरू करा दी गई है। साथ ही ऐसी पुनरावृत्ति न हो, इस पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश कोतवाली देहात को दिए गए हैं।

# छात्रों ने की वैश्विक मुद्दों पर खुलकर चर्चा-परिचर्चा

## दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स सीएमएस में प्रारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में दो दिवसीय मॉडल युनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स (एम.यू.एन.) का शुभारम्भ आज आज विद्यालय प्रांगण में हुआ। समारोह का उद्घाटन देश के प्रथम मिस्त्रविज्ञानी एवं सबसे कम उम्र के पुरातत्वविद् श्री अर्श अली ने किया, जो सी.एम.एस. के पूर्व छात्र भी रहे हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री अर्श अली ने कहा कि यह अत्यन्त ही अभिनव कार्यक्रम है, जो बच्चों के विश्वव्यापी दृष्टिकोण के विकास में बहुत मददगार है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मेलन भावी पीढ़ी को संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों से सहयोग हेतु प्रेरित करने में बहुत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, छात्रों को अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीति की जानकारी प्रदान करने, पब्लिक स्पीकिंग और निर्णय लेने की उनकी क्षमता को और प्रभावशाली बनाने में महती भूमिका निभायेगी। इससे पहले, एम.यू.एन. की संयोजिका एवं सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय ने सभी प्रतिभागी छात्रों व गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में सी.एम.एस. छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी छटा बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स (एम.यू.एन.) वास्तव में संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेम्बली का हूबहू प्रतिरूप है, जिसमें देश भर से पधारे छात्र विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न वैष्विक मुद्दों पर खुलकर चर्चा-परिचर्चा कर हैं। इस दो-दिवसीय सम्मेलन में लखनऊ, कानपुर, रायबरेली, जबलपुर, भीलवाड़ा, ऊटी आदि विभिन्न शहरों के लगभग 400 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। सम्मेलन का लोकतान्त्रिक प्रक्रिया की मूजबती और उसमें युवा पीढ़ी की भागीदारी को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह के उपरान्त सम्मेलन की परिचर्चा का शुभारम्भ बड़े ही जोरदार ढंग से हुआ। यह परिचर्चा विभिन्न कमेटियों के माध्यम से सम्पन्न हो रही है जिसमें इण्टरनेशनल प्रेस, लोकसभा, यूनाइटेड नेशन्स ह्यूमन राइट्स काउन्सिल, इकोनॉमिक एण्ड फाइनेन्सियल अफेयर्स काउन्सिल, यूनाइटेड नेशन्स कमीशन ऑन द स्टेटस ऑफ वूमेन, यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेन्शन ऑन क्लाइमेट चेन्ज, यूनाइटेड नेशन्स सिक्योरिटी काउन्सिल काउन्टर टेरोरिज्म कमेटी प्रमुख है। सभी कमेटियों में अलग-अलग ऐजेन्डे पर चर्चा-परिचर्चा सम्पन्न हो रही है, जिसके माध्यम से छात्रों की लीडरशिप क्वालिटी, रिसर्च क्षमता, लेखन क्षमता, पब्लिक स्पीकिंग एवं प्राब्लम साल्विंग क्षमताओं का विस्तार हो रहा है।

# बीडीओ सुरसा ने मतदान के लिए किया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** खण्ड विकास अधिकारी सुरसा सुशील कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत - खजुरहरा के मजरे सथरी के बूथ संख्या - 150 151, खजुरहरा के बूथ संख्या - 141, 142, 143, 146, 147, 148, व 149, ग्राम पंचायत सथरा के बूथ संख्या - 124, 125, का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण में पाई गई कमियों को सम्बधित सचिव को 02 दिवस में दूर कराने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत - हरदोई देहात के कन्हईपुरवा, बक्तावरपुरवा, धन्नूपुरवा, महिला आई0टी0आई0, हरदोई एवं कृषि प्रसार भवन, हरदोई, ग्राम पंचायत - सरसैया ग्राम पंचायत - हडहा, ग्राम पंचायत - सथरा ग्राम पंचायत - बहलोली, ग्राम पंचायत- मतुआ, ग्राम पंचायत- लालपापुर ग्राम पंचायत मालीपुर, ग्राम पंचायत ओदरा नेवलिया में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओ को जागरूक करने हेतु मतदाता पोस्टर, बाइक स्टीकर, पम्पलेट आदि का प्रदर्शन एवं वितरण किया गया तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर उपस्थित जनसमुदाय / मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया एवं मतदान करने हेतु शपथ दिलायी गई, जिसमें ग्राम प्रधान ग्रामवासी शिक्षक/ शिक्षिकायें पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, सचिव एवं विद्यालयों के छात्र / छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# महात्मा गांधी सैनिक इंटर कॉलेज में टॉपर का किये गए सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में विद्यालय स्तर पर इंटर विज्ञान वर्ग में प्रथम कविता 90.8 प्रतिशत शिवा मिश्रा 90.6 प्रतिशत द्वितीय, शिवम कुमार ने 89.8 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर कला वर्ग में अंशुल कुमार 74.2 प्रतिशत प्रथम स्थान, पूजा 74 प्रतिशत द्वितीय स्थान, रौनक ने 74 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में विद्यालय स्तर पर रिया 92.3 प्रतिशत प्रथम स्थान, शिवम सिंह 84 प्रतिशत द्वितीय स्थान सुरभि 83 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त इंटर में, कुमुद भदौरिया, अनुष्का जादौन, नेहा, रोशनी, स्तुति, रश्मि, अंजलि, इन सबने 72 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त किया व हाई स्कूल में संध्या, नेत्रा शर्मा, पल्लवी, वंदना ने भी 81 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त किया।

प्रबंधक प्रदीप चौहान एवं प्रधानाचार्य उमा भदौरिया ने टॉपर छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर व मेडल स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विजय कुमार पटेल यादवेंद्र प्रताप वीरपाल सिंह पंकज सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# शिविर में विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जागरूक किया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा, जसवंतनगर।** हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जागरूक किया गया तथा बाल अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य संजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम बच्चों को 14 वर्ष की आयु तक पड़ोस के स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने तक निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करता है। यह अधिनियम छ्से चौदह वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे के लिए अनिवार्य प्रवेश, उपस्थिति और प्रारंभिक शिक्षा पूरी करना सुनिश्चित करता है। यह अधिनियम गैर-प्रवेशित बच्चे को आयु-उपयुक्त कक्षा में प्रवेश देने का प्रावधान भी करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना पर प्रकाश डाला तथा 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन कोई बाल विवाह न होने पाए इसके लिए भी जागरूक किया तथा महिला हेल्पलाइन व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पीएलवी राजेंद्र यादव ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम वह अन्य बाल अधिकारों पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सहायता की जानकारी दी। पीएलवी लालमन बाथम ने लोक अदालत की सुलह समझौता प्रक्रिया बताई। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रवक्ता राधाकृष्ण कठेरिया ने किया। कार्यक्रम संयोजक कौशलेंद्र सिंह व्यायाम शिक्षक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

# छात्रवृत्ति आवेदन के लिए 3 मई तक मौका: नागेंद्र पाल सिंह

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में शासन द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रों हेतु कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं मैं 31 मार्च 2024 तक ऑनलाइन करने वाले छात्रों के लिए पोर्टल दिनांक 26.04.2024 से 3 मई 2024 तक छात्रों के स्तर से आवेदन पत्र में करेक्शन हेतु पोर्टल खुला है। समस्त शिक्षण संस्थाएं शिक्षण संस्थान में अध्यनरत छात्र पूर्णांक व प्राप्तांक के साथ-साथ अन्य जो त्रुटियां प्रदर्शित हो रही हैं, को सही भरें, छात्रो के द्वारा संसोधन के उपरांत तत्काल प्रिंट आउट संस्थान में 26 मई 2024 से 07 मई 2024 तक जमा करना होगा तत्पश्चात शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्रों को ऑनलाइन सत्यापित/अग्रसारित करने की कार्यवाही निर्धारित समयावधि दिनांक 07 मई 2024 तक पूर्ण की जानी है।

यह भी अवगत कराना है कि शासन द्वारा पुनः जारी (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) छात्रवृति योजनातर्गत समय सारिणी के अनुसार विश्वविद्यालय/ एफिलिएटिंग एजेंसी/ जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस आदि को ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्कार से सत्यापन करने की समयावधि 30 अप्रैल से 3 में 2024 तक निर्धारित की गई है तथा संबंधित विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेंसी के द्वारा भरी गई फीस को अथवा स्वयं फीस अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन स्थापित किए जाने की कार्यवाही दिनांक 04 मई से 7 मई 2024 तक की जानी है।

# सामाजिक संस्थाओं द्वारा जिला कारागार में किट वितरण की

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विप्र फाउंडेशन मथुरा वृंदावन के तत्वावधान में डॉ. मनोज मोहन शास्त्री फाउंडेशन एवं श्री श्री नाथ जी सेवा संस्थान वृंदावन के सौजन्य से जिला कारागार मथुरा में रह रही निरूद्ध महिला बंदियों को दैनिक दिनचर्या की उपयोगी वस्तुओं की किट जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार एवं होम गार्ड कमांडेंट डॉ. एस. पी. सिंह की गरिमामय उपस्थित में वितरण की गई। कार्यक्रम में डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि काल की गति बड़ी विचित्र है किंतु जेल में निरुद्ध कैदियों को यहाँ अपना जीवन प्रायश्चित पूर्वक शुद्ध करके विकसित राष्ट्र के लिए योगदान का संकल्प लेना चाहिए। जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार ने कहा कि जेल में निरुद्ध कैदियों के कल्याणार्थ अच्छे नागरिकों एवं समाज सेवी संस्थाओं को जेल प्रशासन के साथ सेतु के रूप में कार्य करना होगा। इस अवसर डॉ. मनोज मोहन शास्त्री फाउंडेशन, विप्र फाउंडेशन एवं श्री श्री नाथ जी सेवा संस्थान के पदाधिकारियों में डॉ. मनोज मोहन शास्त्री, मीरा शर्मा, कपिल देव शर्मा, अचल तिवारी, सुरेश शर्मा, महेश उपाध्याय, पद्मनाभ शास्त्री, बाल मुकुंद शर्मा, शशिकांत शर्मा (गुरु पंडित), अनुराग कृष्ण शास्त्री, सचिन रुंगटा, श्रीकांत त्रिपाठी, विनय पाठक एवं डॉ. डी. एस. चौहान उपस्थित रहे। डिप्टी जेलर कुमारी करुणेश, श्रीमती शिवानी यादव,अनूप कुमार एवं जेल कोषागार अधीक्षक सी.एम. तिवारी के सहयोग की सभी अतिथियों ने प्रशंसा की। विप्र फाउंडेशन जिला मथुरा के अध्यक्ष कपिल देव शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# मतदाता जागरूकता: अभिभावकों व आमजनो को दिलाई शपथ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** मतदाता जागरूकता जन-जन अभियान के लिए पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल एवं भारत स्काउट्स ओर गाइड संस्था जनपद के सम्मलित प्रयासों को लेकर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओ ने मनमोहक भाषण एवं स्लोगन द्वारा मतदान के विषय पर अपने मन के उदगार मतदाता जागरूकता पर व्यक्त किये ओर शत-प्रतिशत मतदान को अपने अभिभावकों एवं आमजनो कों प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता शपथ भी ली गयी साथ हीं विद्यालय के निदेशक प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश चंद्र यादव नें सभी अतिथियों का उद्बोधन सम्मान ज्ञापित किया एवं विद्यालय के स्काउट्स ओर गाइड के केडेट्स नें सभी अतिथियों कों स्काउट स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया इस क्रम में निदेशक प्रधानाचार्य डॉ कैलाश चंद्र यादव एवं भारत स्काउट ओर गाइड, उ.प्र.जिला संस्था के सचिव रविन्द्र कुमार यादव द्वारा जन सम्पर्क रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी डॉ विपिन कुमार, कुलदीप कुमार, जिला संगठन कमिश्नर गाइड स्वीटी मथुरिया एवं ब्लॉक स्काउट मास्टर डॉ पीयूष दीक्षित, कंचन राठौर एवं विद्यालय के शिक्षकगणों द्वारा भी विद्यार्थियों के संग पद संचालन किया गया साथ ही विद्यार्थियों को संकल्प पत्र वितरित किये गये जो वे अपने अभिभावकों एवं परिवार एवं आस पड़ोस के मतदाताओं को प्रेरित कर उनसे भरवाएंगे।

# मतदान प्रतिशत की सूचना प्रत्येक 2 घंटे पर पीठासीन अधिकारी द्वारा दी जायेगी



अवधनामा ब्यूरो

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वितीय प्रशिक्षण के समय कार्मिकों से फॉर्म 12 या 12 ए संकलित कर इंचार्ज ऑफिसर को सौंप दें तथा मास्टर ट्रेनर ईवीएम के सम्बन्ध में अच्छी तरह से कार्मिकों को प्रशिक्षित करें और सभी मास्टर ट्रेनर समय से प्रशिक्षण कक्ष में पहुंचें। जिलाधिकारी मतदान कार्मिकों को बताया जाये कि 6 बजे लाइन में लगे लोगों को पीछे से क्रम संख्या 1 से लेकर पर्ची वितरित कर मतदान कराया जाये। मतदान प्रतिशत संकलन ऐप पर मतदान प्रारम्भ होने की सूचना तथा प्रत्येक 2 घंटे पर व मतदान की समाप्ति पर पीठासीन अधिकारी द्वारा सूचना भरी जाएगी। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा ने मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तैयारियां पूर्ण, इटावा में आज आयेंगे अमित शाह

- अपील पत्र व अक्षत देकर शहर वासियों को आमंत्रित किया गया है

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** 41-इटावा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ.रामशंकर कठेरिया के समर्थन में नुमाइश पंडाल में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत पहुँचे। स्थल पर पहुँचकर जिलाध्यक्ष व प्रत्याशी ने छोटी-मोटी कमियों को दुरुस्त कर जनसभा को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि आज 28 अप्रेल की जनसभा के लिए सारी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है।

जनसभा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में ऐतिहासिक होने वाली है। पूरे लोकसभा क्षेत्र से बसों, चारपहिया वाहन, बाइक व ऑटो से लोगों को लाने की व्यवस्था की गई है। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्षों व बूथ अध्यक्षों के सहयोग से एक लाख लोगों को लाने की व्यवस्था की गई है। जनसभा के लिए भीड़ जुटाने के उद्देश्य से बीती रात जिला संगठन द्वारा शहर में प्रत्याशी डॉ.रामशंकर कठेरिया की अपील पत्र व अक्षत देकर शहर वासियों को आमंत्रित किया गया है। निरीक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष आनंद राज पाल, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, जिला मंत्री रजत चौधरी, सीपू चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल, सत्यम राजपूत, शिवम राजपूत, तेजपाल राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वॉल पेंटिंग को बिगाडा तो होगी एफआईआर

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृन्दावन के द्वारा नगर को सुन्दर बनाने के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों जैसे फ्लाईओवर, सरकारी भवनों की बाउण्ड्रीवाल आदि पर विभिन्न कार्य जैसे वॉल पेंटिंग आदि कराये गये हैं। देखने में आया है कि सौंदर्यीकरण हेतु कराई गई वॉल पेंटिंग आदि कार्यों पर कुछ व्यक्तियों के द्वारा अनाधिकृत रूप से फोटो चिपकाकर विज्ञापन कर वॉल पेंटिंग अथवा सौन्दर्यीकरण के कार्य को गंदा कर दिया जाता है व क्षति पहुंचाई जाती है। भविष्य में इस प्रकार सौन्दर्यीकरण कार्य अथवा वॉल पेंटिग आदि पर अनाधिकृत विज्ञापन करने वाले सौन्दर्यीकरण कार्य को गंदा करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुये खराब किये गये सौन्दर्यीकरण कार्य की क्षतिपूर्ति हेतु जुर्माना वसूलने की कार्यवाही के साथ साथ सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने के लिये सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी।

# तीन बार से लगातार घट रहा मत प्रतिशत

- 2014 से 2024 तक लगातार आई मत प्रतिशत में गिरावट
- वर्ष 2014 में 64.10 प्रतिशत हुआ था मतदान, 2024 में 49.49 रह गया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** शिक्षा बढी है। लोग जागरूक हुए हैं और डिजिटल भी। चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों को जनता तक अपना संदेश पहुंचाने के अतिरिक्ति माध्यम मिले हैं। हाथों में मोबाइल, कंप्यूटर आ गये हैं। चुनाव आयोग ने पिंक बूथ से लेकर सेल्फी पाइंट तक बनाये, जागरूकता रैली निकाली गई। कलाकारों से लेकर उद्योगपतियों तक ने वोट डालने की अपील की। 2014 से 2024 तक तीन लोकसभा चुनावों के लिए मतदान हुआ है। कान्हा की नगरी में हर साल मत प्रतिशत गिरता चला गया। जबकि इस बीच चुनाव आयोग ने भी लगातार मत प्रतिशत बढाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। वर्ष 2014 में 64.10 प्रतिशत वोट पढे थे। 2019 में 61 प्रतिशत मतदान हुआ और 3.10 प्रतिशत कम वोट पडे। 2024 में यह मत प्रतिश में बडी गिरावट आई और यह 50 प्रतिशत से भी नीचे आ गया। यह गिरावट 11.51 प्रतिशत की रही है और मत प्रतिशत में आई यह भारी गिरावट सभी राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आंकड़े बाज भी आंकड़ों में उलझ गये हैं। मत प्रतिशत इतना कम रहेगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। मथुरा लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ। मतदान के दौरान और इसके बाद सभी प्रत्याशियों ने अपनी जीत के दावे किये हैं। मतदान के बाद सबसे ज्यादा चर्चा कम मतदान को लेकर है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मथुरा संसदीय सीट के लिए 49.49 फीसदी मतदान हुआ। मतदान कम होने के पीछे गर्मी और कई गांवों में मतदान बहिष्कार या देरी से शुरू होने की वजह बताई जा रही है। प्रशासन ने मतदान के लिए जनपद भर में 2128 बूथ बनाए थे। 1929549 मतदाताओं में से 28.03 फीसदी पुरुष और 21.44 फीसदी महिला मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान समाप्ति के बाद देर रात तक पोलिंग पार्टियों ने कृषि मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करा दी। अब 4 जून को मतगणना के बाद ही तय होगा कि मथुरा से 18 वां सांसद कौन होगा। वर्ष 1786187 जिले में कुल मतदाता थे। जिसमें 962911 पुरुष मतदाता तथा 823276 महिला मतदाता थीं।

# मथुरा में त्रिकोणीय मुकाबला किसके सर बंधेगा सेहरा

- लोकसभा चुनाव

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** देश में हो रहे सामान्य लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मथुरा लोकसभा क्षेत्र में मतदान हुआ 50 फ़ीसदी से कम मतदान हुआ मतदाता बिल्कुल साइलेंट दिखाई दिए जिससे प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों के चेहरों पर उदासीनता का भाव देखा जा रहा है ऐसे कौन मथुरा का सांसद बनेगा यह तो मतगणना के बाद ही के हो पाएगा इसके बावजूद हार जीत को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गम है। जानकारी के अनुसार सामान्य लोकसभा निर्वाचन के लिए विगत दिन हुए मतदान 49 पॉइंट 49 की फ़ीसदी मतदान हुआ जो निराशाजनक रहा मतदान केंद्रों पर मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में न होने के कारण वोट डालने से वंचित रह गई कई पोलिंग बूथ पर बी एल ओ और फोटो डालने से वंचित रह गए मतदाताओं के बीच झड़प होती देखी गई। भारी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य तमाम प्रशासनिक अमले के साथ जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे सुबह से ही भ्रमण शील रहे। जनपद में कहीं से कोई झगड़ा आदि की शिकायत नहीं मिली है। भारतीय जनता पार्टी की दो बार की सांसद और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी हेमा मालिनी सिने तारिका अपने पार्टी के अमले के साथ मतदान की व्यवस्था को लेकर भ्रमण शील रही, उनकी पार्टी के राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण विधायक पूरन प्रकाश विधायक मेघ श्याम विधायक राजेश चौधरी एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह और योगेश नोहवार दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रविकांत गर्ग डॉक्टर देवेंद्र शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और महापौर विनोद अग्रवाल आधा दर्जन नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षद और सभासदों की पूरी फौज के अलावा पार्टी संगठन के सैकड़ो की संख्या में लोग हेमा मालिनी के पक्ष में मतदान कराने के लिए कड़ी मस्कत करते हुए देखे गए। इसके बावजूद कम मतदान प्रतिशत रहने से पार्टी में निराशा का भाव देखा गया है हालांकि वह अपने प्रत्याशी की जीत को लेकर अस्वस्त नजर आ रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी चौधरी सुरेश सिंह अपने निजी सहयोगियों और पार्टी जनों के साथ मतदान वाले दिन भ्रमणशील रहे बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समान मतदान होता देखा गया जिससे बसपा प्रत्याशी भी अपनी जीत के लिए अस्वस्त है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी मुकेश धनगर जिन्हें कमजोर प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा था उनके पक्ष में भी मतदान अच्छी तादात में होता हुआ दिखाई दिया शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गठबंधन प्रत्याशी को भी पूर्व से अधिक वोट मिलने का अनुमान है मुकेश धनगर भी अपने सहयोगियों के साथ भ्रमण शील रहे। जिले में त्रिकोणनात्मक मुकाबला देखने को मिला है रिकॉर्ड तो नहीं गई है 4 जून को मतगणना होने के बाद ही पता लगेगा मथुरा सांसद का सेहरा किसके सिर पर बधेगा गा ! यह प्रश्न समय के गर्भ में है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित हुकम सिंह गौतम की 40 वीं पुण्यतिथि

- महोली रोड पर कार्यक्रम आयोजित कर पुण्यतिथि मनाई गयी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित हुकम सिंह गौतम की 40 वी पुण्यतिथि मनाई गई। अपने पैतृक ग्राम कारब में महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू को बुलाकर गांधी चबूतरा का निर्माण कराया। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र पंडित धर्मदत्त गौतम ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। ऋषि नगर स्थित पंडित धर्मदत्त गौतम महामंत्री अखिल भारतीय गौतम ब्राह्मण महासभा मथुरा के आवास पर आयोजित हुए कार्यक्रम में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ सुरेंद्र शर्मा ने की। डॉ सुरेन्द्र शर्मा ने पंडित जी के बारे में अपने विचार रखे, योगेश गौतम ने उनके जीवन के बारे मे एवं अंग्रेजो से कैसे देश को आजाद कराया। पंडित त्रलोकी नाथ गौतम, राधेश्याम गौतम, रामकृष्ण गौतम, तिलक राज गौतम, तपेश गौतम, डीएस दीक्षित ने अपने विचार व्यक्त किये। सभी ने काव्य पाठ कर समा बांध दिया। डॉ सुरेंद्र शर्मा ने समाज को एक होने का सभी से संकल्प लेने का वादा लिया। जिनमें योगेश गौतम, ज्ञानेंद्र गौतम, अनुज कुमार, पुष्पेंद्र शर्मा, राम किशन गौतम, गौरव शर्मा, सर्वेश गौतम, जय वीर सिंह, हरि निवाश गौतम, सीता राम शर्मा, लक्ष्मीकांत, मगन, सुभाष गौतम, अनु गौतम, डोरी लाल गौतम, कुशल पाल शर्मा, अनुज कुमार, पुष्पेंद्र शर्मा, आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन धर्म दत्त गौतम ने किया।

# पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय में पालतू श्वानों का मुफ्त टीकाकरण

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा के कोठारी पशु चिकित्सालय पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 74 पालतू कुत्तों को रेबीज का मुफ्त टीकाकरण करके, उन्हें कीड़े की दवा वितरित की गई तथा साथ ही साथ उनकी आंखों की निशुल्क जांच भी की गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया की इस वर्ष का विश्व पशु चिकित्सा दिवस ÷पशु चिकित्सक एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यकर्ता÷ विषय के अंतर्गत मनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की जूनोटिक बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जूनोटिक बीमारियां, वे बीमारियां होती हैं जो पशुओं से मनुष्यों में तथा मनुष्यों से पशुओं में फैलती हैं। जिसमें मुख्य रूप से रेबीज, ट्यूबरक्लोसिस, ब्रूसेलोसिस, लेप्टोइपाइरोसिस, कंपाइलोबैक्टीरियसिस, लिस्चिरिवोसिस आदि प्रमुख है। रेबीज, एक विषाणु जनित जूनोटिक बीमारी है जो संक्रमित कुत्ता, सियार, बंदर, लोमड़ी, नेवला आदि के काटने से पशुओं में फैलाता है। जिसका टीकाकरण ही बचाव का प्रमुख उपाय है। एक बार यदि किसी मनुष्य या पशु में रेबीज के लक्षण प्रदर्शित हो जाएं तो उस मनुष्य या पशु को बचाना असंभव हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमें अपने पालतू श्वानों का टीकाकरण कर रखना चाहिए तथा जब भी कोई कुत्ता, सियार, बंदर, नेवला आदि काट ले तो हमें बिना समय गंवाए टीकाकरण करना चाहिए। इस अवसर पर अधिष्ठाता पशु चिकित्सा संकाय प्रो. विकास पाठक, अधिष्ठाता परास्नातक, प्रो. अर्चना पाठक प्रो.अजय प्रकाश, प्रो. आर.पी. पांडे, प्रो. संजय पुरोहित, प्रो. दीपक शर्मा, प्रो. विजय पांडे, प्रो. देश दीपक सिंह, प्रो. बृजेश यादव, डॉ. अरविंद त्रिपाठी, डॉ. रजनीश सिरोही, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. नीरज गंगवार, डॉ. अनुज सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चुनाव में असलहा फैक्ट्री चलाते दो कुख्यात दबोचे

- 18 तमंचे,तीन अधिया रायफल तथा छह अधबने तमंचे फैक्ट्री उपकरण मिले

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** लोकसभा चुनाव में असलाह फैक्ट्री चलाते दो कुख्यात शातिर पुलिस ने शनिवार को तड़के दबोच लिए। फैक्ट्री के तमाम उपकरणों के साथ 18 तमंचे तीन अधिया देसी रायफलें, छह अधबने तमंचे तथा कारतूस बरामद हुए। सफलता प्राप्त करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने 20 हजार रूपए का इनाम देने की घोषणा की।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि वैदपुरा थाना प्रभारी समित चौधरी फोर्स के साथ शनिवार की रात नगला बरी तिराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे, तड़के चार बजे सटीक सूचना मिली कि नगला गडरियान तथा नगला बाबा के बंबा से थोड़ी दूरी पर झोपड़ी में असलहा फैक्ट्री चलाई जा रही है। इस पर छापामार कार्यवाही करके इसी थाना क्षेत्र के गांव नगला बाबा के शातिर अपराधी सुखवीर उर्फ नेता तथा गांव नगला देवसन के सुधीर कुमार को असलहे बनाते हुए पकड़ा, मौके पर भट्टी पर जलता हुआ कोयला के साथ बने, अधबने असलहे, कारतूसों तथा उपकरणों को बरामद किया गया। सुखवीर पर 23 तथा सुधीर पर 12 अभियोग लूट, जानलेवा हमला, अपहरण, चोरी सहित अन्य संगीन मामलों के पहले से दर्ज हैं। इनके पकड़े जाने से चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। दोनों ने जिन-जिन को असलहे दिए हैं, जो इनके नेटवर्क में जुड़े हैं उन सभी को जल्द पकड़ा जाएगा। पखवाड़े में तीसरी फैक्ट्री पकड़ी गई एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जारी निरोधात्मक कार्रवाई अभियान में पखवाड़े में यह तीसरी फैक्ट्री पकड़ी गई है, इससे पहले थाना सैफई तथा ऊसराहार क्षेत्र में पकड़ी गई थीं। फैक्ट्री चलाने वाले इतने शातिर हैं जो थोड़े थोड़े अंतराल पर जंगल में स्थान बदल लेते हैं। यह दोनों दो साल से इसी तरह जगह बदलकर फैक्ट्री चला रहे थे। 20 हजार पाने वाली टीम में शामिल। असलाह फैक्ट्री चलाते दो कुख्यातों को पकड़ने में वैदपुरा थाना प्रभारी समित चौधरी, एसआई दिनेश चंद्र व सौरभ राणा, हेका ड्राइवर आविद खां, कनि जगवीर सिंह, रवि कुमार, जितेंद्र कुमार, सौरभ यादव, अंकित चौधरी 20 हजार रुपए का इनाम पाने में शामिल हैं।

अवधनामा



# चेहरे की झुर्रियों की दूर करेंगे ये तीन फल, दिखेंगी आप जवां

खराब लाइफस्टाइल, गलत खानपान और स्ट्रेस से भरी जिंदगी से लोगों के शरीर में पोषण की कमी की वजह से लोग अपनी उम्र से ज्यादा नजर आने लगते हैं। लोग आजकल स्किन केयर की छोड़ो, खुद के सेहत का भी ध्यान नहीं रख पाते हैं। त्वचा की सही ढंग से देखभाल नहीं करने से व्यक्ति के चेहरे पर झुर्रियां, फाइन लाइन्स और स्किन का ढीला होना जैसे एजिंग के साइन नजर आने लगते हैं। वहीं आपको अपने खानपान का ध्यान रखना भी काफी जरुरी हैं, आप ना केवल उम्र से जुडे लक्षणों को दूर कर सकते हैं बल्कि एजिंग की प्रक्रिया को भी धीमा कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको 3 ऐसे फलों के बारे में बताएंगे जो अपने एंटी-एजिंग गुणों के लिए जाने जाते हैं।



***एवोकाडो***

एवोकाडो फरूट में कई सारे पोषण तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो में फाइबर, आयरन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, एनर्जी, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, विटामिन ए, बी 6, सी, ई, के, थियामिन, कॉपर और जिंक आदि मौजूद पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह एक पावरहाउस सुपरफूड कहा जाता है, क्योंकि इसमें हेलिदी फैट्स, एंटी-एजिंग से लड़ने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। एवोकाडो आपकी त्वचा को बेहतर बनाने के लिए जाने जाते हैं, क्योंकि इसमें एंटी-एजिंग गुणों के लिए एक बेहतरीन फूड ऑप्शन है।

***ब्लू बेरीज***

इस लिस्ट में शामिल ब्लू बेरीज फरूट एंटी-एजिंग के लिए सबसे बेहतर ऑप्शन है। यह पोषक तत्व का पावरहाउस है, इसमें बायो फ्लेवॉनॉइड्स नामक एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होते हैं जो धमनियों को मजबूत करता है। स्किन का टाइट रखने और कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के खतरे को कम करते हैं।

***अनार***

अनार एंटी-एंजिंग के लिए सबसे बढ़िया है, इसमें मौजूद विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है। अनार में पॉलीफेनॉल्स और एलेजिक एसिड से भरपूर होता है जो त्वचा को सूरज की हानिकारक नुकसान से बचाने में भी मदद करता है और कोलेजन का प्रोडक्शन को बढ़ाता है। अनार के सेवन से चेहरे की सारी झुर्रियां गायब हो जाएगी।

# परफेक्ट लिपस्टिक शेड्स के लिए नहीं होना होगा परेशान, खरीदने से पहले जरूर जानें ये बातें



महिलाएं हो या लड़कियां सजना-संवरना लगभग हर किसी को पसंद होता है। खासतौर पर यदि महिलाओं के फेवरेट मेकअप की बात की जाए, तो इसमें लिपस्टिक सबसे पहले नंबर पर आती है। यह एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है, जो हर महिला व लड़की की पर्स में पाया जाता है। महिलाओं को लिपस्टिक के कलेक्शन का भी काफी शौक होता है। वैसे तो अधिकतर महिलाओं को लिपस्टिक के शेड्स के बारे में जानकारी होती है। लेकिन कुछ महिलाओं को इसके बारे में पता नहीं होता है।

दरअसल, लिपस्टिक भी कई तरह की होती है। इसके बारे में जानना हर लड़की के लिए बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लिपस्टिक के प्रकार के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे कि आप जब भी लिपस्टिक खरीदने जाएं, तो आपको इसके बारे में सही जानकारी है और आप खुद के लिए सही लिपस्टिक चुन सकें।

***क्रेयॉन लिपस्टिक***

क्रेयॉन लिपस्टिक लड़कियों को बहुत ज्यादा पसंद होती है। यह देखने में बिलकुल वैसी ही होती है, जैसे कि बचपन में रंग भरने के लिए हम क्रेयॉन का इस्तेमाल करते हैं। यह लंबे समय तक होंठों को नमी देने का काम करती हैं। साथ ही इससे होंठ भी नहीं सूखते हैं।

***पैंसिल लिपस्टिक***

पैंसिल लिपस्टिक देखने में बिलकुल पेंसिल की तरह होती है। इसको इस्तेमाल करने से लिए सबसे पहले होंठो पर पेंसिल लिपस्टिक की मदद से लाइन बनाएं। फिर आप इसी का इस्तेमाल लिपस्टिक की तरह भी कर सकती हैं।

***मैट लिपस्टिक***

बहुत सारी लड़कियों को मैट लिपस्टिक पसंद आती है। क्योंकि यह लंबे समय तक टिकी रहती है। हांलाकि इसको लगाने से पहले लिप्स पर लिप बाम जरूर लगाना चाहिए। क्योंकि ऐसा न करने पर आपके लिप्स सूखने लगेंगे।

***क्रीम लिपस्टिक***

क्रीम लिपस्टिक मैट लिपस्टिक की तरह होती है। बस फर्क इतना होता है कि आप बिना लिप बाम के भी इसको लगा सकते हैं। इसका क्रीमी टेक्सचर आपको खूबसूरत लुक देता है।

***ग्लॉसी लिपस्टिक***

वहीं कई लड़कियों को ग्लॉसी लिपस्टिक बेहद पसंद आती है। ऐसे में अगर आपको भी ग्लॉसी लिपस्टिक पसंद है तो आप इसे अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं।

***लिप टिंट***

आजकल लड़कियों को लिप टिंट काफी ज्यादा पसंद आते हैं। क्योंकि इनको कैरी करना आसान होता है और इसे लगाना भी काफी ईजी होती है।

# वैक्सिंग कराने के बाद स्किन होती है डैमेज, तो इन बातों का रखें ख्याल

अनचाहे बाल पैरों और हाथों की खूबसूरती को कम कर देते हैं। वहीं इनकी सुंदरता में बनाए रखने के लिए महिलाएं वैक्सिंग का सहारा लेती हैं। महिलाएं ब्यूटी पार्लर में जाकर वैक्सिंग करवाती हैं लेकिन ये काफी खर्चीला होता है। वहीं इस दौरान कई महिलाएं घर पर ही वैक्सिंग करती हैं लेकिन घर पर वैक्सिंग करने के दौरान कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए ताकि स्किन डैमेज न हो। वहीं इस आर्टिकल में हम आपको इसी बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। चलिए आपको बताते हैं किन बातों का रखना है ध्यान।

***क्वालिटी का रखें ध्यान***

वैक्सिंग करते समय इस बात का ध्या रखें कि वैक्स की क्वालिटी अच्छी ही ताकि इसका इस्तेमाल करने से स्किन से जुड़ी



कोई समस्या पैदा न हो। वहीं वैक्स की क्वालिटी का हमेशा ध्यान रखें, क्योंकि इससे स्किन डैमेज नहीं होगी।

***पाउडर का करें इस्तेमाल***

कई महिलाओं की स्किन सेंसिटिव होती हैं। वहीं गर्म वैक्सिंग को हाथ -पैरों पर लगाने से पहले आप पाउडर का इस्तेमाल करें, क्योंकि वैक्सिंग की वजह से स्किन डैमेज हो जाती है। पाउडर के यूज से त्वचा पर नमी नहीं रहती और वैक्सिंग के बाद किसी भी तरह परेशानी नहीं आती है।

***अच्छी स्ट्रिप्स का यूज करना***

अगर आप घर में वैक्सिंग करती हैं तो डिस्पोजेबल स्ट्रिप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। कई बार महिलाएं एक ही स्ट्रिप्स का इस्तेमाल न करें। वहीं स्ट्रिप की जगह अगर आप जीन्स का कपड़ा का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ऐसा करने से स्किन से जुड़ी समस्या शुरु हो सकती है।

***वैक्सिंग के बाद नहाएं जरुर***

वैक्सिंग करवाने से पहले नहाना जरुरी नहीं हैं लेकिन वैक्सिंग के बाद नहाना भी जरुरी हैं ताकि स्किन पर लगी वैक्स आराम से निकल जाए और कोई इंफेक्शन न हो। वैक्सिंग से पहले पैच टेस्ट करना जरुरी है

वैक्सिंग करने से पहले जहां बाल निकल जाते हैं तो वहीं कई वैक्सिंग के बाद और स्किन डैमेज हो सकती हैं। वहीं ऐसे में वैक्सिंग करवाने से पहले टेस्ट करवा लें।

# एक्सपर्ट्स से जानिए फेस पर वैसलीन लगाने का सही तरीका, मिलेंगे कई फायदे

वैसलीन को कई तरह से उपयोग में लाया जाता है। वैसे तो ठंड के मौसम में इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। वैसलीन फटे होंठ और फटी हुई स्किन को रिपेयर करने का काम करती है। तो वहीं चोट व खरोंच आदि को भी यह हील करने में सहायक होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वैसलीन लगाने का सही तरीका क्या है और इसको लगाने से क्या-क्या फायदा होता है।

वैसलीन को जरूरी मिनरल्स ऑयल्स और वैक्स के मिक्सचर से बनाकर तैयार किया जाता है। इसके इस्तेमाल से स्किन को कई सारे फायदे होते हैं, तो वहीं त्वचा की नमी भी बरकरार रहती है। वैसलीन हमारी स्किन को मॉइस्चराइज करने के साथ ही स्किन को रिपेयर करने का भी काम करती है।

***ऐसे करें वैसलीन का इस्तेमाल***

एक्सपर्ट्स के मुताबिक आंखों की पलकों और होंठों पर वैसलीन



लगाने से पहले मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके बाद ही वैसलीन अप्लाई करना चाहिए। इस तरह से वैसलीन लगाने से आपके होंठ और आंखों की पलकें दोनों हाइड्रेटेड रहेंगी।

कई बार सूखे घाव को भी सही होने में अधिक समय लगता है। इसलिए जब भी छोटा कट, घाव या खरोंच आदि लगे तो उस पर वैसलीन लगा देना चाहिए। इससे वह घाव जल्द ठीक हो जाएगा।

***फटी एड़ियों को भी ठीक करने में वैसलीन बेहद मददगार साबित होती है।***

कई बार जूते या सैंडल पहनने से पैरों में छाले पड़ जाते हैं। इन छालों को ठीक करने के लिए भी वैसलीन का इस्तेमाल किया जा सकता है।

अगर आप नहाने के फौरन बाद गीले नाखूनों पर वैसलीन अप्लाई करते हैं, तो नाखून आसानी से नहीं टूटते हैं। वहीं कई बार छोटे बच्चों के डायपर लगाने से उनको रैसिश हो जाते हैं। ऐसे में आप इसके लिए भी वैसलीन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

हांलाकि एक्ने प्रोन स्किन पर वैसलीन का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

# इन आसान टिप्स की मदद से एक्ने की समस्या को दूर करें

एक्ने को देखकर हर किसी के लिए पिंपल को चुटकी से दबाना या निचोड़ना आसान होता है। लेकिन यह सोचकर खुद को रोकना महत्वपूर्ण है कि हम जानते हैं कि मुंहासों और फुंसियों का इलाज नहीं कर सकते हैं या उन्हें रातों-रात ठीक नहीं कर सकते हैं। ऑयली स्किन वालों को एक्ने की समस्या सबसे ज्यादा रहती है। इन्हें लोग अक्सर फोड़ते रहते है, जिस वजह से स्किन पर दाग -धब्बे नजर आने लगते हैं। ऐसे ही एक हैक्स को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर डॉक्टर सलोनी वोहरा ने शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि इसे कैसे सही किया जा सकता है। चलिए उनके बताए गए इस हैक्स को आप भी करें ट्राई।

***एक्ने होने का क्या है कारण***

एक्ने स्किन प्रॉब्लम बढ़ते प्रदूषण और खराब लाइफस्टाइल के कारण होते हैं। स्किन की देखभाल न कर पाना और सही आहार का सेवन नहीं



करने से स्किन पर एक्ने जैसी समस्या उत्पन्न होने लगती है। कई बार गलत प्रोडक्ट के इस्तेमाल से भी चेहरे पर एक्ने हो जाते हैं।

***एक्ने को कम करने का हैक्स***

जब स्किन पर छोटे-छोटे एक्ने दिखने लगते हैं तो हम परेशान हो जाते है। कभी मंहगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं तो कई बार ट्रीटमेंट करवाते हैं। जिस हैक्स इंस्टाग्राम पर डॉक्टर सलोनी वोहरा ने शेयर किया है। इसे आप भी ट्राई कर सकते हैं। इसके लिए आप बस एंटी डैंड्रफ शैंपू का इस्तेमाल करना है। इससे समस्या कम होना शुरु हो जाएगी।

***एंटी डैंड्रफ शैंपू का इस्तेमाल***

अगर आपकी स्किन पर एक्ने हैं तो सही करने के लिए आप इन जगहों पर एंटी डैंड्रफ शैंपू का इस्तेमाल करें। आपको यह हैक्स 3 हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करना है और स्किन पर 15 मिनट के लिए लगा रहने देना। फिर इसे पानी से साफ कर सकते हैं। इससे आपकी स्किन साफ नजर आएगी। साथ ही आपके दाग-धब्बे भी कम हो जाएंगे।

***इन बातों का जरुर रखें ध्यान***

- एक्ने के अलावा एंटी डैंड्रफ शैंपू का इस्तेमाल त्वचा पर कहीं और न करें।
- अगर आप मेकअप लगाती हैं, तो उसे मेकअप रिमूवर से छुटाएं, ताकि एक्ने की समस्या की प्रॉब्लम न हो।
- हार्श केमिकल वाले प्रोडक्ट चेहरे पर न लगाएं। हर्बल और नेचुरल चीजों को ही चेहरे पर लगाएं।
- फेशियल और क्लीनअप ट्रीटमेंट घर पर ही करें, ताकि केमिकल प्रोडक्ट का इस्तेमाल चेहरे पर ज्यादा न करें।
- कोई भी चीज चेहरे पर लगाने से पहले पैच टेस्ट जरुर कराएं।

# ग्लोइंग स्किन के लिए मददगार साबित हो सकते हैं, ये खास घरेलू उपाय

स्किन ग्लोइंग के लिए हम सभी कुछ न कुछ करते रहते है, महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स से लेकर स्किन ट्रीटमेंट कराते हैं। लेकिन बिजी लाइफ के साथ-साथ त्वचा पर ध्यान देना भूल ही जाते हैं। वर्किंग महिलाओं के लिए घर-परिवार और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारियों से त्वचा पर ध्यान देना भूल ही जाती हैं। अगर आपके पास सुबह टाइम नहीं होता है तो आप रात को समय निकालकर स्किन का ख्याल रख सकती हैं। बस रात को आप अपने चेहरे पर कुछ खास चीजें अप्लाई कर सकती हैं, जिससे चेहरे पर निखार नजर आएगा।

एलोवेरा त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाने से पिंपल, दाग-धब्बे और टैनिग की समस्या को दूर सकते हैं। सन टैनिंग को दूर करने में मदद करता है। आप ताजा जल निकाल लें। इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। उसके बाद चेहरे को पानी से धो लें।

आप चाहें तो त्वचा को ठंडक पहुंचाने के लिए चेहरे पर दही भी लगा सकते हैं। दही



त्वचा को गहराई से साफ करता है और डेड स्किन को खत्म करता है। चेहरे पर दही इस्तेमाल करने पर स्किन मुलायम बनती है और त्वचा की रंगत भी सुधरती है। इसका प्रयोग करने के लिए आप ठंडा दही लें और इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। 2-3 मिनट तक हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें। करीब 10 मिनट तक इसके बाद चेहरे को साफ कर लें।

चेहरे पर चंदन के इस्तेमाल करने से मुहांसे, दाग-धब्बे और झुर्रियों की समस्या दूर होती है। वहीं यह त्वचा की रंगत सुधारने के लिए भी काफी प्रभावी होता है। गर्मी में तेज धूप और सनबर्न से राहत पाने के लिए आप चेहरे पर चंदन का लेप लगा सकते हैं। सबसे पहले आप एक कटोरी में 2 चम्मच चंदन पाउडर लें। इसमें पानी या गुलाब जल की कुछ बूंदें मिलकर लेप तैयार कर सकते हैं। इसके बाद इसे अपने चेहरे पर लगा लें। 15 मिनट बाद साफ पानी से मुंह धो लें।

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए सबसे बढ़िया कोकोनट वर्जिन ऑयल लाभकारी हो सकता है। इसके लिए आप नाइट क्रीम लें, इसमें एक चम्मच कोकोनट वर्जिन ऑयल मिलाएं। इसे अपने चेहरे पर लगा लें और सुबह धो लें। रोजाना रात को सोते समय चेहरे पर नारियल का तेल लगाने से आपको ग्लोइंग, सॉफ्ट स्किन मिल सकती है।

त्वचा में निखार लाने के लिए गुलाब जल का प्रयोग काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। गुलाब जल चेहरे की त्वचा को हील करता है और ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर करता है। चेहरे पर गुलाब जल लगाने से मुंहासें दूर होते हैं और टैनिंग की समस्या से भी छुटकारा मिलता है।

# दोमुंहे बालों को काटने की जरूरत नहीं, बस अपनाएं ये उपाय

दोमुंहे बाल जिन्हें स्प्लिट एंड्स भी कहा जाता है, एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। आमतौर पर, स्प्लिट एंड्स की समस्या होने पर लोग अक्सर बाल कटवाना ही सबसे अच्छा उपाय समझते हैं। यकीनन हेयर कटिंग की मदद से स्प्लिट एंड्स की समस्या आसानी से दूर हो जाती है। लेकिन अगर आप अपनी हेयर लेंथ के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते हैं तो ऐसे में आप कुछ आसान घरेलू उपायों को भी अपना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको स्प्लिट एंड्स की समस्या को दूर करने के लिए कुछ आसान उपायों के बारे में बता रहे हैं-

***हिबिस्कस फूल, मेथी, करी पत्ता और आंवला हेयर मास्क***

यह हेयर मास्क न केवल दोमुंहे बालों का उपचार करता है, बल्कि आपकी ओवर ऑल हेयर हेल्थ का ख्याल रखता है। इसके लिए 5-6 गुड़हल के फूल और 2 गुड़हल की पत्तियां, करी पत्ता, मेथी और आंवला मिलाकर एक चिकना पेस्ट बना लें।



इसमें अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे मिक्स करें। आप इसमें बादाम का तेल भी मिक्स कर सकते हैं। अब तैयार मास्क को बालों पर लगाएं और लगभग 30 मिनट छोड़ दें और फिर बालों को नेचुरल क्लींजर से धो लें।

***मेयोनेज़ का करें इस्तेमाल***

मेयोनेज़ में तेल और प्रोटीन पाया जाता है, जो बालों को मॉइश्चराइज और मजबूत कर सकता है। इसके इस्तेमाल से बाल अधिक सिल्की व स्मूथ बनते हैं और दोमुंहे बालों की समस्या दूर होती है। इसके लिए अपने बालों के सिरों पर मेयोनेज़ लगाएं और शॉवर कैप से ढककर 30 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में, बालों को वॉश कर लें।

***बनाएं एवोकाडो मास्क***

एवोकाडो विटामिन और फैटी एसिड से भरपूर होता है जो बालों को पोषण और मॉइश्चराइज़ कर सकता है। इससे आपके बाल अधिक मजबूत बनते हैं और दोमुंहे बालों की समस्या दूर हो जाती है। इसके लिए एक पका हुआ एवोकाडो लें और उसे अच्छी तरह मैश करें। अब इसे अपने बालों के सिरों पर लगाएं। धोने से पहले इसे 30 मिनट के लिए छोड़ दें।

## बिहार में 20 शहरों में लू का अलर्ट

# यूपी-बिहार समेत इन राज्यों में हीटवेव की चेतावनी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बीते दिन तेज गर्मी रहने के बाद देर शाम दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने लोगों को गर्मी से हल्की राहत दिलाई। वहीं, आज भी हल्की बारिश या बूंदाबादी और सामान्य रूप से बादल छाए रहने के आसार हैं।

शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया, जबकि न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्स्यिस दर्ज किया गया। वहीं, सापेक्ष आर्द्रता प्रतिशत 30 रही।

शनिवार को अधिकतम तापमान में 39 डिग्री सेल्सियस रहेगा, जो कल के मुकाबले लगभग दो डिग्री कम रहेगा। इसके अलावा अगले दो दिन मौसम साफ रहेगा। वहीं, 30 अप्रैल से 2 मई तक दिन के समय तेज सतही हवा चलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, इस समय दक्षिणी ईरान और पाकिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव साइक्लोनिक सर्कुलेशन के तौर पर दिख रहा है। पश्चिमी राजस्थान पर भी एक साइक?लोनिक सर्कुलेशन का प्रभाव है, जिसकी वजह से दिल्ली समेत कई इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई।

इस सीजन में पहली बार देहरादून में पारा 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। गर्मी से लोग बेहाल दिखे। मैदानी इलाकों में शुष्क मौसम है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा कि शनिवार और रविवार को दून में आंशिक बादल छाए रहेंगे। शाम को हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। वहीं, चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाली चोटियों पर हिमपात हो सकता है

आगरा उत्तर प्रदेश के गर्म शहरों में तीसरे नंबर पर रहा। दोपहर में धूप और शाम को धूल से शहरवासी परेशान हुए। कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

इस समय सूर्य के ताप की वजह से पूरा पूर्वांचल गर्मी से बेहाल है। प्रयागराज का तापमान तो 45 डिग्री सेल्सियस के आकड़े को छूने के लिए अग्रसर है। यूपी के सबसे गर्म शहरों में प्रयागराज लगातार तीसरे दिन भी सबसे ऊपर बना रहा।

पटना का तापमान दूसरे दिन भी 42 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। शुक्रवार को यहां का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, 43.9 डिग्री सेल्सियस के साथ शेखपुरा बिहार का सबसे गर्म शहर रहा।

### हंदवाड़ा में स्वयंभू फकीर ने महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या की, गिरफ्तार

**श्रीनगर।** उत्तर कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक स्वयंभू फकीर ने 60 साल की महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गुलाम रसूल उर्फ लस्सा बाब नाम के एक स्वयंभू फकीर ने शुक्रवार को हंदवाड़ा तहसील के चोगल गांव में अपने कमरे में 60 वर्षीय एक महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। फकीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डॉक्टरों ने कहा है कि तथाकथित फकीर पागल आदमी है। इस घटना से पूरी घाटी में सदमे की लहर दौड़ गई।

# चीन के साथ हो गया खेला! जिस एयरपोर्ट को बनवाने में की थी मदद

## श्रीलंका ने भारत को दिया उसका कंट्रोल.........................

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के हंबनटोटा में मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन का जिम्मा अब एक भारतीय और रूसी कंपनी को सौंप दिया गया है। श्रीलंकाई कैबिनेट ने शुक्रवार को इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इस फैसले को चीन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। श्रीलंका सरकार के प्रवक्ता और मंत्री बंडुला गनवार्डेना ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में इस प्रोजेक्ट के लिए रुचि पत्र मंगवाने को मंजूरी दे दी गई थी। जिसके बाद कैबिनेट की सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को



30 वर्षों के लिएमटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन का जिम्मा सौंपा।

बता दें कि इस हवाईअड्डे को बनवाने के लिए चीन ने श्रीलंका की वित्तीय मदद की थी। हालांकि, इसे ड्रैगन की एक बड़ी साजिश बताया गया था। दरअसल, चीन ने इस प्रोजेक्ट के लिए काफी उच्च ब्याज दर पर लोन दिया था।

चीन के एग्जिम बैंक ने लगभग 19 करोड़ डॉलर की राशि दी थी। चीन पर कई विशेषज्ञों ने आरोप लगाए थे कि उसने इस प्रोजेक्ट के माध्यम से श्रीलंका को एक और बड़े कर्जजाल में फंसाया है।

बता दें कि इस एयरपोर्ट को 209 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से बनाया गया था। उड़ानों की कमी के कारण एयरपोर्ट घाटे में जा रहा था और इसे दुनिया का सबसे खाली हवाई अड्डा करार दिया जाने लगा था। 2016 से श्रीलंका सरकार हवाई अड्डे के प्रबंधन के लिए भागीदारों की तलाश कर रही थी, जिसे अब भारतीय कंपनियां संभालेंगी।

मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया था, ये हवाई अड्डा राजपक्षे के लगभग एक दशक लंबे शासनकाल की प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक था।

## क्विक न्यूज

### मुसलमानों के लिए हिंदुओं की हकमारी कर रही कांग्रेस, लालू-तेजस्वी चुप क्यों हैं : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी गिरिराज सिंह ने शनिवार को कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं की हकमारी कर रही है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि कर्नाटक में जहां ओबीसी का अधिकार छीनकर मुसलमानों को दे दिया जा रहा है, उस पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव चुप क्यों हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि एक तरह से कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं का गला काट रही है। कांग्रेस चाहती है कि देश में गृह युद्ध हो जाए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मुसलमानों को ओबीसी का दर्जा देकर कांग्रेस क्या चाहती है। कर्नाटक में जहां ओबीसी के साथ हकमारी की जा रही है, इस मुद्दे पर लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव चुप क्यों है। सिंह ने कहा कि कांग्रेस जिस तरह की राजनीति कर रही है, वह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आज मुसलमान अल्पसंख्यक नहीं बहुसंख्यक है।


### हंदवाड़ा में स्वयंभू फकीर ने महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या की, गिरफ्तार

**श्रीनगर।** उत्तर कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक स्वयंभू फकीर ने 60 साल की महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गुलाम रसूल उर्फ लस्सा बाब नाम के एक स्वयंभू फकीर ने शुक्रवार को हंदवाड़ा तहसील के चोगल गांव में अपने कमरे में 60 वर्षीय एक महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। फकीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डॉक्टरों ने कहा है कि तथाकथित फकीर पागल आदमी है। इस घटना से पूरी घाटी में सदमे की लहर दौड़ गई। भरोसेमंद लोग, ज्यादातर महिलाएं, ऐसे लोगों से मदद मांगने जाते थे।

# नैनीताल के जंगलों में भीषण आग पर काबू पाने में लगा एमआई-17 हेलीकॉप्टर

एजेंसी

**नैनीताल।** उत्तराखंड में नैनीताल व आसपास के जंगलों में भीषण आग लगी है। सरकार ने आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स का एमआई-17 हेलीकॉप्टर लगा दिया है। हेलीकॉप्टर ने शनिवार सुबह भीमताल झील से पानी भरा और पाइंस क्षेत्र में आग बुझाई। इससे पहले भी साल 2019 और 2021 में अनियंत्रित आग पर काबू पाने के लिए एमआई-17 हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया था। नैनीताल से लगे पाइंस, भूमियाधार, ज्योलीकोट, नारायणनगर, भवाली, रामगढ़, मुक्तेश्वर आदि के जंगल इन दिनों बुरी तरह से धधक रहे हैं। इस साल बारिश कम होने के कारण सूखे जंगल जगह-जगह जल रहे हैं। दमकल विभाग और वन विभाग आग पर काबू पाने में लगा है। आग इतनी तेज है कि दोनों विभागों के अलावा आर्मी के जवान भी आग



पर काबू पाने में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री और प्रशासन के आला अधिकारियों के बीच गहन बातचीत के बाद फैसला लिया गया कि आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की मदद ली जाए। इस मिशन के तहत एयरफोर्स का एमआई-17 हेलीकॉप्टर नैनीताल पहुंचा। सुबह हवा और पानी की व्यवस्था देखने के बाद लगभग 7 बजे हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से बकेट (बाल्टी) में पानी भरा और मिशन पर निकल गया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि पाइंस से लेकर लड़िया कांटा के जंगलों में आग अनियंत्रित रूप से बढ़ रही है, जिसे बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर को भेजा गया है।

# न बिजली, न रोड कनेक्टिविटी... फिर भी इस गांव में हुई 100 फीसद वोटिंग

एजेंसी

**मंगलुरु।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की वोटिंग शुक्रवार को संपन्न हुई। दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर 68.49 फीसद मतदान दर्ज किया गया। इस बीच एक ऐसा गांव भी सुर्खियों में आया जहां के 100 फीसद लोगों ने तमाम मुसीबतों और जनसुविधाओं की कमी के बावजूद अपनी वोट की शक्ति दिखाई।

दरअसल, ये गांव कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी तालुक में स्थित है। बंजारुमले नामक इस गांव में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस गांव में 111 मतदाता हैं और उनमें से प्रत्येक शाम 6 बजे मतदान समाप्त होने से दो घंटे पहले मतदान पूरा



करके एकमात्र मतदान केंद्र पर पहुंचे।

इस गांव में वनवासी, आदिवासी किसान और लघु वन अपशिष्ट संग्रहकर्ता रहते हैं। ये लोग पश्चिमी घाट की पहाड़ियों में बारहमासी जल स्रोतों के पानी का उपयोग करके जंगल में जीवित रहते हैं। बिजली या परिवहन कनेक्टिविटी न होने के बावजूद इन लोगों ने अपने वोट के अधिकार का उपयोग किया।

वोटिंग के लिए इन लोगों को मुदिगेरे से बस से यात्रा करनी पड़ती है या घने जंगलों के बीच आठ किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है, लेकिन उन सभी ने मतदान करना सुनिश्चित किया। जिले के अधिकारियों ने भी उनके जज्बे की सराहना की।

गांव के निवासी अन्नी मालेकुडिया ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, हम कम सुविधाओं के बारे में शिकायत नहीं करते हैं। हम समझते हैं कि शहरों को जो सुविधाएं दी जाती हैं, वे सभी गांवों को नहीं दी जा सकतीं। फिर भी, इसने हमें पूरी संख्या में मतदान करने से नहीं रोका है। मुझे यकीन है कि अगर 500 या उससे अधिक मतदाता होते तो भी वे सभी वोट देने आते। जिला मतदान आंकड़ों के मुताबिक, 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बंजारुमाले ने 99 फीसदी मतदान दर्ज किया था।

# कंगना ने हिमाचल सरकार से पूछा, प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए दिए गए 1800 करोड़ कहां गए

एजेंसी

**मंडी।** मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कांग्रेस सरकार से सवाल किया कि प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र द्वारा दिए गए 1800 करोड़ रुपए कहां गए? कंगना ने आरोप लगाया, प्रदेश सरकार की खराब नीति की वजह से यह पैसा प्रभावित लोगों तक नहीं पहुंचा। हालांकि, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नुकसान का जायजा लेने आए थे। कंगना ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, कांग्रेस ने सत्ता का दुरुपयोग कर टू-जी, फोर-जी, चारा और ना जाने कितने घोटाले किए। कांग्रेस को प्रदेश की जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि यह पार्टी हमेशा से ही जनता के हितों पर कुठाराघात करने



में माहिर है। अभिनेत्री ने कहा, कांग्रेस ने सत्ता में रहते समय सीमा पर सड़क निर्माण करने से गुरेज किया, जिसका नतीजा यह हुआ कि सीमावर्ती इलाकों में विकास नहीं हो सका, मगर आज मोदी सरकार के नेतृत्व में चौतरफा विकास हो रहा है। कंगना ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को लेकर हमेशा से ही संवेदनशील रही है। मोदी सरकार ने राजनीति में महिलाओं को आरक्षण दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया, लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया, क्योंकि कांग्रेस के लोग नहीं चाहते थे कि इस देश की महिलाओं की तरक्की हो।

# अमेरिका में फलस्तीनियों के समर्थन का आंदोलन फैला, कई संस्थाओं में पढ़ाई ठप

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में फलस्तीनियों के समर्थन वाला छात्रों का धरना शुक्रवार को दसवें दिन भी जारी है। इसी के साथ कैलिफोर्निया से लेकर मेसाचुसेट्स तक की शिक्षण संस्थाओं में गाजा मुद्दे पर चल रहे छात्रों के आंदोलन से निपटने में प्रशासन और पुलिस जद्दोजहद कर रही है। इन आंदोलनों में शामिल सैकड़ों छात्र-छात्राओं को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है लेकिन उसका कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। कोलंबिया और अन्य संस्थाओं में प्रशासन आंदोलनकारी छात्रों से वार्ता कर रहा है और उन्हें समझाने का प्रयास कर रहा है लेकिन अभी तक की बातचीत बेनतीजा रही है। कई विश्वविद्यालयों और कालेजों ने अपनी नियमित कक्षाएं रोक दी हैं और अब उनका जोर ऑनलाइन





पढ़ाई पर है। लेकिन आंदोलनकारी परिसर में आकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

आंदोलनकारियों का गुस्सा गाजा में इजरायल द्वारा बड़ी संख्या में निर्दोष फलस्तीनियों के मारे जाने को लेकर है। इजरायली हमलों में 23 लाख वाली गाजा पट्टी में 34 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। मारे गए लोगों में दो तिहाई संख्या महिलाओं और बच्चों की है। चूंकि इजरायल के हमले को अमेरिका का समर्थन है, इसके चलते आंदोलनकारी छात्र-छात्राओं में भारी गुस्सा है।

आंदोलनकारियों की मांग है कि अमेरिका इजरायल की सहायता बंद करे और उसके साथ संबंध तोड़े। इन्हीं मांगों को लेकर गुरुवार को जब ब्लूमिंग्टन में स्थित इंडियाना विश्वविद्यालय में माहौल बिगड़ा तो पुलिस को वहां पर आंदोलनकारियों पर बेंत चलाने पड़े और वहां से 33 छात्रों को गिरफ्तार किया गया। इसके कुछ ही घंटे बाद कनेक्टिकट के विश्वविद्यालय में पुलिस ने आंदोलनकारियों का टेंट फाड़ दिया और एक छात्र को गिरफ्तार कर लिया।

इस तरह की घटनाएं कई विश्वविद्यालयों में हुई हैं। अमेरिकी संस्थाओं में पढ़ रहे यहूदी छात्र इन आंदोलनों से डरे हुए हैं। उन्हें लग रहा है कि इजरायल का विरोध यहूदी विरोध में बदल सकता है जिसके कारण उन पर हमले हो सकते हैं या फिर उनको लेकर कालेज परिसर में विरोधी माहौल बन सकता है। इनमें से कुछ छात्र अब पुलिस सुरक्षा की जरूरत भी महसूस कर रहे हैं।

### देश के चार प्रमुख हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** देश के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया गया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई और बाद में ये धमकी अफवाह निकली। बीते दिन जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद हडकंप मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर में धमकी का ईमेल आया था। इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम भी मौके पर पहुंची।

# चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने के लिए लाहौर हाई कोर्ट से मांगा समय

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने लाहौर में शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के नाम पर रखने के लिए शुक्रवार को लाहौर हाई कोर्ट से समय मांगा। हाई कोर्ट के जस्टिस शम्स महमूद मिर्जा भगत सिंहमेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिका में भगत सिंह के नाम पर शादमान चौक का नाम रखने के बारे में अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के लिए प्रांतीय और जिला सरकारों के तीन शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी। 2018 में हाई कोर्ट ने सरकार को लाहौर में शादमान चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने का आदेश दिया था।

सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार के सहायक एडवोकेट जनरल इमरान खान ने अदालत से कहा कि शादमान



चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने की अधिसूचना जारी करने के लिए सरकार को और समय दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील खालिद जमा कक्कड़ ने दलील दी कि इस मामले में पहले ही काफी देरी हो चुकी है। कोर्ट ने सरकार के अनुरोध को स्वीकार कर लिया और सुनवाई सात जून तक के लिए स्थगित कर दी।

### सिर न ढकने वाली महिलाओं पर कार्रवाई कर रहा ईरान, यूएन ने जताई चिंता; जल्लादों वाले हैं नियम!

जिनेवा। ईरान में सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर कई महिलाओं और लड़कियों को हिरासत में लिया गया है। संयुक्त राष्ट्र अधिकार अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने ईरान के उस मसौदा कानून की आलोचना व्यक्त की, जिसके तहत सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर 10 साल की जेल की सजा के साथ कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। तुर्क ने तेहरान से लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा को दूर करने का आह्वान किया। तुर्क ने रैपर तुमाज सालेही को मौत की सजा दिए जाने की भी आलोचना की जो 2022 के प्रदर्शनों के दौरान प्रमुख चेहरा थे। तुर्क के कार्यालय के अनुसार, कुर्द महिला महसा अमिनी की हिरासत में मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों में भूमिका के लिए नौ लोगों को फांसी दी गई है। अमिनी को मोरेलिटी पुलिस ने अपना सिर ठीक से नहीं ढकने के कारण हिरासत में लिया था।

# रूस से भारत के लिए निकले तेल टैंकर जहाज पर मिसाइल से हमला

## नवंबर से कई जहाजों पर हमला कर चुके हैं हूती..........

एजेंसी

**काहिरा/लॉस एंजिलिस।** रूस से भारत के लिए निकले एक तेल टैंकर जहाज पर लाल सागर में यमन के हूती विद्राहियों ने मिसाइल्स लॉन्च कर हमला कर दिया। ईरान समर्थित उग्रवादी संगठन ने शनिवार को इसकी जिम्मेदारी ली।

एंड्रोमेडा स्टार तेल टैंकर के मालिक ने जहाज के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी है। उक्त जहाज रूसी व्यापार में शामिल है, जो रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार के लिए निकला था।

यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स हैंडल के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि एक मिसाइल दूसरे जहाज एमवी मैशा के पास गिरी, लेकिन उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। बताया कि हूती विद्राहियों ने यमन से लाल सागर में तीन एंटी-शिप



बैलिस्टिक मिसाइलें लॉन्च की थी, जिससे एंड्रोमेडा स्टार को हल्का नुकसान हुआ।

हूती प्रवक्ता याह्या सारेया ने कहा कि पनामा झंडा लगा एंड्रोमेडा स्टार ब्रिटिश स्वामित्व वाला था, लेकिन एलएसईजी डेटा और एंब्रे के अनुसार, शिपिंग डेटा से पता चलता है कि इसे हाल ही में बेचा गया था। इसका वर्तमान मालिक सेशेल्स-पंजीकृत है।

जहाज पर हमला इजराइल, यूएस और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को निशाना बनाने के हूती विद्रोहियों के अभियान में रुकावट के बाद हुआ है।

फलस्तीन को अपना समर्थन दिखाते हुए, हूती विद्रोहियों ने पिछले साल नवंबर से लाल सागर, बाब अल-मंदब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी में कई ड्रोन और मिसाइल हमलों को अंजाम दिया है।

# अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में चीनी दखल के सबूत मिले

## यूएस के विदेश मंत्री बोले- चिनफिंग को उनका संदेश सुनाने आया था

**समर्थन**

**सालभर में दूसरी बार चीन आए ब्लिंकन, हम चाहते हैं इसे जल्द से जल्द खत्म किया जाए**

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन की तीन दिवसीय यात्रा को समाप्त करते हुए सीएनएन को बताया कि आगामी अमेरिकी चुनावों को प्रभावित करने और तर्कसंगत रूप से हस्तक्षेप करने के चीनी प्रयासों के सबूत देखे हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के पूर्व में किए गए कमिटमेंट के बावजूद ऐसा होने की बात कही।

ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन की अपनी यात्रा समाप्त करते हुए



सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की, जहां शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने चिनफिंग सहित शीर्ष चीनी अधिकारियों के साथ घंटों बैठक की। दोनों देशों ने अमेरिकी तकनीकी नियंत्रण से लेकर मॉस्को को बीजिंग के समर्थन समेत कई विवादास्पद मुद्दों पर बातचीत की।

सीएनएन के अनुसार, ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के संदेश को दोहराया, जो उन्होंने पिछले नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में अपने शिखर सम्मेलन के दौरान शी चिनफिंग को 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में हस्तक्षेप नहीं करने के लिए दिया था। जिसके बाद शी ने वादा किया था कि चीन ऐसा नहीं करेगा।

जब ब्लिंकन से पूछा गया कि क्या चीन अब तक बाइडन के प्रति शी की प्रतिबद्धता का उल्लंघन कर रहा है तो इसपर ब्लिंकन ने कहा,

हमने आम तौर पर प्रभावित करने और कथित रूप से हस्तक्षेप करने के प्रयासों के सबूत देखे हैं और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इसे जल्द से जल्द खत्म किया जाए। हमारे चुनाव में चीन का कोई भी हस्तक्षेप ऐसी चीज है, जिसे हम बहुत ध्यान से देख रहे हैं और यह हमारे लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य है, इसलिए मैं यह सुनिश्चित करना चाहता था कि वे उस संदेश को दोबारा सुनें।

ब्लिंकन ने आगे कहा कि प्रभाव अभियानों में चीन और अन्य देशों द्वारा अमेरिका में मौजूदा सामाजिक विभाजनों को लेकर चिंताएं थीं।

बीजिंग ने बार-बार कहा है कि वह अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने के अपने सिद्धांत के आधार पर अमेरिकी चुनावों में हस्तक्षेप नहीं करता है।

हालांकि, चीन या अन्य राष्ट्र जो बीजिंग से जुड़े माने जाते हैं, उन पर कनाडा जैसे अन्य देशों में राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाया गया है। एक वर्ष से भी कम समय में ब्लिंकन ने दूसरी बार चीन की यात्रा की है।

हम अब उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जहां हम सहयोग करने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन साथ ही हम अपने मतभेदों के बारे में भी बहुत स्पष्ट हैं और यह महत्वपूर्ण है कि अगर हम प्रतिस्पर्धा से बचते हैं तो हम संघर्ष में बदल जाएंगे।

# गरीब परिवार की बेटियों को कम खर्चे में मिलेगी हाथ पीले कराने की सुविधा

- प्रयागराज में सर्व सुविधा युक्त पहला सार्वजनिक मैरिज हॉल कल्याण
- नगर निगम प्रयागराज ने 4 करोड़ 20 लाख की लागत से किया तैयार

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर गरीब परिवार भी अब अपनी बेटियों की शादी कम खर्चे में भव्य आयोजन स्थल में कर सकेंगे। सरकार की तरफ से बनाए जा रहे ÷कल्याण मंडपम÷ सार्वजनिक मैरिज हॉल इसी संकल्प को धरातल में उतारने की कोशिश है। प्रयागराज में नगर निगम की तरफ से बनवाया जा रहा जिले का पहला सार्वजनिक मैरिज हॉल बनकर तैयार हो गया है। इसे आम जनता के लिए बुकिंग के लिए खोल दिया गया है। मैरिज हॉल के आसमान छूते किराए के चलते गरीब और आम आदमी बेटियों के शादी समारोह यहाँ सम्पन्न करा पाना सबके लिए मुमकिन नहीं था। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयास से इसे सर्व सुलभ कराने के लिए ÷कल्याण मंडपम÷ सार्वजनिक विवाह गृहों का निर्माण शुरू किया गया। प्रयागराज में जिले का पहला सार्वजनिक विवाह गृह कल्याण मंडपम बनकर तैयार हो चुका है। नगर निगम की तरफ से इसका निर्माण कराया गया है। नगर निगम प्रयागराज के मुख्य अभियंता सतीश कुमार बताते हैं कि झूंसी इलाके में जिले का पहला कल्याण मंडप बनकर तैयार हुआ है। इसी सीजन से इसमें बुकिंग का कार्य भी शुरू हो चुका है।

### 4 करोड़ की लागत से बना कल्याण मंडप

नगर निगम प्रयागराज द्वारा झूंसी इलाके में बनाया गया सार्वजिनक विवाह गृह सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। मुख्य अभियंता नगर निगम के मुताबिक़ 1300 वर्ग मीटर में इसका निर्माण किया गया है । इसके निर्माण में ? 4 करोड़ 20 लाख की लागत आई है । इसके निर्माण की कार्यदायी संस्था सीएनडीएस है। नगर निगम के मुख्य अभियंता सतीश कुमार के मुताबिक मंडपम में हॉल, कमरे, गेस्ट रूम, पार्किंग का निर्माण किया गया है। इसमें लगभग 250 लोगों के बैठने की क्षमता है। इसमें हर वह व्यवस्था दी गई है जो अमूमन मैरिज हॉल में होती है। शादी के लिए इसमें बुकिंग शुरू हो गई है।

## शादी में गए किसान का असलहे के बल पर अपहरण

**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के गारापुर गांव में शुक्रवार रात बारात में गए 35 वर्षीय लालमणि पटेल को कार सवार युवकों ने अगवा कर लिया। कुछ लोगों ने पीछा किया तो अपहरणकर्ताओं ने तमंचे से फायरिंग की। घटना की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन तो वहां से दो खोखे बरामद हुए। लालमणि के अगवा होने से पूरा परिवार परेशान है। कहा जा रहा है कि होली के दिन साउंड बजाने को लेकर लालमणि का अपने कुछ पड़ोसियों ने विवाद हुआ था। शुक्रवार रात वह भी बारात में गए थे, जिसके आधार पर उनकी संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। किसान के घरवालों ने कुछ लोगों पर नामजद आरोप भी लगाया है। कहा जा रहा है कि बरात के दौरान भी झगड़ा हुआ था, जिसके बाद असलहे के बल पर लालमणि का अपहरण कर लिया गया। उसका मोबाइल बंद होने से स्वजन परेशान हैं। पुलिस और एसओजी की टीम अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी अगवा हुए युवक की सकुशल बरामदगी के लिए जुटी हुई है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया नामांकन कक्षों का निरीक्षण

- नामांकन कक्षों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के साथ शनिवार को लोकसभा चुनाव में नामांकन हेतु बनाये गये नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कोर्ट कक्ष एवं मुख्य राजस्व अधिकारी कक्ष में बनाये गये नामांकन कक्ष की साफ- सफाई, प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने नामांकन कक्ष में आने-जाने वाले रास्ते व सुरक्षा के दृष्टिगत करायी जा रही बैरिकेटिंग को देखते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर व परिसर के बाहर कचहरी रोड़, लक्ष्मी चौराहा, कचहरी चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, लगायी गयी बैरिकेटिंग व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिलाधिकरी ने नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराये जाने के निर्देश दिए है।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, उपजिलाधिकारी करछना जागृति अवस्थी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शीघ्र दाखिल होगी अली और उमर के खिलाफ चार्जशीट

**प्रयागराज।** उमेश पाल व उनके दो सरकारी गनर की हत्या में पुलिस जल्द ही चौथी पूरक चार्जशीट दाखिल कर सकती है। अली का बयान दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही उमर का भी बयान दर्ज होना है। माना जा रहा है कि इसके बाद पुलिस तेजी से विवेचना आगे बढ़ाएगी। अली का बयान एक दिन पहले ही पुलिस ने दर्ज किया है। इसमें उसने हत्याकांड की साजिश से जुड़े अहम राज खोले हैं। पुलिस ने उसका बयान अंकित करते हुए इसे केस डायरी का हिस्सा बना लिया है। ऐसे में अब मामले में उसकी संलिप्तता को लेकर विवेचना आखिरी दौर में है। अगला बयान लखनऊ जेल में बंद उसके बड़े भाई उमर का होना है। उमर को भी साजिश में शामिल होने का आरोपी बनाया गया है। माना जा रहा है कि उमर का बयान दर्ज करने के बाद पुलिस विवेचना को तेजी से आगे बढ़ाएगी।

# होटल के कमरे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**अवधनामा संवाददाता**

- जांच में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावां स्थित होटल के कमरे में सोशल मीडिया मैनेजमेंट का कार्य करने वाले आयुष्मान शुक्ल ने फांसी लगाकर जान दे दिया। शनिवार को सुबह देर तक कमरा नहीं खुलने पर साथियों ने दूसरी चाभी से कमरा खुलवाया तो वह फांसी पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेठी जिले के बनी पाठक का पूरा निवासी आयुष्मान शुक्ल (22) पुत्र विश्वनाथ शुक्ला सोशल मीडिया मैनेजमेंट का कार्य करता था। आयुष्मान 19 अप्रैल 2024 से साथियों के साथ अंदावां स्थित अवतार होटल में रुका था। शुक्रवार को रात आयुष्मान होटल के कमरा नंबर 106 अकेले सोने के लिए चला गया। देर रात को किसी समय वह कमरा बंद कर गमछे से पंखे के सहारे फांसी लगा लिया। शनिवार को सुबह काफी देर बाद भी जब आयुष्मान कमरे से बाहर नहीं निकला तो साथियों ने दूसरी चाभी से कमरा खुलवाया तो वह फांसी पर झूल रहा था और उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमरे की तलाशी लेने पर पुलिस को आयुष्मान का टेबलेट मिला है जो लॉक था। इसके अलावा कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है।

# मिशन भाजपा- घर से रसोई घर तक महिला वोटर से संपर्क

- नुक्कड़ सभा में महिलाओं को साधने के लिए महिला वक्ताओं को दी गई जिम्मेदारी

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी ने देश की आधी आबादी मतदाता महिलाओं को साधने की जिम्मेदारी भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा मजबूत कार्य प्रणाली के तहत लोकसभा के चुनावी समर में विपक्ष को शिकस्त देने के लिए मजबूत तैयारी की है।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा की दोनों सीटों पर कमल खिलाने को लेकर संगठन के द्वारा देश की आधी आबादी महिला मतदाता को साधने के लिए शक्ति केंद्र स्तर पर महिला टोली का गठन किया गया। जो घर से रसोई घर महिला वोटर से संपर्क और घर-घर जाएंगे। अपने जीत का मिशन और विजन लेकर घर-घर जाकर महिलाओं से जनसंपर्क कर रही है और मोदी सरकार के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी दे रही है। वह महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को बता रही है।

इसके अलावा महिला मोर्चा के द्वारा नई महिला मतदाता, पिछड़े, दलित और आदिवासी, जनजाति महिला मतदाता को साधने के लिए शक्ति केंद्र स्तर पर जनसंपर्क जन संवाद की महिला समूह की टोली के माध्यम से तैयारी की है और 27 अप्रैल से आरंभ होने वाले शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभा में पार्टी के द्वारा महिला मतदाताओं को साधने के लिए महिला वक्ताओं को भी लगाया गया है।

## निषाद मतदाताओं से निराश राम भुआल निषाद डाल रहे हैं अल्पसंख्यकों पर डोरा

**सुल्तानपुर।** गठबंधन प्रत्याशी राम भुवाल जैसे निषाद समुदाय के वोट मिलने से ना उम्मीद हो गए हैं। जुमे की नमाज के बाद उन्होंने अल्पसंख्यकों को रिझाने के लिए मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों से मुलाकात किया। इसौली विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान भी उन्हें घोर निराशा हाथ लगने की बात सामने आ रही है। 40 से 50 लोगों का जमावड़ा ही उनके कार्यक्रम स्थल पर देखा गया है। सांसद मेनका गांधी के कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं की अधिकता देखी जा रही है। जिसकी वजह से समाजवादी पार्टी के खेमे में हलचल बढ़ गई है। ऐसे में मुस्लिम मतदाताओं को जोड़े रखना अब उनके लिए नई चुनौती के रूप में सामने आ रहा है। समाजवादी पार्टी के जिला महामंत्री सलाउद्दीन ने बताया कि जुमे की नमाज के बाद उन्होंने लोगों से मुलाकात की।

# धनंजय सिंह की जमानत मंजूर, सजा पर रोक लगाने से इन्कार

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत मंजूर कर ली है लेकिन उनकी सजा पर रोक से इन्कार कर दिया है। इस वजह से लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने शनिवार 12 बजे यह फैसला सुनाया। फैसला गुरुवार को सुरक्षित कर लिया गया था। जौनपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण में पूर्व सांसद व एक अन्य को सात साल की सजा सुनाई है। इस फैसले के खिलाफ दायर आपराधिक पुनरीक्षण अपील में सजा निरस्त करने की मांग की गई है। पूर्व सांसद का कहना था कि अपील निस्तारण तक सजा कथा आदेश स्थगित रखने के साथ उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। राज्य सरकार की तरफ से वकीलों ने धनंजय सिंह के आपराधिक इतिहास में नहीं जोड़े गए मुकदमों के साथ दिल्ली लखनऊ के अपराधिक मामले की जानकारी दी थी। कहा कि कई मामलों में ट्रायल चल रहा है, ऐसे में जमानत देना उचित नहीं होगा, जबकि धनंजय सिंह के वकील का कहना था कि राजनीतिक द्वेषवश झूठा फंसाया गया है। जो तीन गवाह हैं, उनमें दो सरकारी कर्मचारी और एक प्रोजेक्ट का कर्मचारी है, उन पर दबाव बनाकर झूठी गवाही कराई गई, इसके बावजूद अभियोजन पक्ष ट्रायल कोर्ट में अपना केस साबित नहीं कर सका। उन्होंने यह भी कहा कि धनंजय सिंह का जो आपराधिक इतिहास बताया गया है, उनमें अधिकतर मुकदमे राजनीतिक द्वेष वश दर्ज कराए गए क्योंकि वह विधायक और सांसद रह चुके हैं।

# औद्योगिक क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने विधानसभा कोरांव मंडल बड़ोखर में जनसंपर्क किया। उन्होंने जन संवाद के माध्यम से उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता एवं जनता को कहा कि हर दिल में कमल है। कोरांव में विकास की दस्तक है और प्रयागराज की जनता ने माना कि देश व प्रयागराज को सशक्त समृद्धि और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक बार फिर मोदी सरकार का केंद्र में आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता होगी। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया इसके पूर्व इलाहाबाद लोकसभा के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने वीर एकलव्य जयंती के अवसर पर गवर्नमेंट चौराहे पर स्थित वीर एकलव्य की प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामशरण निषाद, पूर्व पार्षद राकेश निषाद, राजेश निषाद, रवि निषाद, ऋषि निषाद, प्रमोद निषाद, विजय निषाद, महेश निषाद, मूलचंद निषाद, राजेश केसरवानी रहे। तत्पश्चात कोरांव बड़ोखर मंडल के खजूरी, सिपौवा, महुली, संसारपुर, देवघाट, बंशीपुर, छापर, हरदौन, चंदापुर, अमिलिया, भवानीपुर, बड़ोखर, बागेश्वर आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क में जनसंवाद स्थापित किया। इस दौरान विधायक राजमणि कोल, राजेश केसरवानी, दिलीप चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष रेवती पाल, विधानसभा संयोजक राकेश पांडे, मंडल प्रभारी सर्वेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल चेयरमैन ओमप्रकाश केसरी, भगवान द्विवेदी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

# लोकसभा चुनाव उनके लिए धर्म युद्धः श्रीकला सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** पूर्व सांसद धनन्जय सिंह के हाईकोर्ट से जमानत होने पर उनकी पत्नी व जौनपुर लोक सभा से बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार श्रीकला सिंह नें कहा है कि यह चुनाव उनके लिए धर्म युद्ध है एक बहू के सिन्दूर को बचाने का, बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के संविधान को बचाने का और धनंजय सिंह के सम्मान को बचाने का। पत्रकारों से बात करते हुए शनिवार को उन्होने कहा कि मेरे पति का गुनाह सिर्फ इतना है कि वो निर्भीक है. जनता की लड़ाई में उन्हेंाने कभी

समझौते नहीं किये। उन्होंने बिना रुके, बिना थके जौनपुर के लोगों की सेवा की है और जब जनता की आवाज को सदन तक पहुंचाने के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया तो उनके ऊपर फर्जी मुकादमे कायम कराये गए। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को कोई और रूष दिया गया। जब उच्च न्यायालय ने बहस के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था तो भी ये लोग बौखलाहट में उनका जेल ट्रांसफर कर दिया। इन लोगों के अंदर उच्च न्यायालय के फैसले का भी इंतजार करने का या उसका सम्मान करने का साहस नहीं। कहा कि मेरे पति के ऊपर जिन लोगों ने जानलेवा हमला किया था वो लोग भी बदले घटनाक्रम में आज सत्ता के पाले में हैं और थे सब देखकर मुझे डर है कि ये लोग मेरे पति की हत्या का प्रयास कर सकते हैं पा उनको किसी और फर्जी मुकदमों में फंसाने का कुचक कर सकते हैं। मै देश के प्रधान मंत्री से पूछना बाहता हूं कि विपक्ष की सरकार बनने पर आप मंगलसूत्र छीन जाने की बात करते हैं, आज आपकी सरकार में ही मेरे मंगल सूत्र पर संकट है। क्या आपका ध्यान उस पर नहीं जाएगा? क्या यहां

जनता की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के बाद चुनाव लड़ने की इच्छा रखना गुनाह है। आज मै पुरुषार्थ और जज्बे की धरती जौनपुर के परिवार जन से पूछना चाहती हूं कि क्या आप अपने बेटे की अन्याय के विरूद्ध इस लड़ाई में उनका साथ नहीं देंगे?' अब आज के बाद ये लड़ाई सिर्फ मेरी नहीं है, अब ये लड़ाई जौनपुर के हर एक व्यक्ति को लड़नी है। ये लड़ाई किसी एक जाति या धर्म की नहीं होगी, ये लड़ाई होगी अपनी बहू के सिन्दूर को बचाने की, आपके अपने बेटे की जान को बचाने की, जौनपुर का सम्मान बचाने की। आप सबके सामने में अपना आंचल फैलाती हूं कि अपना प्यार, आशीर्वाद मेरी झोली में डाल दीजिए। अन्त में कहा कि आज वक्त है कि वोट के सौदागरों को जवाब दें. पैसे और ताकत से लड़ाइयां नहीं जीतीं जाती, उसके लिए लोगों के साथ की जरूरत होती हैं।

# बीएसए ने लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किया प्रेरित

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड धर्मापुर के परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला आयोजित कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

इसी कड़ी में कम्पोजिट विद्यालय पचहटिया में चुनावी पाठशाला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जहाँ लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया तथा ÷घर आजा परदेसी÷ कार्यक्रम के अन्तर्गत बाहर रह रहे श्रमिकों को आमंत्रण पत्र प्रेषित कर तथा विडियो काल कर लोगों को घर आकर आगामी 25 मई को मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। उपस्थित लोगों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मतदान करने की शपथ दिलाते हुए स्वयं मतदान करने व अन्य लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक करने हेतु संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए बताया कि मतदान हम सभी के लिए कितना आवश्यक है। मतदान का प्रयोग हमें अवश्य करना चाहिए अपने मतदान के प्रयोग से हम अपने देश के लिए जनप्रतिनिधि का चुनाव करते हैं, चुना हुआ जनप्रतिनिधि ही हमारे देश को चलाता है साथ ही देश का विकास करता है जो हम सबके लिए बहुत ही आवश्यक है।

हम सभी को अपने मतदान का प्रयोग ज़रुर करना चाहिए ताकि हम सही निर्णय के साथ सही चुनाव कर सकें। उन्होंने घर आजा परदेसी कार्यक्रम के तहत मुम्बई, बंगलौर रह रहे यहाँ के कई मतदाताओं से विडियो काल पर बात कर 25 मई को मतदान करने हेतु आमंत्रित किया।इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर अरविंद कुमार यादव, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, प्रधानाध्यापक, बीएलओ, शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राएं एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे।


## मड़ियाहूं पुलिस ने सवा 5 किलो गांजा के साथ दो शातिरों को किया गिरफ्तार

**जौनपुर(मड़ियाहूं)।** पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्र.नि. विनोद मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मिली सूचना पर क्षेत्र के नंदगंज चौराहा बहद ग्राम उन्चनी कलां के पास से गंगा बिन्द पुत्र स्व0 लालता प्रसाद निवासी ग्राम रंजीतपुर थाना लाइन बाजार एवं श्याम नारायण मिश्रा पुत्र स्व0 देवराज मिश्रा निवासी ग्राम खलीलपुर थाना लाइन बाजार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 5 किलो 120 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर धारा 8/20 NDPS ACT के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को चालान न्यायालय भेज दिया।

# सरायबीरू पुलिस बूथ से चन्द कदमों की दूरी पर तड़तड़ाई गोलियां, चार घायल

- डर के साये में जीने को मजबूर हैं कस्बावासी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल
- मकान में गलत टाइल्स लगाने का विवाद बना घटना का कारण

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर(केराकत)।** लंबे समय से शांत चल रहे केराकत कस्बे की आबो–हवा में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट की गूंज ने हलचल मचा दी है। शनिवार की सुबह लगभग नौ बजे एक नवनिर्मित मकान में ईट पत्थर व गोली चलने की घटना में जहां 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, वहीं पुलिस बूथ से महज चंद कदमों की दूरी पर दिनदहाड़े गोली चलने की घटना से कस्बे में सनसनी फ़ैल गई है। घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सक ने सभी को बेहतर उपचार के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

बताते चलें कि केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरायबीरु गांव निवासी दिवाकर सिंह का सरायबीरु चौराहे के समीप पहलवान बाबा मंदिर के समीप नवनिर्मित मकान का निर्माण कार्य चल रहा है जहां टाइल्स लगाने में हुई गड़बड़ी को लेकर उनके बेटे से मिस्त्री से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद गहराने पर मिस्त्री ने फोन कर अपने गांव से काफी संख्या में लोगों को बुला लिया था जो मौके पर पहुंचते ही ईट पत्थर चलाने लगे थे। जब-तक लोग माजरा कुछ समझ पाते कि तड़ातड़ गोली चलने के साथ ही भगदड़ मच गई।

मौके पर नवीन सिंह 31 वर्ष पुत्र दिवाकर सिंह उर्फ गुड्डू, गौरव सिंह 28 वर्ष पुत्र योगेश सिंह, अभिषेक सिंह पुत्र दिवाकर 25 वर्ष घायल हो गए। वहीं मिस्त्री अजय यादव 25 वर्ष पुत्र शंकर यादव निवासी सुरहूरपुर के पेट में गोली लगने से घायल पड़ा हुआ था। आनन–फानन में सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत ले जाया गया जहां से सभी की हालत गंभीर देखते हुए तत्काल ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना से कस्बे में जहां सनसनी फ़ैल गई हैं। वहीं पुलिस बूथ के समीप घटित इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। घटना की सूचना होते ही मौके पर प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह व क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा मयफोर्स पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गयीं। घटना के बाद जिला मुख्यालय से आई फोरेंसिक जांच टीम ने मौका मुआयना करते हुए जांच पड़ताल कर दिया।

## सुरेरी पुलिस ने वारण्टी को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह की देख-रेख में उ0नि0 अम्ब्रीश सिंह मय हमराह हे0का0 बृजेश वर्मा ने न्यायालय स्पेशल मजिस्ट्रेट प्रथम जौनपुर द्वारा जारी गैरजमानती वारण्ट धारा 323/504 भादंवि थाना सुरेरी के अनुपालन में सम्बन्धित वारण्टी/अभियुक्त 1. संजय उपाध्याय पुत्र सभापति उपाध्याय निवासी अड़ियार थाना सुरेरी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

# सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहा इंडिया गठबंधनः अमरनाथ सिंह मौर्य

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** लोकसभा फूलपुर से गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज विधानसभा सोराव के दर्जनों गाँवो मे सघन जनसम्पर्क कर समर्थन की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई देश मे इण्डिया गठबंधन लड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी सहित गठबंधन मे शामिल दलों के नेता जातीय जनगणना के प्रबल पैरोकार हैं। जनगणना के उपरांत हीसभी वर्गो का सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक विकास कर सामाजिक न्याय संभव है। किसानों के साथ धोखा हो रहा, नौजवान परेशान है। सत्ता परिवर्तन जरुरी है।

सोराव विधानसभा क्षेत्र के सोराव चौराहा नहर ददौली, हरिसेनगंज, ब्लाक बाजार, मऊ आईमा, तिलाई बाजार, जय सिंह पुर, बीबीपुर, नेवादा, करनाई पुर, बहरिया, सिकंदरा आदि गाँवो मे जनसम्पर्क कर समर्थन की अपील की।

जनसम्पर्क के दौरान विधायक श्रीमती गीता शास्त्री, श्याम कृष्ण यादव बच्चा, मेराज आरिफ, डॉ राजेश यादव, नाटे चौधरी, आसुतोष तिवारी, सुशील यादव, गुफरान मलिक, किसन यादव, पप्पू आदि रहे।

# केंद्र ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की दी अनुमति

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात करने की अनुमति दी है। इन छह देशों में बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका हैं।



केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज का निर्यात करने की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) प्याज का निर्यात करेगी। इसके साथ ही भारत सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है।

मंत्रालय के मुताबिक देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते महाराष्ट्र एनसीईएल द्वारा निर्यात के लिए खरीदे गए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। हालांकि, केंद्र सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत रबी सीजन-2024 में प्याज के बफर स्टॉक के लिए खरीद का लक्ष्य इस वर्ष 5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों के कम होने के अनुमान और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने की पृष्ठभूमि में पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# टीएचडीसी और एसजेवीएन ने टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स में हाई पर फॉर्मेंस अकादमी के विकास को एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत में वाटर स्पोर्ट्स के विकास में क्रांति लाने के उद्देश्य से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और एसजेवीएन फाउंडेशन ने एक विशेष समारोह में टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स, उत्तराखंड में टीएचडीसीआईएल हाई-परफॉर्मेंस अकादमी की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आरके विश्नोई ने इस ऐतिहासिक कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एमओयू इंगित करता है कि हाइड्रो परियोजनाएं न केवल देश को 24ङ्ग7 किफायती विद्युत उपलब्ध करवा सकती हैं, बल्कि विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए देश में खेल की शक्ति को भी बढ़ावा दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि हाइड्रो परियोजनाओं में न केवल ऊर्जा के दोहन में नए मानक स्थापित करने की क्षमता है अपितु बुनियादी ढांचे के निर्माण और क्षेत्र की उभरती एथलेटिक प्रतिभाओं को निखारने के लिए मंच प्रदान करने और




वाटर स्पोर्ट्स को अगले क्षितिज पर ले जाने में भी मदद प्रदान कर सकती हैं, जिससे भारत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल परिदृश्य पर भी गौरवान्वित किया जा सकता है। विश्नोई ने कहा कि इस दूरदर्शी पहल के मूल में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की समग्र राष्ट्रीय विकास के प्रयासों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता निहित है, जिसका उदाहरण वर्ष 2022 और 2023 में टिहरी, उत्तराखंड में दो राष्ट्रीय स्तर के वाटर स्पोर्ट्स के सफल आयोजनों से मिलता है। यह महत्वपूर्ण पहल वाटर स्पोर्ट्स की कयाकिंग और कैनोइंग स्ट्रीम्स के लिए प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक सहयोगात्मक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, ताकि हमारे युवाओं को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया जा सके। महाप्रबंधक (एसजेवीएन) अवधेश प्रसाद और महाप्रबंधक (टीएचडीसीआईएल) अमरदीप ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीता कपूर, एसजेवीएन एवं निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड शैलेन्द्र सिंह, और एसजेवीएन और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एसजेवीएन कार्यालय, दिल्ली में इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन गीता कपूर ने कहा कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ यह साझेदारी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी आयोजनों के लिए हमारे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए पावर पीएसयू की एक साथ आने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हाई-परफॉर्मेंस अकादमी की स्थापना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य खिलाड़ियों के लिए वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने और भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अनुकूल माहौल बनाना है। उन्होंने कहा कि यह एक सहयोग की शुरुआत है जो देश के युवाओं को नवीनतम खेल बुनियादी ढांचे के साथ सशक्त बनाने में मदद करेगा एवं उन्हें अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भारत की खेल उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करेगा। निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसीआईएल शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ पावर पीएसयू द्वारा प्रतिभा को पोषित करने, खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों का एक नया अध्याय आकार ले चुका है।

खेल के बुनियादी ढांचे के विकास में कॉर्पोरेट तालमेल के लिए एक मिसाल कायम करने वाली इस परिवर्तनकारी साझेदारी के साथ, अन्य प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भी इसी तरह की परिवर्तनकारी पहल को बढ़ावा देने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ हाथ मिला रहे हैं, जो भारत को खेल उत्कृष्टता और वैश्विक मान्यता की ओर ले जा रहे हैं।

## कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**नई दिल्ली (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड का मूल्य 0.49 डॉलर यानी 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 89.50 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की उछाल के साथ 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

# रियलमी ने केवल 9,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में सबसे तेज एंट्री-लेवल स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी पेश किया



**नई दिल्ली।** सबसे भरोसेमंद सेव प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ - रियलमी सी सीरीज़ में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया। इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिज़ाईन है, जो यूज़र्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज़ अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग, कैमरा टेक्नोलॉजी, और डिज़ाईन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज़ का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रोंः चार्जिंग, कैमरा, स्टोरेज, और डिज़ाईन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ÷रियलमी में हम हर व्यक्ति को टेक्नोलॉजी की ताकत देना चाहते हैं। आज इनोवेशन के हमारे इस सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है, जब हम अपनी लोकप्रिय सी सीरीज़ में अत्याधुनिक स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी लॉन्च कर रहे हैं। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में रियलमी सी65 5जी अपनी बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स द्वारा यूज़र के अनुभव में परिवर्तन ला देगा। हमारी रियलमी सी सीरीज़ हमेशा से लोगों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करती आई है, और किफायती मूल्य में इतने आधुनिक फीचर्स के साथ इस सीरीज़ ने उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना ली है।÷

अनुज सिद्धार्थ, डिप्टी डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा, ''मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी स्मार्टफोंस में तीव्र गेमिंग और बेहतरीन कैमरा क्वालिटी को सपोर्ट करता है। बैटरी लाईफ बढ़ाने के लिए इसमें टीएसएमसी 6एनएम-क्लास चिप होती है।'' उन्होंने आगे कहा, ''रियलमी सी65 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 मीडियाटेक 5जी अल्ट्रासेव 3.0+ के साथ आता है, जो बेहतरीन एफिशियंसी, परिस्थिति के अनुरूप इंटैलिजेंट विशेषताएं, मीडियाटेक हाईपरइंजन गेमिंग टेक्नोलॉजी प्रदान करता है, और 108 मेगापिक्सल कैमरा सेंसर को सपोर्ट कर बिलियन कलर डिस्प्ले के साथ काफी विस्तृत फोटो संभव बनाता है।''

रियलमी सी65 5जी एक क्रांतिकारी स्मार्टफोन है, जिसका उद्देश्य युवाओं को किफायती मूल्य में बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। इसमें विश्व का पहला मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट लगा है, जो शक्तिशाली परफॉर्मेंस के साथ स्मूथ ऑपरेटिंग अनुभव सुनिश्चित करता है। इस स्मार्टफोन में 50 मेगापिक्सल का सुपर क्लियर कैमरा है, जिसकी मदद से हाई रिज़ॉल्यूशन फोटो लिए जा सकते हैं। शानदार व्यूईंग अनुभव के लिए सी65 5जी में 120 हर्टज़ का आई कम्फर्ट डिस्प्ले और टीयूवी रीनलैंड लो ब्लू लाईट सर्टिफिकेट है, जो आँखों पर कम तनाव के साथ सर्वोत्तम क्वालिटी सुनिश्चित करता है।

## आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 18.5% बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक के अनुसार उसका कुल राजस्व पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही की तुलना में 25% बढ़कर 67,181.70 करोड़ रुपये हो गया है। वित्तीय वर्ष 2023-23 की चौथी तिमाही में बैंक की कुल आमदनी 53,922.75 करोड़ रुपये थी।

देश में निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। आंकड़ों के अनुसार बैंक का समेकित शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 18.4% बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बैंक के अनुसार उसका कुल राजस्व पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही की तुलना में 25% बढ़कर 67,181.70 करोड़ रुपये हो गया है। वित्तीय वर्ष 2023-23 की चौथी तिमाही में बैंक की कुल आमदनी 53,922.75 करोड़ रुपये थी।चौथी तिमाही के नतीजों के बाद बैंक ने 10 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देने का भी एलान किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने लाभांश देने का प्रस्ताव रखा है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 724.35



करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। एक साल पहले की अवधि में ऋणदाता के 802.62 करोड़ रुपये के लाभ से यह कम है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने जनवरी-मार्च तिमाही में 8,219.21 करोड़ रुपये की ब्याज से होने वाली आमदनी की जानकारी दी है। यह एक साल पहले के 6,424.35 करोड़ रुपये की तुलना में अधिक है।

## मई महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक, छुट्टियों की पूरी लिस्ट

**■ 4 रविवार और 2 शनिवार के अलावा 8 दिन नहीं होगा कामकाज**

**नई दिल्ली (हि.स.)।** मई महीने की शुरुआत छुट्टियों के साथ होगी। इस महीने में बैंकों में 14 दिनों के अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर कुल 8 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा मई में 4 रविवार और 2 शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, इस दौरान बैंकों की ऑनलाइन और एटीएम सर्विस चालू रहेगी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से छुट्टियों की जारी कैलेंडर के मुताबिक मई में कुल 14 दिन बैंकों में अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। इसमें चार रविवार और 2 दिन शनिवार की साप्ताहिक छुट्टी शामिल है। इसके अलावा अन्य छह दिन क्षेत्रवार उत्सवों, लोकसभा चुनाव और राष्ट्रीय त्योहार के कारण बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग के दौर में आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेन-देन कर सकते हैं।

**मई में बैंकों की छुट्टियों की लिस्ट-**

एक मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर पूरे महाराष्ट्र में बैंकों में छुट्टी रहेगी।

5 मई को रविवार के साप्ताहिक अवकाश के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

7 मई को लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

8 मई को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर बैंकों में छुट्टी रहेगी।

10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे।

11 मई को शनिवार की छुट्टी की वजह से बैंकों की छुट्टी रहेगी।

12 मई को दूसरे रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे।

13 मई को लोकसभा के चौथे चरण के मतदान के अवसर पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

16 मई को सिक्किम स्टेट डे के अवसर पर यहां सभी बैंक बंद रहेंगे।

19 मई को तीसरे रविवार को साप्ताहिक अवकाश पर बैंकों में छुट्टी रहेगी।

20 मई को लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव के अवसर पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

23 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बैंकों में अवकाश रहेगा।

25 मई को चौथे शनिवार की छुट्टियों की वजह से बैंकों में अवकाश रहेगा।

26 मई को चौथे रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि डिजिटल बैंकिंग के दौर में बैंकों में अवकाश के दिन ब्रांच बंद रहने के बावजूद ऑनलाइन सर्विस जारी रहेंगी। इसके अलावा बैंकों के एटीएम की सर्विस यथावत रहेंगी। इन सुविधाओं का लाभ आप छुट्टी के दिन भी उठा सकते हैं।

## प्रोमेट ने पावरपोर्ट डुअल यूएसबी-सी 65W पावर डिलिवरी, गैनफास्ट चार्जर को लॉन्च किया




**मुंबई।** चार्जिंग सॉल्यूशंस प्रदान करने में दुनिया की प्रमुख कंपनी, प्रोमेट ने अपना नया पावरपोर्ट 65W फास्ट चार्जर लॉन्च करने की घोषणा की। यह चार्जर गैन फास्ट (गैलियम नाइट्राइड) की आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस है और कॉम्पैक्ट एवं कुशल चार्जिंग सॉल्यूशंस के क्षेत्र में नये मानक तय करता है। स्लीक डिजाइन के साथ मिलने वाला, यह चार्जर स्टैंडर्ड मैकबुक चार्जर टाइप सी से 50 फीसदी छोटा और हलका है। पावरपोर्ट 65W चार्जर परफॉर्मेंस से कोई भी समझौता किए बिना बेमिसाल पोर्टेबिलिटी देता है। इसे कहीं भी आसानी से ले जाया जा सकता है। यह प्रॉडक्ट अमेज़न इंडिया पर 3199 रुपये की कीमत में उपलब्ध है और 24 महीने की वारंटी के साथ आता है।

# उन्नाव के शिखर गुप्ता 99.94 परसेंटाइल हासिल कर बने सिटी टॉपर




**उन्नाव।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने उन्नाव से अपने स्टूडेंट शिखर गुप्ता की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99.94 (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) परसेंटाइल हासिल कर उन्नाव मे सिटी टॉप किया है।शिखर गुप्ता ने 99.94 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) व एआईआर 966 हासिल की है। वहीं उत्कर्ष प्रताप सिंह ने 99.77 और ऐश्वर्य द्विवेदी ने 99.76 परसेंटाइल हासिल किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें।

# यस बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 123 फीसदी बढ़कर 452 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली** (हि.स.)। निजी क्षेत्र के यस बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही जनवरी-मार्च के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 452 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बैंक का मुनाफा 202 करोड़ रुपये था।




यस बैंक ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 452 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 202.43 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। बैंक ने बताया कि फंसे कर्ज के लिए प्रावधान में कमी के चलते उसका लाभ बढ़ा है।

बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में यस बैंक ने 1,251 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो सालाना आधार पर 74 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बैंक का मुख्य शुद्ध ब्याज आय मामूली 2.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 2,153 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,105 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, इस दौरान शुद्ध ब्याज मार्जिन सालाना आधार पर 2.8 फीसदी से घटकर 2.4 फीसदी रह गया है।

यस बैंक के प्रबंध निदेशक एमडी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ प्रशांत कुमार ने कहा कि बैंक अभी भी एक सूक्ष्म वित्त इकाई का अधिग्रहण करना चाह रहा है, जिससे उसे पीएसएल प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के मोर्चे पर मदद मिलेगी। गौरतलब है कि बीते एक महीने में बैंक का शेयर करीब 12.28 फीसदी बढ़ा है जबकि पिछले छह महीने में इसका शेयर 63.32 फीसदी बढ़ा है। पिछले एक साल में इसने निवेशकों को 65.92 फीसदी का रिटर्न दिया है।

# असली विजेता, असली विजयः माय11सर्किल पर टाटा आईपीएल के दौरान हर मैच में बने डेढ़ गुना मेगा विनर्स

**■ पहले नंबर पर रहा उत्तर प्रदेश, इसके बाद महाराष्ट्र एवं बिहार का नंबर**

**■ झारखंड में 65 प्रतिशत बढे मेगा विनर्स , टॉप 10 में चौथे स्थान पर आया**

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे ज्यादा यूजर सेंट्रिक एवं साइंटिफिक कंपनी गेम्स24×7 के अग्रणी फैंटसी स्पोर्टसस प्लेटफार्म माय11सर्कल और टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का ऑफिसियल एसोसिएट पार्टनर माय11सर्कल इस सीजन में अपने खिलाडियों की शानदार जीत का उत्सव मना रहा है। टूर्नामेंट आधा बीत चुका है और इस दौरान माय11सर्कल पर बड़ी संख्या में यूसर्स फैंटसी क्रिकेट के अपने उत्साह को असली पुरस्कारों में बदल रहे हैं। पिछले साल की तुलना में 50 प्रतिशत ज्यादा यानी डेढ गुना विजेताओं ने पुरस्कार जीता है। इसमें एक करोड़ रुपये एवं इससे ज्यादा का नकद इनाम और एसयूवी एवं मोटरसाइकिल शामिल हैं। पिछले संस्करण की तुलना में प्लेटफार्म पर रिवॉर्ड कैटेगरी चार गुना होने से विजेताओं की संख्या में यह उछाल आया है। उल्लेखनीय रूप से उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा विजेता रहे। इसके बाद बिहार , राजस्थान एवं गुजरात का नंबर है। विजेताओं की संख्या में वृद्धि के मामले में झारखंड सबसे आगे रहा है। यहां 65 प्रतिशत ज्यादा मेगा विनर्स बने हैं, जो यहां यूसर्स में बढ़ी प्रतिभागिता और क्रिकेट को लेकर उत्साह का प्रतीक है। विजेताओं की संख्या में इस वृद्धि को कुल प्राइज पूज में 45 प्रतिशत की वृद्धि से भी गति मिली है, जिससे शानदार फैंटसी क्रिकेट रिवाड्र्स के लिए बेहतरीन प्लेटफॉर्म्स के रूप में माय11सर्कल की स्थिति मजबूत हुई है। ये विजेता अलग-अलग पृष्ठभूमि के हैं। इनमें कुछ पहली बार नौकरी करने वाले, सलेसपर्सन , होम मेकर और अलग-अलग पेशे से जुड़े हुए हैं। इन सभी को क्रिकेट के प्रति उत्साह के एक ही धागे ने बांधा है। यह दिखाता है जो भी खेल को अच्छे से देखता है और खिलाडियों के प्रदर्शन का आकलन कर सकता है, वह माय11सर्कल पर पुरस्कार जीत सकता है। माय11सर्कल के कैंपेन 'माय11सर्कल पे एक करोड़ तो बस शुरुआत है, सोचो... सोचो कितनी बड़ी बात है!' ने प्रशंसकों को इस खेल में जुड़ने , खिलाडियों के प्रदर्शन का आकलन करने और अपने क्रिकेटिंग के अनुभव को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया है। क्रिकेट लीजेंड सौरव गांगुली और उभरते सितारे जैसे शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, ऋतुराज गायकवाड़ और हाल ही में जुड़े रिंकू सिंह और यशस्वी जायसवाल जैसे ब्रांड एम्बेसडर ने हर पीढ़ी के प्रशंसकों को जोड़ा है और उनके जुड़ाव को बढाया है। क्षेत्रीय जुड़ाव को और मजबूती देते हुए माय11सर्कल ने किकू शारदा, राजपाल यादव, आकाश चोपड़ा, जतिन सप्रू और कई अन्य इन्फ्लुएंसर्स को भी जोड़ा है, जिससे अभियान ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। अगले पांच साल तक टाटा आईपीएल के ऑफिसियल पार्टनर और लखनऊ सुपर जायंट्स के टाइटल स्पॉन्सर माय11सर्कल इस आईपीएल सीजन में अग्रणी बना हुआ है। कैंपेन को टीवी पर स्टार स्पोर्टस, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जिओ सिनेमा और प्रतिष्ठित सोशल मीडिया चैनल समेत कई प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त माय11सर्कल जिओ सिनेमा पर 'जीतो धन धना धन' को भी स्पॉन्सर कर रहा है, जिससे पूरे क्रिकेटिंग सीजन के दौरान यूजर एंगेजमेंट को बढावा देने की इसकी प्रतिबद्धहता को मजबूती मिल रही है। माय11सर्कल के हालिया कैंपेन एवं मीडिया स्ट्रेटेजी ने इसे इस आईपीएल सीजन के दौरान फैंटसी स्पोर्ट्स के लिए एक गो-टु-प्लेटफार्म बना दिया है। इसके कैंपेन एवं मीडिया स्ट्रेटेजी के दम पर आईपीएल के पहले दो हफ्ते में ही प्लेटफॉर्म्स पर बनने वाली टीमों की संख्या में उल्लेखनीय उछाल देखने को तमला है।

# आईटीएम गीडा में आयोजित राष्ट्रीय गोष्ठी का हुआ समापन




अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर, मे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज तीसरे दिन समापन हो गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी. जेबी राय रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी संगोष्ठी आप सभी को विभिन्न प्रकार के गुणों को सीखने और उन्हें विकसित करने का अवसर प्रदान करती है, जब भी अवसर मिले इस तरह की संगोष्ठी मे भाग लेने का एवं आए हुए विद्वानों से मिलने का तो अवश्य ही करना चाहिए। डॉ पी के मिश्रा ने छात्रों को संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कृतज्ञता ज्ञापित किया। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने राष्ट्रीय संगोष्ठी मे आये हुए सभी अतिथियों प्रबंध तंत्र, आयोजन समिति और छात्रों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर डॉ पी डी पांडा, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ मनोज कुमार मिश्र डॉ आर एल श्रीवास्तव, डॉ निधि गुप्ता, श्वेता सिंह, दीप्ति ओझा, डॉ खालिद हसन, डॉ कृष्ण कुमार, डॉ संत प्रसाद, के के पान्डे, विनीत राय, आशुतोष राव, सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।

# सैकड़ों सालों से इंसानियत को अमन का संदेश दे रही है दरगाह हज़रत मुबारक खां शहीद

मनव्वर रिज़्वी

**गोरखपुर।** सूफी संतों और वलियों की दरगाह से अमन और भाईचारगी का सबक मिलता रहा है। मुल्क में जब जब इंसानियत फरेब का शिकार होकर जुल्म और नफरत के रास्ते की ओर चली है तब तब भटकी हुई इंसानियत के लिए राहत और सुकून संतो और वलियों के इन आस्तानों से ही हासिल हो सका है।

ऐसी ही एक दरगाह है बाबा हज़रत मुबारक खां शहीद की, जहां आज भी रहमतों का दरिया बहता है और श्रद्धालु यहां श्रद्धा की डुबकी लगाकर अपनी मुरादें मांगते हैं। पिछले सैकड़ों सालों से इस्लामिक कैलेंडर के शौव्वाल माह यानी ईद की 26, 27 और 28 तारीख को उर्स होता है और कई दिनों तक चलने वाला मेला लगता है। ग्यारहवीं सदी की इस दरगाह के इतिहास के साथ तमाम किदवंतियाँ जुड़ी हुई हैं।



कहा जाता है कि 11वीं सदी में बाबा ईरान के खुरासान प्रान्त से यहां आये। उस समय यहां एक जुल्मी और बर्बर राजा का राज था । बाबा ने राजा को जुल्म करने रोका तो दुष्ट राजा को यह अच्छा नही लगा और उसने धोखे से बाबा को शहीद कर दिया। कहते हैं कि उसी रात राजा अपने पूरे महल के साथ जमींदोज हो गया और महल के ऊपर एक प्राकृतिक झील बन गई जिसे आज रामगढ़ ताल के नाम से जाना जाता है। रामगढ़ ताल आज गोरखपुर का प्रमुख पर्यटन स्थल है। गोरखपुर शहर के बेतियाहाता स्थिति नॉर्मल के पास वाले इसी आस्ताने के बिल्कुल बगल में वह ईदगाह भी मौजूद है जिसको देखकर विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद्र ने अपनी कालजयी रचना ईदगाह लिखी थी। ईदगाह के मुख्य पात्र हामिद ने इसी उर्स के मेले से अपनी दादी अमीना के लिए चिमटा खरीदा था। उस समय दरगाह पर होने वाले उर्स के दौरान लगने वाला मेला पूरे महीने चलता था जिसमे देश व प्रदेश भर की मशहूर वस्तुओं की दुकानें लगती थी लेकिन समय के साथ

**एक हज़ार साल पुरानी गंगा जमुनी तहज़ीब की गवाह इस दरगाह पर पूरी होती है मुरादें**

इसकी अवधि कम होती गई और बाहरी दुकानदारों की जगह स्थानीय दुकानदारों ने ले लिया। समय की मार से ये मेला भी नही बचा, एक माह तक चलने वाला मेला अब तीन दिनों में ही सिमट जाता है। आने वाली 6 मई को इस क़दीमी दरगाह पर रवायती उर्स शुरु हो जाएगा जो तीन दिनों तक चलेगा। इस दौरान हर मज़हब और फिरके के लोग चादर पेश करते हैं। सैकड़ों साल से चली आ रही यह परंपरा इंसानियत भाईचारा अमन और मोहब्बत की बुनियाद और हर बार और ज्यादा मजबूत करती है। उर्स के दौरान यहां उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश के साथ ही पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी हजारों की तादात में जायरीन यहां पहुंचते हैं।

# पीएम के 400 प्लस के नारे को साकार करें कार्यकर्ता : पंडित गिरीश चंद तिवारी

अवधनामा संवाददाता




**भाटपार रानी।** शनिवार को भाटपार रानी उपनगर स्थित दुर्गा मंदिर के निकट भाजपा भाटपार रानी विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन वैदिक मंत्रोचार के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद रविंद्र कुशवाहा ने फिता काटकर किया। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के 400 प्लस के नारे को साकार करने के लिए कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लग जाए। समाज के हर वर्ग को मोदी एवं योगी सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। हमें केवल उनसे संपर्क कर याद दिलाने की जरूरत है। बरहज के विधायक दीपक मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है। सांसद रवींद्र कुशवाहा ने कहा कि कार्यकर्ता मतदाताओं से निरंतर संपर्क कर अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह करें। सभी कार्यकर्ता अपने- अपने बूथों पर कमल खिलाने का काम करें। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से कोई रोक नहीं सकता। लोकसभा के सह संयोजक अजय कुमार दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल में पूरी दुनिया में मां भारती की प्रतिष्ठा बढ़ी है। लोकसभा के सह प्रभारी बलराम उपाध्याय ने कहा कि सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद भाजपा सरकार की पहचान है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी अजय उपाध्याय, विधानसभा संयोजक कुंज बिहारी सिंह,राज कुमार शाही, नितिश चौबे, सुशील कुमार शाही,जयनाथ कुशवाहा, राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, डॉ पवन कुमार राय, डॉ भानू प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख बिंदा कुशवाहा, अमित सिंह बबलू, डॉ शम्स परवेज, दिलीप सिंह बघेल, त्रिपुनायक विश्वकर्मा, संतोष पटेल, संजय तिवारी, सुरेश तिवारी, राजेंद्र जायसवाल, शशि रंजन तिवारी, अनिल शाही, मंटू पटेल, अमित शाही,राजन कुशवाहा, गुड्डू गोस्वामी, संजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, देवा मौर्या, जितेंद्र जायसवाल, संजय जायसवाल, कृष्ण कुमार सिन्हा, धर्मेन्द्र सिंह, बलवीर सिंह, रवि कुशवाहा, राहुल सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदान पार्टियों की रवानगी से पूर्व डीप ब्रीफिंग का अफसरों ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान हेतु चिन्हित मतदान स्थलों से मतदान पार्टियों की रवानगी के सम्बन्ध में मुख्य कार्मिक अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा शनिवार को मतदान पार्टी रवानगी स्थल बुद्धा पार्क व स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण एवं डीप बिफ्रिंग किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विधानसभावार पार्टियों के रवानगी से संबंधित बनाए गए मैप का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर विधानसभावार वाहनों का पार्किंग, रूट चार्ट के अनुसार वाहनों की निकासी, मतदान कार्मिकों की सुविधा हेतु काउंटर, विधानसभावार लगाए जाने वाले काउंटर/टेबल, सहित सभी व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा ने ईओ पडरौना को निर्देशित किया कि पंचायतीराज विभाग से सहयोग पूरे पार्क की साफ सफाई समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार मतदान कर्मियों के वाहनों के पार्किंग के संबंध में प्रभारी अधिकारी यातायात को भी निर्देशित किया गया, तथा खाद्य पदार्थो से संबंधित एक स्टाल लगवाए जाने हेतु फूड इंस्पेक्टर के सहयोग से ईओ पडरौना को निर्देशित किया गया, ताकि कार्मिकों को खाने पीने की वस्तुओ हेतु कहीं अन्यत्र ना जाना पड़े। इसी क्रम में जिला स्टेडियम का भी निरीक्षण कर रूट चार्ट सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सभी संबंधित को दिए गए।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत चुनाव पाठशाला का हुआ आयोजन




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज जनपद के विकास खंडों में मतदाता जगरूकता हेतु चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। गौरी बाजार विकास क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय देवतहा में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्रा सुंदरी, अर्चना, महिमा ने मेहंदी मतदाता जागरूकता संबंधी मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं पियूष, शिवम एवं अभिषेक ने पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका अंजू सिंह, बीएलओ शिल्पी गौड़, धर्म प्रकाश, सतेंद्र गौड़ उपस्थित रहे। लार विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रावतपार पांडे में स्वीप नोडल अवनीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों द्वारा रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया, वही विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रुच्चापार में प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक कुमार सिंह की देखरेख में बच्चों ने ग्राम वासियों को मतदान के लिए जागरूक किया। प्रधानाध्यापक ने प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक कराकर सभी सदस्यों से एवं ग्रामवासियों से 01 जून को मतदान करने की अपील की। समस्त कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापिका ज्ञान्ति देवी बीएलओ दुर्गेश कुमार पांडेय, पीयूष कुमार वर्मा, गौरव राय, कमलावती देवी सुषमा चौरसिया सत्य प्रकाश इंदु देवी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# पौधे कम लगे परंतु इसकी देखभाल आवश्यक है : डीएम

## जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की हुई बैठक

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में वर्षा काल 2024 वृक्षारोपण हेतु वृक्षारोपण से संबंधित विभागों के आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष चयनित स्थलों के संबंध में आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई। उक्त बैठक में वृक्षारोपण हेतु स्थल चिन्हित किए जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में खाली पड़ी भूमि, मेडिकल कालेज, कृषि महा विद्यालय, नई सड़कों की पटरियों, ताल आदि को वरीयता के क्रम में रखी जाये।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में पूर्वजों की स्मृति में, बालिका वन, नंदन वन, ग्राम वन, लवकुश वन, सीता वन आदि नाम से लगवाए जाएं। उन्होंने पौधे के वेराइटी के सम्बंध में कहा कि फलदार, छायादार व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लाभदायक हो उसे ही लगवाया जाएगा, उन्होंने पीपल, बरगद, बेल, पाकड़, अमरूद आदि को वरीयता के क्रम में लगवाए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्व प्रथम बड़े प्लाट ही चिन्हित किए जाए ताकि उसकी घेराबंदी व पानी आदि की व्यवस्था की जा सके। इस संबंध समस्त उप जिलाधिकारी को व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधे कम ही लगे परंतु उसकी देखभाल आवश्यक है। इसके लिए जिस विभाग द्वारा पौधे रोपित किए जाने हैं उस विभाग द्वारा निगरानी भी करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि फर्जी आंकड़ा या स्थल नही चलेगा, इस कार्य मे सभी अधिकारी गण रुचि लेकर कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में वृक्षारोपण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज को दिए। तमकुहीराज स्थित रजवटिया में वृक्षारोपण हेतु स्थलीय निरीक्षण तथा अन्य व्यवस्थाओं हेतु उप जिलाधिकारी तमकुहीराज को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने पौधे की उपलब्धता के सम्बंध में प्रभागीय वनाधिकारी से जानकारी लेने पश्चात आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने सभी विभागों को आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रम को गम्भीरता से लेने तथा सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण किए जाने के सख्त निर्देश दिए।

**लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण के लिए चिन्हित कर लें जमीन**

# महायोगी गोरखनाथ विवि और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विवि के बीच एमओयू

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश के बीच शनिवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान प्रदान हुआ।

एमओयू पर हस्ताक्षर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के कुलसचिव प्रो. एनएस हरिनारायण मूर्थि ने किया। इस एमओयू के तहत सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में फार्मेसी, पैरामेडिकल, नर्सिंग, योग एवं जैव प्रौद्योगिकी आदि शामिल है। दोनों संस्थानों की तरफ से इन विषयों पर अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आदान-प्रदान के साथ ही वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने, कौशल को बढ़ाने के लिए क्षमता विकास और विनिमय कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, संस्थानों का लक्ष्य शैक्षिक साझेदारी के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को विकसित और कार्यान्वित करना है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेयी ने संस्थानों के बीच एमओयू का स्वागत किया और इसे फार्मेसी, पैरामेडिकल, नर्सिंग, योग एवं जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षणिक, अनुसंधान, और प्रशिक्षण गतिविधियों के प्रचार और साझा उद्देश्यों के प्राप्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी ने एमओयू का स्वागत करने के साथ लक्षित उद्देश्यों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौते से दोनो संस्थाएं उज्जवल एवं श्रेष्ठ भारत के परिकल्पना को चरितार्थ करते हुए नवाचार व अविष्कार के क्षेत्र में अपना अमुल्य योगदान देंगे।

# व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम एमसीएमसी मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम एमसीएमसी मीडिया सेंटर का आज निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक संजय कुमार द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के साथ निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम के माध्यम से एफएसपी एसएसटी टीमों के लोकेशन को देखा गया। सी विजिल ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों व उनके निस्तारण की जानकारी ली गई। प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम में फाइलों के रखरखाव को देखा तथा कंट्रोल रूम में व्यवस्थाओं को देखकर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र सिंह ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कलियुग केवल नाम अधारा...

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विकास खंड संग्रामपुर के ठेंगहा गांव में श्याम बहादुर सिंह के यहां चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा में पंचम दिवस कथा व्यास श्री महाराज पीठाधीश्वर कालिकन धाम ने कई मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। भगवान की बाल लीला में शिवजी का आगमन नामकरण तृणावर्त का उद्धार सकटासुर का उद्धार दधी लीलाओं का वर्णन ओखल से भगवान का बांधा जाना मिट्टी खाना वृंदावन गमन आदि प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि पूतना जैसी बालकों की हत्या करने वाली का भगवान ने वध किया और पूतना के भाव को समझ कर उसके द्वारा जहर लगा दुग्ध का पान किया। भक्तों के ऊपर आने वाली आपदा को भगवान ने अपने ऊपर लिया जिससे भक्तों की रक्षा करके भगवान ने पूतना का उद्धार किया। नाम की महिमा का बखान करते हुए बताया की कलिकाल में नाम ही एक सहारा है जिसका सहारा लेकर जीव भवसागर से पार उतर सकता है।

# लखनऊ क्षेत्र संयोजक बनाये जाने पर भव्य स्वागत



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** विश्व हिन्दू परिषद गोरखपुर ग्रामीण बजरंग दल सहजनवा प्रखंड में शनिवार को गोरक्ष प्रांत संयोजक बजरंग दल पुणेडु शाही को लखनऊ क्षेत्र संयोजक बनाए जाने के बाद प्रथम आगमन पर सहजनवा प्रखंड में गोरखपुर ग्रामीण जिला मिलन प्रमुख धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय विभाग प्रमुख सुनील शुक्ला प्रखंड संयोजक चंद्रकांत मिश्रा विपिन मद्धेशिया विशाल आदि कार्यकर्ता के द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें बजरंग दल द्वारा आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कि गयी जिसमें बुद्धा अमरनाथ यात्रा शामिल रहा जो यात्रा 12 अगस्त 2024 को शुरू होकर 17 अगस्त 2024 तक की रहेगी।

# निकाली गई मतदान जागरुकता रैली

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत घघसरा के कंपोजिट विद्यालय मंझरिया द्वारा शनिवार मतदान जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। रैली का शुभारंभ विद्यालय परिसर से होते हुए- नगर पंचायत के वार्ड संख्या 14 हनुमंत नगर में घुमाया गया । इसी दौरान अध्यापक गणों द्वारा मतदान को लेकर घर के वरिष्ठ जनों घर के मुखिया से बातचीत की गयी। बच्चों के हाथ में लिखी तख्तियां थी कि- जो राष्ट्र का उत्थान करें। उसी को हम मतदान करें।। नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला उपाध्यक्ष बिपिन बिहारी दुबे ने कहा कि- मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार है। अपने लोकतंत्र को मजबूत करने सभी को प्रमुख रूप से बूथ पर जाकर अपना मतदान करना चाहिए। उक्त- अवसर पर विपिन बिहारी दुबे के अतिरिक्त सुमन सिंह, प्रशांत पांडेय, जीशान खलील, कंचन लता श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद थे।



# संवेदनशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।शनिवार को डीएम व एसपी ने विकासखंड शाहगढ़ अंतर्गत मॉडल प्राइमरी स्कूल सेवई तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहगढ़ का निरीक्षण कर वहां पर बिजली पानी रैंप शौचालय फर्नीचर शेड आदि मूलभूत व्यवस्थाओं को देखा तथा मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 71 लोकसभा सलेमपुर से चुनावी मैदान में निर्दल प्रत्याशी कालिका तिवारी ने किया जनसंपर्क



**सलेमपुर देवरिया अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव का माहौल गर्म होता ही जा रहा है लोकसभा सलेमपुर से भाजपा के वर्तमान सांसद रवींद्र कुशवाहा और सपा गठबंधन से रामाशंकर विद्यार्थी राजभर वहीं बसपा से भीम राजभर को चुनावी मैदान में है,लेकिन वही तेज तर्रार पत्रकार कालिका तिवारी भी निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर गए हैं। कालिका तिवारी के मैदान में उतरने से लोकसभा सलेमपुर का चुनाव और भी दिलचस्प होता नजर आ रहा है। आपको बता दे की लोकसभा सलेमपुर में जहां एक कुशवाहा समाज से और दो प्रत्याशी राजभर समाज से चुनावी मैदान में है वहीं ब्राह्मण समाज से कालिका तिवारी के चुनावी मैदान में आने से समीकरण बदलता नजर आ रहे है।

# पोलिंग बूथों का स्थलीय/भौतिक निरीक्षण किया गया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी देवरिया अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा के द्वारा सर्किल नगर के थाना तरकुलवा व थाना बघौचघाट क्षेत्रान्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पोलिंग बूथों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन किया गया एवं विद्यालयों में कमरों की संख्या, साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उपजिलाधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी व सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित हैं कार्यकर्ता : संजय




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शहर के पुरवा स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि राज्यसभा के सांसद व प्रदेश के सह चुनाव प्रभारी संजय भाटिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता परिवार से ऊपर उठकर, पार्टी से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के लोग भारत के टुकड़े करने की मंशा के साथ राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं। हम भारत को अपनी माता मानते हैं इसलिए हम सभी भाई भाई हैं न कि जाति में बंटे हैं। जाती और संप्रदाय से ऊपर उठकर हमे कार्य करना है। जातियों में बंट कर हमारा देश हजारों साल गुलाम रहा ।मोदी जी कहते हैं कि 140 करोड़ की आबादी वाले इस देश में हम सब भाई भाई हैं, किसी की कोई जाति नहीं बल्कि भारतीयता ही सबकी जाति होनी चाहिए। प्रदेश महामंत्री और गोरखपुर क्षेत्र के प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि संगठन की ताकत आप सभी कार्यकर्ताओं से है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अत्यंत अनुशासित और अपने कार्य के प्रति समर्पित होते हैं। इस चुनावी रणभेरी में प्रत्येक कार्यकर्ताओं की ऊर्जा का समुचित प्रयोग करके हमे जनता के बीच अपने कार्यों को लेकर जाना है।

# लोकसभा चुनाव में सतर्क रहेगी प्रशासन की तीसरी आंखः जिला प्रशासन

**अवधनामा संवाददाता**

**लोकसभा सदस्य प्रत्याशियों व उनके समर्थकों पर भी रहेगी कड़ी निगरानीः गौरव शुक्ला**

**सुल्तानपुर।** देश के सबसे मजबूत लोकतंत्र को चुनने का समय जैसे-जैसे छठे चरण का चुनाव नजदीक आ रहा है। निर्वाचन अधिकारी शांति एवं कड़ी निगरानी के बीच वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव संपन्न करने के लिए लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली है। यह बातें अपर जिलाधिकारी प्रशासन/निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला ने मीडिया से बातचीत में कहीं।

बताते चलें कि अपर जिलाधिकारी प्रशासन/निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला ने चुनाव आयोग के निर्देशों को और पारदर्शी करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग जो स्वयं अपने में एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण है, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी चुनाव प्रक्रिया का सकुशल संचालन




करने के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदाई है, इसे और मजबूत करते हुए लोकसभा के चुनाव को संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन तकरीबन अधिकारी के चुनाव ड्यूटी व उनके प्रशिक्षण, पीठासीन अधिकारी, बूथ स्थल, ईबीएम वोटिंग मशीन की तकनीकी साफ-सफाई, नामांकन स्थल के चाक चौबंद तक की पूरी प्रक्रिया लगभग पूर्ण कर ली गई है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ला ने यह भी बताया कि चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए अधिकारियों के साथ मतदान स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है। इसके लिए क्षेत्र के सन्दिग्ध लोगों को चिन्हित कर पुलिस प्रक्रिया के तहत पाबंद कर दिया जा रहा है, इसके लिए पुलिस ऐसे लोगों की निगरानी समय-समय पर करती रहेगी। क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले लोगों पर जिला बदर की भी प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने खासकर बताया कि स्थानीय पुलिस के मजबूत घेरे में वर्ष 2024 लोकसभा का चुनाव संपन्न होने जा रहा है। धन बल पर कहीं ना कहीं वोटरों को रिझाने वाले लोकसभा सदस्य व उनके समर्थकों पर भी कड़ी निगरानी रहेगी।

# पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** श्री रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में चल रहे हनुमान जयंती महोत्सव के 7 दिवसीय कार्यक्रम में 5 वें दिन तुवन मंदिर प्रांगण मंच पर स्कूली बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम तुवन मंदिर के महंत रामलखन दास ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि रामेश्वर सड़ैया, मनमोहन जड़िया मौजूद रहे। स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति रामरतन विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुई। कीर्ति श्रीवास्तव द्वारा राधा केसे न नाचे, इंटर कॉलेज द्वारा रामजी की सेना चली, रोक डांस एकेडमी द्वारा, राम आए गै, शंकरजी का डमरू बाजे, गणेश वंदना शिवाय, रामरतन विद्या मंदिर द्वारा पुनर्विजई भव, ए गुजरने वाली हवा,मेरे राम आए हे, श्रीवास्तव द्वारा, सुंदर भजन, अयुस्मान एकेडमी द्वारा उमापति महादेव, संदीप श्रीवास्तव द्वारा राम जी की निकली सवारी, प्रशांति विद्या मंदिर द्वारा जय हो जय हो शंकरा,परिवर्तन शर्मा द्वारा आयो रे शुभ दिन आयो रे इन सभी के द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। समापन अवसर पर प्रमुख सहयोगी अखाड़ों श्री हनुमान दल अखाड़ा, श्री भारत सेवा मंडल, श्री कंचन व्यामशाला, आजाद व्यामशाला, लवकुश व्यामशाला, कौशल किशोर व्यामशाला, दुश्मन फटकार व्यामशाला, रमेश कुमार रावत, श्यामकांत चौबे, राजेश दुबे, हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, अमित तिवारी, राकेश तामिया, शिव कुमार शर्मा, चंद्रशेखर राठौर, भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, धर्मेंद चौबे, मुन्नालाल त्यागी आदि उपस्थित थे।

# सूखे पड़े तालाब, तपती धूप में पानी को तरस रहे बेसहारा पशु-पक्षी

**अवधनामा संवाददाता**



**पशु-पक्षी प्रेमियों को नहीं हैं इन बेसहारा पशु-पक्षियों की चिंता,सूखे पड़े तालाबों को भरवाने के लिए नहीं उठाए जा रहे कोई कारगर कदम**

**सुल्तानपुर।** केंद्र सरकार द्वारा गांवों में तालाबों का अस्तित्व बरकरार रखने के लिए मनरेगा के तहत कार्य कराने की योजना संचालित की गई। सौंदर्यीकरण के नाम पर काफी धनराशि मुहैया कराई गई।जनपद के लगभग अस्सी प्रतिशत तलब सूखे पड़े हैं, इसी तरह लंभुआ ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर पनियार सहित कई गांवों में तालाबों की खुदाई कराई गई थी।

पानी के अभाव में पशु पक्षियों के लिए पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं। इनके भरवाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। ऐसे में एक ओर जहां पशु, पक्षियों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। तो दूसरी ओर पशु पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पशुपालकों को भी अपने पालतू मवेशियों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। इनके भरवाने के लिए नहर व ट्यूबवेल ही साधन हैं। तालाबों के न भरने से ग्रामीण चितित दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन अभी तक इनमें पानी नहीं छोड़ा जा सका जिससे इन पर निर्भर पशु, पक्षियों को राहत मिल सके। वैसे स्थानीय सांसद मेनका संजय गांधी पशु प्रेमी है और इस समय चुनावी पर्व के कारण वह जीरो ग्राउंड पर सड़क सड़क, गली-गली, गांव-गांव तक जा भी रही है। देखना है कि हकीकत से रूबरू होने के बाद सांसद महोदया की तरफ से इस समस्या पर क्या पहल की जाती है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ब्लॉक-महरौनी के ग्राम सिंदवाहा व जरया में आरसेटी द्वारा कृषि उद्यमी व डेयरी फॉर्मिंग के प्रशिक्षण के दौरान सभी 35-35 कुल 70 महिलाओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु अलग-अलग जागरूकता कैम्प कर ग्रामों में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया कि सभी व्यक्ति मतदान में भाग ले व अधिक से अधिक निर्वाचन कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। लोकसभा मतदान 2024 में 100 प्रतिशत मतदान कर अपने वोट का सद्उपयोग करें। लोकतन्त्र के इस महाकुम्भ में सहभागिता हेतु महिलाओं को प्रेरित करने के साथ ही उनके माध्यम से अन्य ग्रामवासियों को भी यह संदेश पहुचाना है कि मतदान मे अवश्य भाग लें और उस प्रतिनिधि को चुनें जो उनके हित मे कार्य करें।

# शादी में शामिल होने गये दम्पत्ति के घर में लगी आग



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम गनेशपुरा में रहने वाले सरमन पुत्र वंशी अहिरवार ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 25 अप्रैल को वह अपने परिवार समेत घर के बाहर ट्रैक्टर रखकर ताला डालकर रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। बताया कि सुबह करीब 11.30 बजे उसके पास गांव वालों ने फोन करके सूचना दी कि उसके घर में भयंकर आग लगी हुयी है, जिस पर वह तत्काल घर वापस आया और देखा कि उसका घर व उसमें रखा गृहस्थी का सामान फ्रिज, इन्वर्टर, टी.वी., कपड़े इत्यादि के अलावा 8 बोरा चना, 10 बोरा गेंहू, 8 बोरा मटर के अलावा घर के बाहर खड़ा महेन्द्रा ट्रैक्टर जलकर खाक हो चुका था। ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया गया। पीड़ित ने इस आगजनी में करीब 20 लाख रुपये का नुकसान बताया। उसने आग लगने का कारण सिलेण्डर या अज्ञात जाहिर किया है। बताया कि वह परिवार समेत भुखमरी की कगार पर आ खड़ा है। पीड़ित ने परिवार समेत मुख्यालय पहुंच कर जिला प्रशासन से आर्थिक मदद करने की गुहार लगायी है।

# मुख्यमंत्री योगी ने आतंकवाद, पाकिस्तान को केन्द्रित कर 47 मिनट तक दिया भाषण

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** तय कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तिलक इन्टर कॉलेज स्थित आयोजित जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे इस दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस के बन्दोवस्त काफी मजबूत रहे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को मददेनजर रखते हुए पुलिस ने न सिर्फ बड़े पैमाने पर रोड डाईवर्जन कर रखे थे बल्कि जगह-जगह बेरीकेटिंग लगाकर सुरक्षा को लेकर भारी बन्दोवस्त किए थे। यागी आदित्यनाथ ने चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए लगभग 47 मिनट तक अपना भाषण दिया। पूरे भाषण में आतंकवाद, पाकिस्तान केन्दित रहा। उनके भाषण के दौरान ड्रॉन कैमरों के साथ-साथ चारों ओर पुलिस के कमान्डों सुरक्षा घेरे के रूप में तैनात रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने तय कार्यक्रम के अनुसार अपनी उपस्थिति 2 बजकर 47 मिनट पर दिखा दी थी। मंच पर पहुंचने के कुछ क्षण बाद ही मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभा को सम्बोधित करना प्रारम्भ कर दिया। उन्होंने इण्डिया नामक विपक्ष के गठबन्धन पर हमला बोलते हुए सीधे तोर पर समाजवादी पर हमलावर होते हुए कहा कि विपक्ष गुण्डों और आतंकवाद को बढ़ावा देना चाहता है इसको हमने खत्म करने का काम किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे 47 मिनट तक अपने भाषण में आतंकवाद और पाकिस्तान तथा नक्सलवाद को केन्दऊ रखे रहे। इतना ही नहीं योगी आदित्यनाथ ने सपा के साथ-साथ बसपा पर भी हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सपा व बसपा की सरकारों में देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं। आतंकवाद और नक्सलवाद का बोलबाला था। जब भी कोई आतंकवादी घटना होती थी तो सीधे तौर पर पाकिस्तान का नाम आता था। तो विपक्ष की सरकारें यह कहती थीं कि हम देखेंगे लेकिन मोदी ने देश का विकास करते हुए देश की सीमाएं सुरक्षिति कर दी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद के कांच कारोबारी पर भी बोलते हुए कहा कि फिरोजाबाद का ग्लास कारोबार बन्द होने की कगार पर आ गया था। मोदी के सफ्ल प्रयासों से यहां का व्यापार विष्वस्तरीय हो रहा है। आज मोदी के नेतृत्व में देश चहुंओर तरक्की कर रहा है।

## सक्षिप्त समाचार

### करंट से सेना के सूबेदार की मौत



**गोसाईगंज, सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र के अन्नपूर्णानगर गांव में छुट्टी लेकर घर आए सेना के सुबेदार प्रदीप कुमार पांडेय की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। थाना क्षेत्र अन्नपूर्णानगर निवासी प्रदीप पाण्डेय(41) पुत्र जनार्दन पाण्डेय मेरठ में सूबेदार पद पर सेना में तैनात थे। वह चार दिन पूर्व छुट्टी लेकर घर आए हुए। अन्नपूर्णानगर गांव स्थित घर मे दीवाल प्लास्टर का कार्य चल रहा था। शुक्रवार शाम पांच बजे इनवर्टर की प्लग बोर्ड में लगाते समय वह करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए।परिजन आनन- फानन में उन्हें सुलतानपुर मेडिकल कालेज ले गए। जहाँ डॉक्टर ने प्रदीप कुमार पाण्डेय को मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। प्रदीप की मौत से माता-पिता के साथ पत्नी और दो बेटो को रो रोकर बुरा हाल है।

### साकिब खान ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी( एनटीए) इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन सत्र 2 के लिए रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है। जेईई मेंस सत्र 2 रिजल्ट 2024 में बल्दीराय विकास क्षेत्र के किसान सुनील खान के पुत्र साकिब खान ने 93.20 स्कोर प्राप्त करने वाले लिस्ट में साकिब खान का भी नाम है। जो कि बल्दीराय क्षेत्र के गौरा बरामऊ के निवासी हैं।शाकिब ने जेईई-मेंस की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कर जिले व क्षेत्र में परचम लहराया। आप को बताते चलें कि साकिब बचपन से ही होनहार रहा है।हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इंटर की परीक्षा में स्कूल टॉप किया था। साकिब ने बताया कि उन्होंने बिना कोचिंग किये इस उपलब्धि को हासिल किया। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपनी माता पिता व चाचा आरिफ के साथ साथ गुरुजनों को दिया है। उनके इस उपलब्धि से घर परिवार वाले एक दूसरे को मुंह मिठा कर खुशियां मनाई।

### एमजी कॉलेज में हुआ मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण



**फिरोजाबाद।** नगर के एमजी कॉलेज में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान शनिवार को भी मतदानकार्मिकों का प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक एवं 3 बजे से 6 बजे तक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दौरान निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए स्वयं मतदानकार्मिकों को प्रशिक्षण दिया। मतदान कार्मिकों के इस प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों ने शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करायी। द्वितीय पाली की प्रशिक्षण समाप्ति के बाद मतदान कार्मिकों को पोलिंग बूथ सम्बन्धी सामिग्री भी वितरण की गयी।

### प्रत्याशियों के साथ बैठक 29 अप्रैल को

**बहराइच।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अ.जा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मदों में किये जाने वाले व्यय एवं व्यय लेखांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में 29 अप्रैल 2024 को सॉय 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक मे प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी है।

### क्षक की मौजूदगी में मतदान कार्मिकों का सम्पन्न हुआ द्वितीय रेण्डमाइज़ेशन

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी, प्रभारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राजकुमार, डीआईओ एनआईसी योगेश यादव, प्रेक्षक के लाईजनिंग आफिसर सिद्धार्थ मोदियानी की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेण्डमाइज़ेशन सम्पन्न हुआ। मतदान कार्मिकों को 06, 07 व 08 मई 2024 को दो पालियों में केडीसी में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा 159 माइक्रोआबर्जवर का भी रेण्डमाईजेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रकिया को सुव्यवस्थित ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए 14167 मतदान कार्मिक नियुक्त किये गये है जिसमें पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम व तृतीय 3500-3500 एवं 3667 मतदान अधिकारी द्वितीय के रूप में नियुक्त किये गये है।

# दो नाबालिग मासूमों से छेड़छाड़ के बाद दुष्कर्म



**अवधनामा संवाददाता**

**महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की**

**ललितपुर।** कोचिंग पढ़ाने के बहाने दो नाबालिग मासूमों से अश्लीलता व दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आते ही शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। शनिवार को सुबह प्रकाश में आये इस प्रकरण के बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं दूसरी ओर महिला की तहरीर पर युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के अलावा अन्य संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी दो पुत्रियां जो कि नाबालिग हैं को पड़ौस में रहने वाला 24 वर्षीय अनिल राठौर पुत्र सुखवीर राठौर कोचिंग पढ़ाने के बहाने घर में बुलाता था। कोचिंग पढ़ाने को लेकर उसे भी कोई ऐतराज नहीं था। महिला ने आरोप लगाया कि नाबालिग पुत्रियों के साथ अनिल राठौर आये दिन छेड़छाड़ करता रहता था। जिसकी जानकारी उसे नहीं हुयी। लेकिन शनिवार को उसकी दोनों पुत्रियों ने उसे पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। आरोप है कि अनिल राठौर ने उसकी दोनों नाबालिग मासूम पुत्रियों के साथ छेड़छाड़ करते हुये दुष्कर्म किया है। इतना ही नहीं यह भी आरोप है कि उनकी पुत्रियों को यह बात किसी को न बताने की बात कहते हुये अनिल द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के संयुक्त निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने पूरे प्रकरण की पड़ताल की। इस दौरान कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर अनिल राठौर पुत्र सुखवीर राठौर के खिलाफ धारा 376क, 376ख, 354, 506 भा.द.वि. व 5/6 और 9/10 पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने प्रकरण की पड़ताल के दौरान अनिल राठौर को भी हिरासत में ले लिया है। इसके अलावा पुलिस ने घटना का शिकार नाबालिग मासूमों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल में भेजा है। इसके अलावा पुलिस के आलाधिकारियों ने मौका मुआयना भी किया। आरोपी अनिल राठौर को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जर्नादन यादव, निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार व कां.गणेश शामिल रहे।

# मादक पदार्थ सहित एक पुलिस गिरफ्त में

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम ने मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले 01 अभियुक्त को 2 किलोग्राम गाँजा के साथ गिरफ्तार किया है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मौहम्मद शाहनवाज पुत्र मौहम्मद सलीम निवासी मौहल्ला मसरुरगंज नैनी ग्लास के पास थाना रसूलपुर को 02 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ कोहिनूर रोड तिराहे से 50 कदम सैलई पुलिया की तरफ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 2 किलोग्राम नाजायज गांजा की बरामदगी के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 261/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, निरीक्षक अपराध रामप्रवेश, व0उ0नि0 संजुल पाण्डेय, उ0नि0 विनोद कुमार, है0 का0 737 राजकुमार, 1330 योगेन्द्र , एवं का0 753 ओंमकार थाना रामगढ फिरोजाबाद शामिल रहे।

## निर्वाचन व्यय लेखों की जॉच हेतु तिथियॉ निर्धारित

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अ.जा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखों की जॉच के लिए तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि व्यय लेखा जॉच हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार 02 मई 2024 को प्रथम, 06 मई 2024 को द्वितीय एवं 10 मई 2024 को तृतीय एवं अन्तिम जॉच की जायेगी। डीएम ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं प्रत्याशियों से अपेक्षा की है कि निर्धारित तिथियों में कोषागार में उपस्थित होकर अपने-अपने निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर की जांच कराने का कष्ट करें।

# नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारीः अश्वनी जैन

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद। सिरसागंज।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत देवस्थली एकेडमी, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद अवस्थी एवं जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान से सम्बंधित स्लोगन प्रदर्शन का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों ने मतदान से सम्बंधित जन जागरूक संदेश क्रमशः नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी, अपना अमूल्य वोट देकर, बने देश के भविष्य मेकर, वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल, बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता,लोकतंत्र का महा महोत्सव, सोच समझकर करें मतदान, आधी रोटी खाएंगे, वोट डालने जाएंगे, मतदान है आपका अधिकार, क्योंकि यह है लोकतंत्र की शान, पहले मतदान, फिर जलपान, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें चलकर मतदान, छोड़ो पहले सारे काम, पहले चलों करे मतदान, देश की तरक्की का ध्यान करें, घर से निकलकर मतदान करें, देश के विकास में दे योगदान, हर हाल में करें अपना मतदान, छोड़कर सारे काम,07 मई को करें मतदान आदि के स्लोगन प्रदर्शित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद अवस्थी ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ दीपक कुमार, जतिन यादव आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# सामान्य, पुलिस व व्यय प्रेक्षकों ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**नोडल अधिकारियों ने तैयारियों का प्रस्तुत किया ब्यौरा**

**जिले में की गयी तैयारियों पर संतुष्ट दिखे प्रेक्षक**

**डीएम के प्रयासों का बताया सराहनीय**

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी व व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन की उपस्थिति में शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बाउण्ड्रीवाल, रैम्प, फर्नीचर, खिड़कियों-दरवाज़ों, भवन की स्थिति, मतदान केन्द्र तक पहुॅच मार्ग की व्यवस्था आयोग की मंशानुरूप चाक-चौबन्द रखी जाय।

प्रेक्षक श्री राय द्वारा इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की गई लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में 65 प्रतिशत के लक्ष्य के साथ जिले में स्वीप कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग की मंशा भी यही है मतदान में शत-प्रतिशत मतदाता सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में जिले के अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। श्री राय ने सुझाव दिया कि कार्मिकों क्वालिटी बेस्ड प्रशिक्षण प्रदान किया जाय ताकि वे अपने कार्य में पूरी तरह से दक्ष हो जाएं। श्री राय ने जनपद में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया।

पुलिस प्रेक्षक श्री सुब्बारेड्डी ने कहा कि जनपद बहराइच की सीमा अन्तर्राष्ट्रीय (नेपाल) सीमा होने के कारण संवदेनशील अधिक है, ऐसी स्थिति में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा बल का दायित्व अधिक है। उन्होंने अन्तर्जनपदीय चेक पोस्टों पर सर्तकता बनाये रखने का निर्देश दिया।

# जिओ लोकेशन की सहायता से आसानी से पोलिंग बूथ पहुंचेंगे मतदाताः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने एवं शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिये गए, साथ ही मतदाताओं को मतदान बूथ तक पहुँचने कि सुविधा हेतु जनपद ललितपुर कि आधिकारिक वेबसाइट पर वेबपेज का लोकार्पण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद ललितपुर के मतदाताओं को मतदान बूथ तक पहुँचने कि सुविधा को ध्यान में रखते में एन.आई.सी. द्वारा जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर एक वेबपेज विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से मतदाता को अपने बूथ को खोजने में आसानी होगी, इस वेबपेज पर मतदान बूथ पर नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) का नाम, मोबाइल नंबर तथा मतदान बूथ का जिओ-लोकेशन उपलब्ध है। उक्त वेबपेज के माध्यम से मतदाता द्वारा बीएलओ से सीधे टेलीफोन पर संपर्क किया जा सकता है तथा मतदान बूथ तक पहुँचने का मार्ग भी गूगल मैप पर प्रदर्शित हो जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि विगत निर्वाचन में जनपद ललितपुर में अच्छा मतदान हुआ था, इस बार भी जिला प्रशासन की ओर से पूरा प्रयास रहे कि लोकतांत्रित तरीके से अधिकाधिक मतदान हेतु मतदाताओं को जागरुक करें, खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामों में गणमान्य व्यक्तियों जो राजनैतिक पृष्ठभूमि से न हों, का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग लिया जाए।

# बच्चों को खतरनाक बिमारियों से बचाए पांच टीके जरूर लगवाएं: डॉ. अनुपमा



**विश्व टीकाकरण सप्ताह में लोगो को किया गया जागरूक**

**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** शनिवार को साई हॉस्पिटल एंड कॉलेज आफ नर्सिंग सजौर, रॉबर्ट्सगंज,में पौष्टि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया वहीं प्रबंधक डॉक्टर अनुपमा सिंह ने बताया कि हर साल अप्रैल के अंतिम सप्ताह (24 से 30 अप्रैल) को 'विश्व टीकाकरण सप्ताह' के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण के महत्व को बताना और बढ़ावा देना है। टीका न लेने से छोटे बच्चों में जान का खतरा बना रहता है। वैक्सीन न लेने वाले बच्चों में एंटीबॉडीज डेवलप नहीं हो पाती, जिससे बचपन में ही वो निमोनिया जैसी खतरनाक बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। जो जानलेवा भी साबित हो सकती है।

टीकाकरण बच्चों व वयस्कों के स्वास्थ्य की रक्षा करने का एक प्रभावी तरीका है और बच्चों के लिए तो ये सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। आइए जानते हैं बच्चों के लिए पांच जरूरी वैक्सीन के बारे में। वही डॉ अनुपमा सिंह ने बताया कि मेनैक्ट्रा वैक्सीन, मेनिंगोकोकल रोग से बचाने में मदद करती है। इस वैक्सीन की खुराक 9 से 23 महीने की उम्र के बच्चों को दिया जा सकता है, लेकिन फिर भी इस वैक्सीन की डोज दिलवाने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें। तेज बुखार के साथ सिर दर्द, रैशेज, उल्टी, हर वक्त नींद आना, चिड़चिड़ापन, भूख न खाना इस बीमारी के लक्षण हैं। वही बी0एस0सी नर्सिंग 5ह्लद्ध सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा टीकाकरण जागरूकता अभियान मातृ स्वास्थ्य एवं विंग हॉस्पिटल, लोढ़ी व साई हॉस्पिटल, राबर्ट्सगंज में नाटक प्रस्तुति के द्वारा टीकाकरण के बारे में लोगों को जागरूक किया गया इस कार्यक्रम के दौरान मातृ स्वास्थ्य एवं विंग हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 डी.के सिंह भी उपस्थित रहे और साई हॉस्पिटल प्रबंधक डॉ0 अनुपमा सिंह भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थी।

# चुनाव प्रेक्षक ने सीमा बैरियर बूथ आदि का किया निरीक्षण



**हाईवे के बैरियर में वाहनों की सघन तलाशी के निर्देश**

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** चुनाव प्रेक्षक ने शनिवार को हमीरपुर बांदा की सीमा पर बनाए गए बैरियर के साथ उद्योग नगरी सुमेरपुर में चेकिंग के लिए बनाए गए बैरियर का निरीक्षण करके अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे चुनाव प्रेक्षक पुरुषोत्तम के ने हमीरपुर बांदा सीमा में इसौली गांव के समीप बनाए गए बैरियर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सीमा की पंचायत टेढा के बूथों का निरीक्षण करके मतदान के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फैक्ट्री एरिया में पुलिस चौकी के सामने चेकिंग के लिए हाईवे पर बनाए गए बैरियर का निरीक्षण करके यहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की सघन तलाशी लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## नाबालिगों को बहलाकर ले जाने पर पांच के पर मुकदमा

**मौदहा।** दो अलग अलग मामलों में नाबालिग बालिकाओं को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की बड़ी आबादी वाले एक गांव के पीड़ित पिता ने तहरीर देकर बताया था कि 25 अप्रैल को मध्य प्रदेश के छतरपुर थाना क्षेत्र के बाबूलाल व उसके पिता मंगल ने गांव में एक शादी समारोह में मौजूद उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर बाइक से ले गए हैं। वहीं कस्बे के एक मोहल्ला निवासी पीडित भाई ने शिकायत की थी कि उसकी बहन को पड़ोसी फैजल,अली और बाबू खान बहला फुसलाकर बीते 23 अप्रैल को ले गए हैं।

कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि दोनों पीडितों की तहरीर के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर पांचों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# आठ अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी जिलाबदर की

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में माननीर न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जनपद के थाना कोतवाली नगर, कुरारा, कोतवाली राठ, मझगवॉ और जलालपुर से सम्बन्धित आठ गुण्डा अपराधियों पर जिलाबदर की कार्यवाही की गयी है। जिलाबदर किए गए अपराधी अब 6 माह तक जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत यह कार्यवाही की गयी है। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के तहत जनपद की सीमा से इनको 6 माह के लिये निष्कासित करते हुये जिलाबदर किया गया है। इस अवधि में यह अपराधीगण अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे तथा बाहरी जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त रोहित निषाद पुत्र रामआसरे निवासी मुहल्ला डिग्गी रमेडी थाना कोतवाली नगर, जनपद हमीरपुर, आसिफ खान उर्फ आमू पुत्र अयूब खान निवासी मुहल्ला खालेपुरा थाना कोतवाली नगर, अजयराज सिंह उर्फ नातीराज पुत्र पवन सिंह निवासी ग्राम पतारा थाना कुरारा, शिशुपाल यादव उर्फ गिल्ला यादव पुत्र हरी सिंह यादव निवासी मुहल्ला लुधियातपुरा कोतवाली राठ, राजेन्द्र यादव पुत्र रामकृपाल निवासी मुहल्ला पठानपुरा राठ, राकी राजपूत उर्फ रकी पुत्र नितबरन राजपूत निवासी ग्राम नौरंगा थाना मझगवॉ, रामसिंह पुत्र लालसिंह निवासी ग्राम जराखर थाना मझगवॉ तथा सीताराम पुत्र रामसिंह उर्फ भगवन सिंह निवासी ग्राम पुरैनी थाना जलालपुर को जनपद से 6 माह के लिये जिलाबदर किया गया है।

# अवैध खनन पर गढ़ा के ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए किया हंगामा



**अवधानामा संवाददाता**

**मौदहा।** मौदहा विकासखंड क्षेत्र की सीमा में बहने वाली केन नदी में रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से होने वाले अवैध खनन पर ग्रामीणों ने जोरदार विरोध दर्ज कराते हुए प्रशासन से अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। मौदहा विकासखंड की सीमा पर ग्राम पंचायत गढ़ा के नीचे से केन नदी गुजरती है। इसी नदी से रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों द्वारा अवैध खनन करके बालू सुमेरपुर मौदहा सहित बांदा जनपद के जसपुरा कस्बे में सप्लाई की जाती है। बीती रात अवैध खनन करके बालू लादकर आ रहे ट्रैक्टरों को ग्रामीणों ने रोककर विरोध जताते हुए कहा कि यहां से किसी दशा में ट्रैक्टर नहीं गुजरेंगे। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया में शेयर किए गये हैं। वीडियो में ग्रामीण खुलेआम अवैध खनन की बात को चिल्ला चिल्लाकर कह रहे हैं। जबकि अवैध खनन से संबंधित लोग ग्रामीणों को धमकाकर कह रहे हैं कि वह इसी तरह खनन जारी रखेंगे तुम कुछ भी नहीं कर सकते हो। हंगामे की सूचना पर एचएसओ सिसोलर मयंक चंदेल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से खनन विभाग को सूचित करने की बात कही। बाद में पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर कार्यवाही करने का आश्वासन देकर हंगामे को शांत कराया।

# नदेहरा में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**अवधानामा संवाददाता**

- **मनरेगा कार्य स्थलों पर मजदूरों को दिलाई शपथ**
- **रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से किया जागरूक**
- **सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो**

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम नदेहरा में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, छानी बुजुर्ग, छानी खुर्द, धनपुरा व खड़ेहीजार में मनरेगा कार्य स्थलों पर डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मजदूरों को वोट डालने की शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर शनिवार को नदेहरा गांव में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। इसके बाद चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, छानी बुजुर्ग, छानी खुर्द, धनपुरा व खड़ेहीजार में मनरेगा कार्य स्थलों में पहुंचकर मजदूरों को जागरूक करते हुए मतदान के लिए शपथ दिलाई। वहीं मवई जार में परिषदीय विद्यालय में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और हाथों में मतदान से संबंधित स्लोगन लिखकर जागरूक किया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर बुजुर्ग मतदाताओ को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर भ्रमण कर जागरूक किया। इसके साथ वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल, जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता। वोट डालने जाना है, बीस मई को जाना है। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं के नारे लगाए। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इस मौके पर एडीओ आइएसबी जगदंबा प्रसाद, एपीओ मनरेगा विकास चन्द्र, सचिव सोनाली सचान, सहित एएनएम, ग्रामीण व आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रहीं।

# सीएमओ ने निजी अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

**सीएमओ के निरीक्षण की खबर से शटर गिरा भागे झोलाछाप डाक्टर**



**अवधानामा संवाददाता।**

**मौदहा हमीरपुर।** जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था चाहे वह सरकारी हो या निजि बदहाल है सरकारी अस्पतालों में बाहर की महंगी दवाओं और जांच के कमीशन से बचने के लिए लोग हर मोहल्ले और गली में बैठे झोलाछापों के यहां इलाज करवाने जाते जिस की खबरे अक्सर समाचारों में छपती रहती है विशेष कर जिले में दर्जनों अवैध पैथोलॉजी खुलेआम चल रही हैं जिन पर कोई कार्रवाई नहीं होती लेकिन आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुबह निरीक्षण को निकले तो आधा दर्जन निजी अस्पतालों एवं क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया फिर क्या कमियों का अंबार मिला जिस पर कार्रवाई के निर्देश दे डाले।

शनिवार को सुबह मौदहा कस्बा पहुंचे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ गीतम सिंह ने नगर सहित क्षेत्र की आधा दर्जन प्राइवेट अस्पतालो एवं क्लीनिकों का औचक निरीक्षण किया। वहीं अस्पतालों में मिली कमियां को लेकर सीएमओ सख्त दिखाई दिए और कमियां मिलने पर कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी के निरीक्षण से नगर के दर्जनों झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया और अपनी अपनी अस्पतालों सहित पैथालॉजियो पर ताला लटकाकर रफूचक्कर हो गये।

## धूम्रपान की दुकानों बंद कराने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा हमीरपुर।** नगर में विद्यालयों के आसपास संचालित धूम्रपान की दुकानों पर नशे आदि का सेवन कराने की शिकायत करते हुए को श्री राम उत्सव सेवा समिति के नवयुवकों द्वारा उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर उन्हें बंद कराने की मांग की गई है। श्रीराम उत्सव सेवा समिति मौदहा के अभिषेक गुप्ता, नवनीत सिंह चौहान, आयुष निगम, ऋषभ आदि युवकों द्वारा कस्बे में विद्यालयों के आसपास संचालित धूम्रपान की दुकानो को बंद कराने के लिए उप जिला अधिकारी राजेश चंद्र को ज्ञापन सौंप कर जोरदार मांग की गई है। समिति के लोगों द्वारा बताया गया कि विद्यालयों के आसपास संचालित दुकानों में 10 वर्ष की आयु के ऊपर छात्र पहुंचकर धूम्रपान करते हैं व नशे का सेवन करते हैं दुकान के मालिक उनसे अतिरिक्त धन लेकर उन्हें गलत दिशा में जाने के लिए उनका सहयोग करते हैं जो छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए ठीक नहीं है।

# देश के मतदाता है भारत भाग्य विधाता है



**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** शनिवार SVàßàßP 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों में शामिल विकासखंड रॉबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत लोढ़ी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के विद्यार्थियों द्वारा मतदान संबंधित सुंदर चित्रकला व पेंटिंग बनाई गई ।

लोकसभा चुनाव में जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से सुंदर चित्रकला व पेंटिंग के माध्यम से लोढ़ी ग्राम में गतिमान रैली में सोनभद्र हमारी शान है,1 जून को मतदान है, उम्र 18 पूरी है मतदान देना जरूरी है,, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, जैसे नारों से जन जागरण का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में SVàßàßP नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी ने उपस्थित समस्त जनों को मतदान हेतु शपथ दिलाई एवं SVàßàßP नोडल शिक्षक अनिल पासवान द्वाराजनता को मतदान के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम मे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद एवं सरोज शर्मा सहित सहायक अध्यापक राजेश द्विवेदी, बीना रानी, प्रीति चक्रवाल, प्रिया घोष, प्रेमलता (अनुदेशक) शिक्षा मित्र सरिता देवी, अनीता देवी सहित पंचायती राज विभाग से श्याम बली, हीरामन, प्रभाकर सिंह,बृजेश कुमार, सुरेश कुमार, मालती,पुष्पा, नंदिनी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## एक के खिलाफ गैंगस्टर तथा 13 के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही

**भरुआ सुमेरपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सघन कार्रवाई चलाकर 13 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट तथा 68 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई के साथ एक के खिलाफ गैंगस्टर लगाया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के 13 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट तथा 68 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई है। एक अपराधी के खिलाफ गैंगस्टर लगाया गया है। इसके अलावा पांच लोगों को अवैध तमंचा तथा 26 लोगों को अवैध शराब बनाने व बिक्री करने पर पकड़कर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 470 लोगों को पाबंद किया गया है।

# सतीश व नीरज श्रीवास्तव को दी गई भावभीनी विदाई

**अवधानामा संवाददाता**



**सोनभद्र/अनपरा।** चित्रगुप्त महाराज की असीम अनुकम्पा से रेणुसागर के चित्रांश बंधुओं द्वारा एक नई परंपरा की शुरुआत की गयी। जिसके अंतर्गत जो भी व्यक्ति इस समाज का होगा वह रेणुसागर पवार प्लांट से सेवानिवृत या स्थानांतरण होगा, उस व्यक्ति का समाज द्वारा अभिनंदन करके भावभीनी विदाई दी जाएगी। इस नई परंपरा के अंतर्गत सर्व प्रथम सतीश श्रीवास्तव व नीरज श्रीवास्तव की भावभीनी विदाई समारोह करके प्रथा का श्रीगणेश किया गया।

इस अवसर पर सतीश श्रीवास्तव व नीरज श्रीवास्तव ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि आज के आयोजन के लिए हम आप सभी के आभारी है,इंसान जीवन भर कुछ न कुछ सीखता ही रहता है। मुझे इस कंपनी से बहुत कुछ सीखने को मिला। यहाँ काम के साथ-साथ जीवन मूल्यों के बारे मे भी सीखने को मिला। जो अब मेरे आगे के जीवन में भी मदद करेगा। यहाँ हम लोगो को ऐसा वातावरण दिया गया, जिसमें हमारा हर तरह से विकास हुआ। रेनू सागर पावर डिविजन के वरिष्ठ अधिकारी सहायक उपाध्यक्ष (कोल) मयंक श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन लोगो ने जो हम सभी पर अपनी प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी है। इनका नेतृत्व कौशल तथा उपलब्धियां हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत रहीं हैं उसके लिए हम उनके आभारी हैं। उनका जाना हमारे लिए बहुत दुखद है, लेकिन हमें विश्वास है कि वे भविष्य में हमें गौरवान्वित करेंगे। हम उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे हमेशा यहां बिताए अपने पल को याद रखेंगे। अंत में हम इनके स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। इस कार्यक्रम में कायस्थ समाज के कई वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस आयोजन को सफल बनाने में ओके श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव एवम अमित श्रीवास्तव की विशेष भूमिका रही हैं।

# लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार



**पैसा लेकर शादी करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश**

**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद अवैध महिला तस्करी व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में चुर्क में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की टीम मुखबिर की सूचना पर सपा कार्यालय लोढ़ी के पास से जनपद में बाहरी व्यक्तियों को शादी का झांसा देकर पैसा ले लेने तथा शादी करने वाली लड़की मौके से भाग जाने वाले अन्तर्राज्यीय/ जनपदीय गिरोह के 04 नफर महिला व 02 नफर पुरुष को गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 304/24 धारा 386, 419, 420, 467, 468, 471, 495, 506,120 बी भादवि का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.नीरज सिंह पुत्र यादुवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम डोमरिया, थाना रामपुर बरकोनिया, सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष।

2.सरोज हरिजन पुत्र स्व0 नन्दू निवासी ग्राम डोमरिया, थाना रामपुर बरकोनिया, सोनभद्र उम्र करीब 28 वर्ष।

3.फूलगेना साकेत उर्फ रानी पुत्री मुन्शीलाल साकेत निवासी लमसरई, थाना गढवा, जनपद सिंगरौली म0प्र0 उम्र 25 वर्ष।

4.गिरजा कुमारी साकेत पुत्री मुन्नीलाल साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी लमसरई, थाना गढवा, जनपद सिंगरौली म0प्र0।

# इन्सानियत को शर्मसार करने वाली घटना का विडियो वायरल

- **तीन हजार रुपए दिए तब बालक का शव वाहन से मिला**
- **वायरल हो रहा वीडियो, सीएमओ ने दिए जांच के**



**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर** जिले में राठ सीएचसी में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। सीएचसी के शव वाहन से बालक का शव लेकर गांव भेजने गए कर्मियों ने शव को उतारने के एवज में परिजनों से तीन हजार रूपए की वसूली की। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। दैनिक परिधि समाचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सीएमओ ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। राठ कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव निवासी कल्लू ने बताया 18 अप्रैल को बेटे सागर की शादी थी। कार्यक्रम में आए रिश्तेदार महोबा जिले के महोबकंठ थाने के परा बारी गांव निवासी बालचंद्र के पुत्र हिमांशु (14) की 19 अप्रैल को तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। 20 अप्रैल को पोस्टमार्टम होने के बाद सीएचसी के शव वाहन से शव को परा बारी गांव ले गए।यहां वाहन चालक व उसके साथी ने तीन हजार रुपये की मांग की। जब रुपये ले लिए तभी शव को वाहन से उतारने दिया। अवैध वसूली का वीडियो भी उनके पास है। ऑनलाइन डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। सीएमओ डॉ. गीतम सिंह ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी, जो रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है।सीएचसी में डॉक्टरी परीक्षण में अवैध वसूली का खेल

राठ सीएचसी में डॉक्टरी परीक्षण में रिश्वतखोरी के खेल का मामला सामने आया है। रिपोर्ट में गंभीर चोटें दिखाने के नाम पर मारपीट में घायल से पांच हजार रुपये वसूले गए। गंभीर मामला नहीं बना तो घायल ने जमकर हंगामा किया। रुपये वापस कर उसे शांत करा दिया। सीएचसी में प्रसव के नाम पर अवैध वसूली, बाहरी दवाएं लिखने के मामले सामने आते रहते हैं। शुक्रवार को डॉक्टरी परीक्षण में हो रहे खेल का खुलासा हुआ।

## मतदान हेतु जारी नामांकन प्रक्रिया को लेकर डीएम ने दी जानकारी

**हमीरपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने जनपद के समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को सूचित करते हुए बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 47 हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण में मतदान हेतु नामांकन प्रक्रिया चल रही,जिसके क्रम में उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना व नामांकन प्रारंभ की तिथि 26 अप्रैल नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 03. मई नाम निर्देशन की जांच हेतु दिनांक 04. मई, नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 06 मई मतदान का दिनांक 20 मई, मतगणना का दिनांक 04 जून है।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने सहयोग का रचा पुनः इतिहास

**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सहयोग अलर्ट 51 में प्रत्येक नामिनी को सिर्फ ?25 में सीधे खाते में मिले 56 लाख। कुल 7 परिवारों को उनके सीधे खाते में प्राप्त हुए 3 करोड़ 96 लाख रुपए से अधिक की धनराशि।

प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी अरुण सिंह ने अधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि युगपुरुष, महान विचारक, यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद, प्रदेश महामंत्री सुधेश पाण्डेय, प्रदेश प्रबंधक महेन्द्र वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक द्वारा स्थापित,मदद का अभूतपूर्व व अकल्पनीय अध्याय लिखती जा रही टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश में अब तक 169 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को- **शिक्षकों का शिक्षकों के लिए शिक्षकों द्वारा सहयोग-** प्लेटफार्म के माध्यम से सीधे उनके खाते में ? 53 करोड़ से अधिक की आर्थिक सहायता 3 वर्ष 9 माह के अल्प समय में मुहैया करा चुकी है। ञ्जस्ष्ठञ्ज ने सहयोग अलर्ट - 51 में लगभग 3 करोड़ 96 लाख से अधिक की सहायता पहुंचा कर अब तक के सहयोग के सभी रिकॉर्ड को तोड दिया है।



जिला सहसंयोजक सोनभद्र प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि चोपन ब्लाक की दिवंगत शिक्षिका हुशनारा बानो की दोनों अनाथ बेटियों को 58 लाख से अधिक का सहयोग किया गया है

जिला सहसंयोजक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी सक्रिय सदस्य, ब्लॉक टीम, जिला टीम, प्रांतीय आईटी सेल, प्रांतीय टीम, बेसिक व माध्यमिक के समस्त शिक्षक /शिक्षिकाओं,डायट प्रवक्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी गण, उच्च शिक्षा के प्रवक्ता गण, क्लर्क,अनुचर वर्ग, शिक्षामित्र और अनुदेशक साथियों का आभार व्यक्त किया।

प्रवीण सिंह, ओमशंकर नारायण शर्मा, रामेश्वर सोनी, वकील अहमद खान,कौशर जहां सिद्दकी, अखिलेश गुंजन, राजकुमार मौर्य, रविन्द्र चौधरी, गायत्री त्रिपाठी, जेबा अफरोज,संजय सिंह,चंदन शर्मा, शैलेंद्र सिंह, गुंजन, जयश्री विश्वकर्मा, कमलनारायण सिंह, अनुपम दूबे, विवेक पाण्डेय, समशेर बहादुर सिंह, कौशल कुमार पाण्डेय, सुनीलकांत माथुर व अरविंद शर्मा ने समस्त शिक्षकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

**निम्न शब्दों से स्व0हुस्नारा बानो की बेटी ने समस्त टीम का आभार व्यक्त किया-** मैं गौसिया बानो टी एस सी टी संस्थापक अध्यक्ष विवेकानंद, प्रदेश महामंत्री सुधेश पाण्डेय, प्रदेश प्रबंधक महेंद्र वर्मा,प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक, प्रान्तीय आईटी सेल प्रभारी अरुण सिंह कुशवाहा, जिला सहसंयोजक प्रवीण द्विवेदी, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, ओम शंकर नारायण शर्मा के साथ साथ समस्त टी एस सी टी परिवार उत्तर प्रदेश को तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि आप सभी ने हम दोनों बहनों का सहयोग करके आर्थिक संबल प्रदान किया। साथ ही आप सभी से हार्दिक अपील करती हूं कि आप सभी इस पवित्र मुहिम से अधिक से अधिक संख्या में जुड़े।

# देश को धोखा देने के लिए हुआ कांग्रेस व सपा का गठबंधन: योगी

## इटावा से प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया के पक्ष में मुख्यमंत्री ने की जनसभा

अवधनामा ब्यूरो

- बच्चे ने प्रकट किए मनोभाव, बाबा जी तुम अपराधी ठोको, हम वोट ठोकेंगे: सीएम योगी
- मोदी जी ने 10 वर्ष में जो कार्य किए, कांग्रेस 65-70 वर्ष में भी नहीं कर पाई



**औरैया/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा के समय गरीब भूखों मरता था। सपा के लोग वसूली करते थे। माफिया सत्ता पर हावी होकर गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। इनके पास गरीबों को देने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन सपा ने आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का कार्य किया था। गरीब भूखों मरता था और यह लोग आतंकियों को बिरयानी खिलाते थे। कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को औरैया के जनता महाविद्यालय, अजीतमल में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इटावा के सांसद व भाजपा उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया को फिर से 'दिल्ली' भेजने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने आमजन से पूछा कि आतंकवाद, नक्सलवाद का जनक कौन है। औरैया को विकास और एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज से किसने वंचित किया था। मोदी जी के नेतृत्व में नए-नए संस्थान खुल रहे हैं। कांग्रेस, सपा-बसपा ने कुल मिलाकर जितना कार्य नहीं किया, मोदी जी ने 10 वर्ष में उससे अधिक कार्य कर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को भी गिनाया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जातियों के हकों पर डकैती डालने का कार्य कर रहे हैं। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस कह रही है कि पिछड़ी जाति को मिलने वाले 27 फीसदी आरक्षण में मुसलमानों को भी शामिल कर उन्हें लाभ देंगे। बाबा साहेब आंबेडकर ने विरोध किया था कि धार्मिक आधार पर देश में आरक्षण नहीं हो सकता, लेकिन यह लोग धार्मिक आधार पर समाज को बांटकर देश के विभाजन की नींव रखना चाहते हैं। यह लोग अनुसूचित जाति के अधिकारों पर कुठाराघात करना चाहते हैं। यूपीए सरकार के समय ऐसे प्रयास प्रारंभ हुए थे। भाजपा ने विरोध करते हुए कहा था कि अनुसूचित जाति, जनजाति को संविधान प्रदत्त अधिकार मिलने से कोई वंचित करेगा तो भीषण आंदोलन करेंगे। भाजपा ने आंदोलन भी किया था।

यूं तो बच्चों को वोट देने का अधिकार नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी की औरैया रैली में बच्चों ने भी अपने मनोभाव प्रकट किए। एक बच्चा तख्ती लेकर पहुंचा और लहराया। तख्ती पर लिखा था बाबा जी तुम अपराधी ठोको, हम वोट ठोकेंगे। मासूम के यह मनोभाव बताते हैं कि माफिया के हौसले पस्त और योगीराज में आमजन मस्त है।

### बसपा सुप्रीमो की चुनावी जनसभा मुरैना में आज

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी.) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद मायावती, देश में 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आमचुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में देश भर में की जाने वाली जनसभाओं के क्रम में कल दिनांक 28 अप्रैल सन् 2024, दिन रविवार को मध्य प्रदेश के मुरैना ज़िला में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बहन मायावती जी की यह चुनावी जनसभा मुरैना ज़िला के मेला मैदान में आयोजित की गयी है। उल्लेखनीय है कि देश में 'बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय' के व्यापक हित व कल्याण के मद्देनजर ही बी.एस.पी., इस लोकसभा आमचुनाव में किसी भी, पार्टी अथवा गठबन्धन आदि से कोई तालमेल या समझौता किये बिना ही पूरे देश में अपनी पार्टी के लोगों के ही तन, मन, धन के बल पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ अकेले यह संसदीय आमचुनाव लड़ रही है।

# पोस्टमार्टम में नहीं खोला जाएगा सिर

- स्कैनर से होगा काम, इसी तकनीक से हुआ राजू श्रीवास्तव का पोस्टमार्टम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** केजीएमयू में ऐसी तैयारी चल रही है कि मोर्चरी में हर शव का सिर न खोलना पड़े। सिर पर चोट न होने पर महज स्कैनर से ही काम चल जाए। पोस्टमार्टम हाउस के नए भवन में इसकी प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है।

किसी भी असामान्य मौत के मामले में शव का पोस्टमार्टम कानूनी प्रक्रिया है। इसमें डॉक्टर पूरा शरीर खोलते हैं। सिर भी अलग कर मौत के कारणों की पड़ताल की जाती है। कई बार मौत का कारण लगभग साफ होता है पर पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया करनी पड़ती है। चीर-फाड़ से शव की स्थिति खराब होती है। इस वजह से कई बार मृतक के घरवाले पोस्टमार्टम से परहेज करते हैं। इसके विकल्प के रूप में स्कैनर की व्यवस्था होती है।

शरीर पर किसी प्रकार की चोट न होने पर शव को स्कैन किया जाता है। जरूरत पड़ने पर ही सिर या अन्य अंग को खोला जाता है। केजीएमयू में बनाए गए नए मोर्चरी भवन में आधुनिक तरीके से पोस्टमार्टम की योजना बनाई गई है। इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है।

**राजू श्रीवास्तव की कार्डियक अरेस्ट से हुई थी मौत**

मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का पोस्टमार्टम भी इसी तकनीक से दिल्ली के एम्स अस्पताल में हुआ था। इसमें बिना किसी चीर-फाड़ के सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन और स्कैनर से कुछ समय में ही उनका पोस्टमार्टम हो गया था। उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुई थी।

# पंजाबी गाने पर युवती का असलहा लिए वीडियो वायरल

अवधनामा ब्यूरो



- लखनऊ पुलिस के अकाउंट पर किया टैग

**लखनऊ।** सोशल मीडिया में पंजाबी गाने पर युवती का हाथ में असलहा लिए वीडियो वायरल हुआ। इसका संज्ञान लेते ही पुलिस जांच में जुट गई। हालांकि, अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। लखनऊ पुलिस के एक्स अकाउंट पर शुक्रवार को एक वीडियो टैग किया गया। वीडियो सुशांत गोल्फ सिटी इलाके का बताया जा रहा है, जिसमें सफेद रंग का सूट पहने युवती हाथ में असलहा लेकर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के गाने पर रील बना रही है।इंस्पेक्टर अंजनी मिश्र के मुताबिक फुटेज में दो कारें भी नजर आ रही हैं। कारों के नंबर के आधार पर युवती के बारे में जानकारी की जा रही है।



आईएएस सैयद अदील मोहसिन का अवधनामा ऑफिस में स्वागत हुआ उन्होंने इस अवसर पर कामयाबी के टिप्स बताए

# ट्रेन की एसी बोगी बनी स्वीमिंग पूल, सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस की छत से टपकता रहा पानी

अवधनामा ब्यूरो

- काठगोदाम एक्स. की बोगी में भी भरा पानी

**लखनऊ।** सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस की एसी बोगी छत से टपकते पानी से स्वीमिंग पूल सी बन गई। यात्रियों की शिकायत पर समस्या दूर कराई गई। मामले में रेलकर्मी को चार्जशीट दी गई है। बीते दिनों गोरखपुर से आनंदविहार जा रही हमसफर एक्सप्रेस की एसी बोगी में छत से पानी टपकने का वीडियो वायरल होने से रेलवे की किरकिरी हुई थी। अब नए मामले ने और फजीहत करा दी है। ट्रेन 12590 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस के थर्ड एसी (बी-8) की सीट 12, 23 पर सफर करने वालों ने रेलवे के सोशल मीडिया अकाउंट पर शिकायत दर्ज कराई कि पूरी बोगी में पानी भर गया है। देखते ही देखते इसका वीडियो वायरल हो गया। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत मरम्मत करवाई। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पानी की पाइपों का कनेक्शन टूट गया था। इसके लिए जिम्मेदारी रेलकर्मी को चार्जशीट भी दी गई है। काठगोदाम से लखनऊ आ रही ट्रेन 15044 काठगोदाम-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस की सेकेंड एसी बोगी ए-1 के शौचालय का नल खराब हो गया। इससे पूरी बोगी में पानी भर गया। यात्रियों की शिकायत पर समस्या दूर की गई।

# अवैध निर्माणों पर एलडीए ने चलाया अभियान

- बैंक्वेट हॉल, रो-हाउसेस भवनों व व्यवसायिक इमारतों को सील किया गया

अवधनामा ब्यूरो






**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शनिवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से बनाए बैंक्वेट हॉल, रो-हाउसेस भवनों व व्यवसायिक इमारतों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि कुसुम लता सिंह की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर के हिन्द नगर में भूखण्ड संख्या 422/एफ पर लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल में क्वीन्स पैलेस नाम से होटल/बैंक्वेट हॉल का निर्माण कराया गया था। वहीं रजनीश सिंह व अन्य की ओर से नीलमथा के रामसेवक पुरम में हरिहरपुर नाले के पास लगभग 1200-1200 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्डों पर 2 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा नेहा चावला की ओर से कानपुर रोड योजना के सेक्टर-एच में भूखण्ड संख्या सी-2/138 पर लगभग 280 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। अवैध रूप से किये जा रहे इन निर्माण कार्यों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। शनिवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय और प्रमोद कुमार पाण्डेय ने सीलिंग की कार्रवाई कराई। सैरपुर में 13 रो-हाउसेस भवन सील प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि हाजी नफीस व अन्य की ओर से सैरपुर थाना क्षेत्र में आईएमएम रोड तिराहा के पास ग्राम नरहरपुर मथुरा में 13 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं चारू गोयल व अन्य की ओर से सीतापुर रोड योजना के सेक्टर-डी में स्वीकृत मानचित्र के उलट 200-200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के दो भूखण्डों पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा किशन सिंह बिष्ट व अन्य की ओर से अलीगंज के सेक्टर-एम में स्वीकृत मानचित्र के उलट व्यवसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इन सभी अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे, जिस पर शनिवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली व राकेश कुमार ने सीलिंग की कार्रवाई कराई। चौक में व्यवसायिक इमारत सील चौक में विक्टोरिया स्ट्रीट पर नेशनल हॉस्पिटल के सामने मेराज अहमद की ओर से लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से चार मंजिला व्यवसायिक इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय के सीलिंग के आदेश पर प्रवर्तन जोन-7 के सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता विपिन बिहारी राय ने निर्माणाधीन इमारत को सील कराया।

### राजनाथ सिंह कल करेंगे नामांकन

**लखनऊ।** संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। प्रदेश मुख्यालय के समक्ष सुबह 9 बजे सभी लोग एकत्रित होंगे। सुबह 10 बजे राजनाथ सिंह पार्टी रथ पर वरिष्ठ नेताओं के साथ कलक्ट्रेट रवाना होंगे। प्रदेश कार्यालय से शुभारंभ से लेकर पूरे रास्ते विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़े, शंखनाद के साथ स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। नामांकन की तैयारी के तहत हलवासिया कोर्ट में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सांसद रमापति राम शास्त्री, लोकसभा संयोजक व एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि ने कार्ययोजना बनाई।



### सुप्रीम लीडर, रहबरे मोअज़्ज़म आयतुल्लाह खोमैनी के अपमान से भड़का शिया समुदाय



**लखनऊ।** विख्यात धर्मगुरु एवं ईरान के सुप्रीम लीडर, रहबरे मोअज़्ज़म आयतुल्लाह खोमैनी के अपमान से भड़का शिया समुदाय दिल्ली के प्रकाशक कनेक्ट बुक लिमिटेड एवं अक्यूबर बुक इंटरनेशनल ने कक्षा 6 के छात्रों के लिए प्रकाशित पुस्तक में आयतुल्लाह खोमैनी के संबंध में की अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी। शिया समाज के वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद हैदर ने प्रकाशक और केंद्र सरकार को जारी किया विधिक नोटिस। नोटिस के माध्यम से प्रकाशक से माफी मांगने और मानहानिजनक प्रकाशन को खंडित करने के दिये निर्देश। नोटिस प्राप्त होने पर प्रकाशक के छूटे पसीने , मांगी माफी और अवैध प्रकाशन को खण्डित किये जाने का दिया आश्वासन। अपने जनहित के कार्यों से लगातार चर्चा में बने रहते हैं अधिवक्ता मोहम्मद हैदर।

# अंशू अवस्थी कांग्रेस मीडिया स्ट्रेटजिक कमेटी का कोआर्डिनेटर नियुक्त

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी को प्रदेश कांग्रेस मीडिया स्ट्रेटजिक कमेटी का कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। मीडिया स्ट्रेटजिक कमेटी का कोआर्डिनेटर नियुक्त किये जाने पर अंशू अवस्थी ने नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय का आभार व्यक्त करते हुए पूरी निष्ठा व कर्मठता से काम करने का भरोसा दिलाया है। श्री अवस्थी वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता हैं और मजबूती और बेबाकी से कांग्रेस का पक्ष रखते हैं। हाल ही में श्री अवस्थी ने अग्निवीरों को लेकर कहा था कि भाजपा सरकार में 22 साल के नौजवान रिटायर कर घर भेजे जा रहे हैं और 73 साल के बुजुर्ग एक और मौका मांग रहे हैं। श्री अवस्थी कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी के कार्यकाल में डिजिटल मीडिया कोआर्डिनेटर थे। इससे पहले वे छात्र संगठन एनएसयूआई, युवा कांग्रेस में विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं। श्री अवस्थी को मीडिया स्ट्रेटजी कमेटी का कोआर्डिनेटर नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### योगी के विवादित बयान को कांग्रेस ने बताया आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कांग्रेस के खास वर्ग को गाय काटने की आजादी देने का भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने इसे इसे निरर्थक और निराधार बताते हुए आदर्श चुनाव आचार संहितका का उल्लंघन बताया है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि पिछले 10 सालों में बीफ का कारोबार और विदेश व्यापार बढ़ गया। यहां तक कि भाजपा के कुछ नेता भी इसमें प्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की शक्ति से उजागर चुनावी बॉण्ड की जानकारी से पता चला है कि भाजपा ने बीफ कारोबार करने वाली कम्पनियों से कितना चन्दा वसूला है। शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए डॉ. राय ने कहा कि बीते दो चरणों के मतदान में अपनी बुरी तरह हार से घबराए भाजपा नेताओं में बौखलाहट है। उसी वजह से भाजपा के छोटे से बड़े नेता निम्न स्तर की झूठी और भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा नेताओं को यह बयानबाजी आगे काफी भारी पडने वाली है और इस चुनाव में भाजपा बुरी तरह से हार रही है। डॉ. राय ने कहा कि कम मतदान में पता लग गया है कि पिछले चुनाव में भाजपा का समर्थन करने वाले लोग भाजपा के शासन से निराश होकर मतदान करने नहीं निकले। वहीं कांग्रेस के न्याय पत्र, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और जननेता राहुल गांधी के वादे पर विश्वास करते हुए लोगों ने मतदान किया। कांग्रेस का न्याय पत्र बेरोजगारों का सहारा है, गरीब महिलाओं को लखपति बनाने का संकल्प, किसानों की कर्जमाफी और छात्रों के शैक्षणिक लोन माफी की गारण्टी है। वार्ता के दौरान आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की मीडिया कोआर्डिनेटर चित्रा बाथम, प्रदेश प्रवक्ता पुनीत पाठक, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

## प्रवास कार्यक्रम

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह

**लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार 28 अप्रैल को कासगंज, मैनपुरी, इटावा और कानपुर के प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दोपहर 12:15 बजे बारह पत्थर मैदान, कासगंज में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें तथा दोपहर 01:50 बजे डी.पी.एस. पब्लिक स्कूल मैदान, किशनी, मैंनपुरी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेगे। इसके पश्चात् दोपहर 3:20 बजे नुमाइश ग्राउण्ड, इटावा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें और सायं 05 बजे विजय इंटरकाटिनेंटल, तिलकनगर, कानपुर में आयोजित संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार, 28 अप्रैल को बरेली, बदायूं व एटा के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 12:05 बजे सुभाष इंटर कॉलेज का ग्राउंड, आंवला, बरेली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 01:30 बजे रंजना हास्पिटल के सामने मैदान, मुजरिया तिराहा, बिल्सी, बदायूं में जनसभा को सम्बोधित करेंगें। इसके पश्चात दोपहर 03:05 बजे एमजीएम इंटर कॉलेज, जलेसर, एटा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी रविवार 28 अप्रैल को कासगंज, मैनपुरी, इटावा और कानपुर के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ दोपहर 12:15 बजे बारह पत्थर मैदान, कासगंज में आयोजित जनसभा तथा दोपहर 01:50 बजे डी.पी.एस. पब्लिक स्कूल मैदान, किशनी, मैंनपुरी में आयोजित जनसभा में सम्मिलित रहेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 3:20 बजे नुमाइश ग्राउण्ड, इटावा में आयोजित जनसभा और सायं 05 बजे विजय इंटरकाटिनेंटल, तिलकनगर, कानपुर में आयोजित संगठनात्मक बैठक में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ उपस्थित रहेंगे।

### प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह रविवार 28 अप्रैल को कानपुर के प्रवास पर रहेगें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ सायं 05 बजे विजय इंटर काटिनेंटल, तिलकनगर, कानपुर में आयोजित संगठनात्मक बैठक में सम्मिलित रहेंगे ।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार 28 अप्रैल को बांदा तथा फतेहपुर के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 12 बजे आदर्श इण्टर कालेज बिसंडा, बांदा, में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01:30 बजे नवीन रिसार्ट, अभय प्रताप डिग्री कालेज के पीछे, बिन्दकी, फतेहपुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रविवार 28 अप्रैल को कौशाम्बी के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दोपहर 01 बजे हीरालाल गेस्ट हाउस पश्चिम सरीरा, मंझनपुर, कौशाम्बी में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 03 बजे भाजपा विधानसभा कार्यालय के पीछे, सिराथू, कौशाम्बी में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रविवार 28 अप्रैल को अयोध्या व गोण्डा के प्रवास पर रहेगें। स्वतंत्र देव सिंह सुबह 11 बजे श्रीराम सिंह मेमोरियल एजूकेशन एकेडमी उत्तर माध्यमिक विद्यालय, अयोध्या में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 02 बजे गांधी विद्यालय, नवाबगंज इण्टर कॉलेज, मनकापुर, गोण्डा में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### प्रदेश सहप्रभारी संजय भाटिया

**लखनऊ।** प्रदेश सहप्रभारी संजय भाटिया रविवार, 28 अप्रैल को वाराणसी के प्रवास पर रहेगें। संजय भाटिया सुबह 10 बजे क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी में आयोजित संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

### मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु रविवार 28 अप्रैल को प्रतापगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु सुबह 10 बजे लक्ष्मी गेस्ट हाउस डेरवा नगर पंचायत से पहले, बाबागंज, प्रतापगढ़ तथा दोपहर 02 बजे सनराइज गेस्ट हाउस, मानीकरपुर, कुण्डा बाजार, प्रतापगढ़ में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करेंगे।

### मंत्री गिरीश यादव

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश यादव रविवार 28 अप्रैल को गाजीपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश यादव दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय, गाजीपुर में आयोजित सोशल मीडिया वालेंटियर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री डॉ0 योगेन्द्र उपाध्याय

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ0 योगेन्द्र उपाध्याय रविवार 28 अप्रैल को फिरोजाबाद के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ0 योगेन्द्र उपाध्याय सुबह 10 बजे किंडर्स कार्नर स्कूल, फिरोजाबाद में प्रबंधक-प्रधानाचार्य बैठक को संबोधित करेंगे।

### मंत्री डॉ0 अरूण सक्सेना

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ0 अरूण सक्सेना रविवार 28 अप्रैल को बदायूं के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ0 अरूण सक्सेना सायं 04 बजे बदायूं जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित चिकित्सक बैठक को संबोधित करेंगे।

### मंत्री नंद गोपाल नंदी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी रविवार 28 अप्रैल को मैनपुरी के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी दोपहर 12 बजे आर्य समाज मंदिर स्टेशन रोड, मैनपुर में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री दिनेश खटीक

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश खटीक रविवार 28 अप्रैल को सम्भल के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश खटीक सम्भल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

### मंत्री असीम अरूण

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरूण रविवार 28 अप्रैल को हाथरस व बरेली के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री श्री असीम अरूण सुबह 10 बजे हाथरस में जनसम्पर्क करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे मार्डन ब्रिज, बरेली में आयोजित अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री अनिल कुमार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार रविवार 28 अप्रैल को एटा के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार एटा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

### मंत्री बेबीरानी मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार मंत्री बेबीरानी मौर्य रविवार 28 अप्रैल को बदायूं व फर्रूखाबाद के प्रवास पर रहेंगी। बेबीरानी मौर्य सुबह 10 बजे बदायूं में जनसम्पर्क करेंगी। इसके पश्चात दोपहर 03 बजे नारायण आश्रम, फर्रूखाबाद में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगी।

### नरेन्द्र कश्यम/श्री संजय गंगवार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री श्री नरेन्द्र कश्यप व श्री संजय गंगवार रविवार 28 अप्रैल को बदायूं के प्रवास पर रहेंगे।